# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 23 अप्रैल 2026





## टीएमसी का दावा, आयोग का इंकार

# नंदीग्राम में केंद्रीय बलों ने किया लोगों पर हमला!

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि पूर्वी मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में केंद्रीय बलों के जवानों ने स्थानीय लोगों



पर अत्यधिक बल का प्रयोग किया। हालांकि, निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि शिकायत की जांच की गई, लेकिन ऐसी कोई घटना सामने नहीं आई। तृणमूल ने आरोप लगाया कि निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए तैनात सीआरपीएफ कर्मियों ने 21 अप्रैल को बिना किसी उकसावे के स्थानीय लोगों पर हमला करके 'अपने पद का घोर दुरुपयोग' किया, जिसके परिणामस्वरूप लोगों को चोटें आईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पार्टी ने शिकायत के साथ घायल व्यक्तियों की कथित तस्वीरें भी जमा कीं।

### शुभेंदु का गढ़ है यह

नंदीग्राम में 23 अप्रैल को मतदान होगा, जहां से विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं। तृणमूल ने इस सीट से पबित्रा कर को उम्मीदवार बनाया है। तृणमूल ने आरोप लगाया कि नंदीग्राम में केंद्रीय बलों की कार्रवाई निर्वाचन आयोग के चुनाव के दौरान बल तैनाती संबंधी नियमावली के प्रावधानों का 'प्रत्यक्ष और घोर उल्लंघन' है। शिकायत में कहा गया है, 'शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए तैनात बल ही आक्रामक हो गए हैं, जिससे चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास कम हो रहा है।'

### शुभेंदु पर आचार संहिता उल्लंघन का भी आरोप

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया और इस सिलसिले में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराई। चुनाव प्राधिकारियों को लिखे पत्र में तृणमूल ने आरोप लगाया कि नंदीग्राम और भबानीपुर विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे और भाजपा के 'स्टार प्रचारक' शुभेंदु अधिकारी ने 20 अप्रैल को दक्षिण 24 परगना के सोनाखाली हाई स्कूल मैदान में पार्टी उम्मीदवार तपन दत्ता के समर्थन में समय सीमा का उल्लंघन करते हुए एक जनसभा आयोजित की।

## विधानसभा चुनाव

पश्चिम बंगाल में पहले चरण व तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर आज होगा मतदान

# बंगाल में शुभेंदु, अधीर, दिलीप की दांव पर प्रतिष्ठा तमिलनाडु में स्टालिन के भाग्य का होगा फैसला

*पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का पहला अध्याय कल यानी 23 अप्रैल को लिखा जाएगा। प्रथम चरण के तहत 152 सीटों पर होने वाला यह मतदान तय करेगा कि 2026 में राइटर्स बिल्डिंग (नबन्ना) की चाबी किसके पास होगी। प्रथम चरण में कई हाई प्रोफाइल नेताओं के भाग्य का फैसला होगा। इधर, तमिलनाडु की सभी 234 विधानसभा सीट पर भी 23 अप्रैल को मतदान है। यहां डीएमके चीफ व मौजूदा सीएम एमके स्टालिन लगातार दूसरी बार सत्ता हासिल करने की जंग लड़ रहे हैं। बीजेपी के परिसीमन विधेयक के खिलाफ डीएमके ने अलग ही सियासी माहौल बना दिया है तो बीजेपी महिला आरक्षण को लेकर राजनीतिक एजेंडा सेट कर रही। स्टालिन के लिए सत्ता विरोधी लहर से निपटना चुनौती है, लेकिन जाति और जमीनी स्तर पर चुनावी समीकरण से माहौल को बदलने की कवायद में है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बंगाल में पहले चरण की इन 152 सीटों पर 2021 के चुनाव परिणामों को देखें तो मुकाबला बेहद दिलचस्प रहा था। उत्तर बंगाल भाजपा का गढ़ रहा है। साल 2021 में बीजेपी ने यहां की 54 में से 30 से अधिक सीटें जीतकर टीएमसी को बड़ा झटका दिया था। दार्जिलिंग और अलीपुरद्वार में बीजेपी का क्लीन स्वीप जैसा माहौल था। मालदा और मुर्शिदाबाद जैसे जिलों में हालांकि टीएमसी ने 2021 में जबरदस्त प्रदर्शन किया था। इस बार ममता बनर्जी का लक्ष्य उत्तर बंगाल में सेंध लगाना और जंगलमहल में अपना खोया हुआ जनाधार वापस पाना है।

**100% बूथों पर होगी वेबकास्टिंग, आयोग दिल्ली से भी देख सकेगा लाइव फुटेज**

**पश्चिम बंगाल में 2,407 कंपनियां लगभग 2.4 लाख जवान तैनात**



शुभेंदु अधिकारी



अधिरंजन चौधरी



दिलीप घोष



### तमिलनाडु में त्रिकोणीय संघर्ष के आसार

तमिलनाडु में एमके स्टालिन लगातार दूसरी बार सत्ता हासिल करने की जंग लड़ रहे हैं, जिसके लिए उन्होंने कांग्रेस ही नहीं बल्कि डीएमडीके जैसे दल के साथ भी हाथ मिला रखा है। इसके अलावा लेफ्ट और अन्य क्षेत्रीय दलों को साथ ले रखा है। स्टालिन अपनी कल्याणकारी योजनाओं और 'द्रविड़ पहचान' के दम पर सत्ता बचाने की कवायद में है। एआईडीएमके और भाजपा मिलकर ग्रामीण और पश्चिमी बेल्ट (कोंगु क्षेत्र)में सेंध लगाने की कोशिश में है, लेकिन विजय (टीवीके) और सीमान (एनटीके) जैसे खिलाड़ी उन 'न्यूट्रल' वोटर्स पर नजर गड़ाए हुए हैं जो पुराने द्रविड़ दलों से ऊब चुके हैं। विजय के पास जबरदस्त फैन फॉलोइंग है और उन्हें अच्छे वोट शेयर मिलने का पूरा भरोसा है। ऐतिहासिक रूप से, तमिलनाडु में डीएमके और एआईएडीएमके के बीच मुकाबला रहा है। यह कहना मुश्किल है कि विजय की पार्टी इसे बदल पाएगी या नहीं, लेकिन उनके प्रशंसक बहुत बड़ी संख्या में हैं।

### ये हैं हाई प्रोफाइल सीट

पिछले चुनाव में पूर्व मेदिनीपुर की नंदीग्राम सीट पर शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी को हराया था। इस बार फिर शुभेंदु की प्रतिष्ठा दांव पर है। इसके अलावा, मुख्य रूप से उत्तर बंगाल के कूचबिहार, अलीपुरद्वार, जलपाईगुड़ी, दार्जिलिंग, कालिम्पोंग और उत्तर-दक्षिण दिनाजपुर की कुल 54 सीटें हैं। जंगलमहल और मध्य बंगाल की मालदा, मुर्शिदाबाद, झाड़ग्राम, पश्चिम मेदिनीपुर और पूर्व मेदिनीपुर के साथ नंदीग्राम में वोट इसी चरण में डाले जाएंगे। इसके साथ बांकुरा, पुरुलिया, पश्चिम वर्धमान और बीरभूम के कुछ हिस्से में भी वोट डाले जाएंगे। इसके अलावा, पुरुलिया, बांकुरा, झाड़ग्राम, पश्चिम मेदिनीपुर, और बहरामपुर (अधीर रंजन चौधरी) की सीटें भी अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। मेदिनीपुर खड़गपुर सदर की विधानसभा सीट भी हाई प्रोफाइल है क्योंकि यहां से प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष फिर से चुनावी ताल ठोक रहे हैं।

### कांग्रेस पश्चिम बंगाल में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी : शाह

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पायेगी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का इस पार्टी से जुड़ाव उन्हें राजनीतिक रूप से और कमजोर करेगा। शाह ने न्यू बैरकपुर के निकट दमदम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी दावा किया कि कांग्रेस कई राज्यों में करारी हार की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा, 'मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि तमिलनाडु और पुडुचेरी में कांग्रेस दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पायेगी। पश्चिम बंगाल में तो आप अपना खाता भी नहीं खोल पाएंगे और असम में कांग्रेस को अब तक की सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ेगा।'



### राहुल की रैली को अनुमति नहीं टीएमसी पर भड़की कांग्रेस

**कोलकाता।** कांग्रेस ने पुलिस से अनुमति न मिलने के कारण राहुल गांधी की 23 अप्रैल को कोलकाता और श्रीरामपुर में होने वाली रैलियों को रद्द करने के एक दिन बाद बुधवार को पुलिस अधिकारियों से मंजूरी मिलने के बाद उन्हें 25 अप्रैल के लिए पुनर्निर्धारित कर दिया। पार्टी ने आरोप लगाया था कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के इशारे पर रैलियों की अनुमति नहीं दी गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभांकर सरकार ने दावा किया कि गांधी की हालिया रैलियों को मिली जोरदार प्रतिक्रिया से तृणमूल कांग्रेस और भाजपा दोनों 'घबरा' गई है। 'राहुल की पहली रैली कोलकाता के शहीद मीनार मैदान में और दूसरी रैली 25 अप्रैल को हुगली जिले के श्रीरामपुर में होगी।'



### भाजपा को जिताने के लिए काम कर रहे सीईसी : सिब्बल

**नयी दिल्ली।** पूर्व कानून मंत्री कपिल सिब्बल ने बुधवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जीत दिलाने के लिए उसके साथ मिलकर काम करने का आरोप लगाया और दावा किया कि वह 'राष्ट्रीय शर्म' बन चुके हैं। राज्यसभा सदस्य ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए सुरक्षा कर्मियों की बड़े पैमाने पर तैनाती को लेकर भी भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग पर हमला बोला। निर्दलीय सांसद ने कहा, 'चुनाव में पार्टियां लड़ती हैं, सरकार नहीं। यहां (बंगाल में) सरकार चुनाव लड़ रही है। गुजरात से 5,000 लोगों को विशेष ट्रेनों में पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा है।



## बंगाल में आयोग ने की 39 लाख लीटर शराब जब्त

# दोनों राज्यों में नोट और शराब की बारिश, हजार करोड़ का सामान जब्त



विधानसभा चुनावों की दहलीज पर खड़े तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चुनावी शुचिता को बनाए रखना चुनाव आयोग के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। मतदान से ठीक एक दिन पहले चुनाव आयोग ने चौंकाने वाले आंकड़े जारी किए हैं, जिसमें दोनों राज्यों से अब तक 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, शराब, ड्रग्स और मुफ्त उपहार जब्त किए गए हैं। आयोग की सख्त निगरानी और प्रवर्तन एजेंसियों की सक्रियता के कारण यह रिकॉर्ड बरामदगी हुई है। अकेले तमिलनाडु में 599.24 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है, जबकि पश्चिम बंगाल में यह आंकड़ा 472.89 करोड़ रुपये के करीब है। जब्ती में न केवल नकदी शामिल है, बल्कि भारी मात्रा में शराब, नशीली दवाएं (ड्रग्स) और कीमती धातुएं जैसे सोना-चांदी भी बरामद किए गए हैं।

### दोनों राज्यों के आंकड़े

अगर दोनों राज्यों के आंकड़ों पर गौर करें, तो तमिलनाडु में 100.19 करोड़ रुपये की नकदी और 159.31 करोड़ रुपये की कीमती धातुएं पकड़ी गई हैं। वहीं, पश्चिम बंगाल में 27.48 करोड़ रुपये नकद और करीब 102.45 करोड़ रुपये की शराब (लगभग 39 लाख लीटर) जब्त की गई है। बंगाल में नशीली दवाओं की जब्ती भी काफी अधिक रही है, जिसकी कीमत 108.11 करोड़ रुपये बताई गई है। दोनों ही राज्यों में सबसे बड़ा हिस्सा 'मुफ्त उपहार' का रहा है, जिनका इस्तेमाल मतदाताओं को लालच देने के लिए किया जाना था। तमिलनाडु में 259.14 करोड़ रुपये और बंगाल में 178.84 करोड़ रुपये के मुफ्त सामान बरामद हुए हैं।

# टीवीके पर ऑनलाइन राजनीतिक अभियान चलाने का लगा आरोप

**चेन्नई।** एक्टर विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के खिलाफ बुधवार को निर्वाचन आयोग में एक औपचारिक शिकायत दर्ज करायी गयी। ऑनलाइन प्रचार अभियान चलाए जाने के कथित प्रयास के लिए कार्रवाई का आग्रह और सोशल मीडिया मंचों से सामग्री को हटाने का अनुरोध करते हुए शिकायत दर्ज करायी गयी। चेन्नई के शिकायतकर्ताओं एल. देवासगयम और पी. आदिकेशवन ने तमिलनाडु की मुख्य निर्वाचन अधिकारी अर्चना पटनायक से इस मामले में उचित कानूनों को लागू करने और चुनावी गोपनीयता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ 23 अप्रैल को होने वाले चुनावों के दौरान अवैध गतिविधियों को रोकने का अनुरोध किया है। अलग-अलग शिकायतों में उन्होंने दावा किया कि प्रचार समाप्त होने के बाद भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू किए गए 'साइलेंट पीरियड' के दौरान टीवीके 22 अप्रैल को बड़े पैमाने पर ऑनलाइन राजनीतिक अभियान चलाने की योजना बना रहा था।

■ निर्वाचन आयोग से हस्तक्षेप की मांग

## जेन जेड सरकार के गृहमंत्री ने 26 दिन में दिया इस्तीफा

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

नेपाल के गृह मंत्री सुधन गुरुङ ने पदभार संभालने के महज 26 दिन बाद ही गृह मंत्रालय से इस्तीफा दे



दिया है। उन्होंने बुधवार को विवादास्पद कारोबारी दीपक भट्ट के साथ अपने व्यापारिक हिस्सेदारी को लेकर उठे विवाद के बाद इस्तीफा दिया। अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए एक फेसबुक पोस्ट में गुरुङ ने कहा कि उन्होंने सार्वजनिक आलोचना को गंभीरता से लिया और सार्वजनिक जीवन में नैतिक मानकों को बनाए रखने के लिए पद छोड़ने का विकल्प चुना।

## सबरीमाला विवाद

जस्टिस नागरत्ना ने की टिप्पणी

# 'हिंदू संप्रदाय एकजुट हों, एक-दूसरे के लिए मंदिरों का दरवाजा खोलें'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सबरीमाला विवाद से उपजे संवैधानिक सवालों पर सुनवाई कर रही संविधान पीठ की सदस्य जस्टिस बी वी नागरत्ना ने कहा कि हिंदू समाज को एकजुट होना चाहिए। हिंदू धर्म मे विभिन्न संप्रदायों के आधार पर मन्दिर में पूजा पाठ को लेकर भेदभाव नहीं होना चाहिए। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि आप यह नहीं कह सकते कि हम एक संप्रदाय से हैं और वे दूसरे संप्रदाय से हैं, इसलिए वे हमारे मंदिर में नहीं आ सकते और हम उनके मंदिर में नहीं जा सकते। यह हिंदू समाज का आईडिया नहीं हो सकता। उन्होंने आगे कहा कि अगर कोई हिंदू संप्रदाय दूसरे के लिए अपने मंदिरों के दरवाज़े नहीं खोलेंगे, तो अंत में नुकसान उसी संप्रदाय को ही होगा।



### सरकार चाहे तो कानून ला सकती है


इस पर सीनियर वकील राकेश द्विवेदी ने जवाब दिया कि अगर कोई संप्रदाय दूसरे संप्रदायों को को पूजा करने से रोकता है, तो सरकार चाहे तो सुधार के लिए कानून सकती है ताकि दूसरे संप्रदाय के लोगों को भी वहां पूजा का हक मिल सके। इस पर जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि **Article** 25(2)(**b**) को 1950 के दशक में इसलिए जोड़ा गया था, क्योंकि उस समय समाज में बहिष्कार जैसी सामाजिक बुराई बहुत ज्यादा थी।

### यह है मामला

सुप्रीम कोर्ट सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव और संविधान के तहत धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई कर रहा है। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता में नौ न्यायाधीशों की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। 28 सितंबर, 2018 को सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की पीठ ने 4:1 के बहुमत से महिला आगंतुकों पर आयु प्रतिबंध हटा दिया और केरल हिंदू सार्वजनिक पूजा स्थल नियम, 1965 के नियम 3 (**B**) को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया था, जो रीति-रिवाज के आधार पर महिलाओं को बाहर करने की अनुमति देता था।

## मालेगांव विस्फोट : चार आरोपी हुए बरी

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने 2006 के मालेगांव विस्फोट मामले में आरोपी चार लोगों को



बुधवार को बरी कर दिया और विशेष अदालत द्वारा उनके खिलाफ आरोप तय करने के आदेश को रद्द कर दिया। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की खंडपीठ ने चारों आरोपियों राजेंद्र चौधरी, धन सिंह, मनोहर राम सिंह नरवरिया और लोकेश शर्मा द्वारा विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ दायर अपीलों को मंजूर कर लिया। अदालत के विस्तृत आदेश की प्रति बाद में उपलब्ध कराई जाएगी।

# दिल्ली में आप नहीं लड़ेगी महापौर का चुनाव

एजेंसी ▶▶| नयी दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने से एक दिन पहले बुधवार को घोषणा की कि वह दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर का चुनाव नहीं लड़ेगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 250 सदस्यीय सदन में 123 पार्षद हैं जबकि आप के 101 पार्षद हैं। शेष सदस्य आम आदमी पार्टी से अलग हुए गुट - इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी और कांग्रेस के तथा निर्दलीय हैं। आम आदमी पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने एक बयान में कहा कि पार्टी ने महापौर चुनाव में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। पार्टी ने पिछले साल भी महापौर और उप महापौर का चुनाव नहीं लड़ा था। भारद्वाज ने कहा कि चुनाव में भाग नहीं लेकर आम आदमी पार्टी यह सुनिश्चित करेगी कि भाजपा एमसीडी में सत्ता में आए और अपनी विफलताओं के माध्यम से बेनकाब हो।




महिला विधेयक पर हुई थी रैली ट्रैफिक जाम से थी परेशान

# मुंबई में महिला ने बीजेपी मंत्री से कहा 'गेट आउट'

### रैली के चलते सड़कों पर भारी भीड़ घंटों जाम में फंसे रहे आम लोग

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई के वर्ली इलाके में मंगलवार को आम जनता का सब्र जवाब दे गया। एक राजनीतिक रैली के कारण भारी ट्रैफिक जाम लगने पर एक महिला यात्री भड़क उठी और सीधे महाराष्ट्र सरकार के मंत्री गिरीश महाजन और पुलिस अधिकारियों से भिड़ गई। यह घटना उस समय हुई जब सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महायुति गठबंधन के तहत विरोध मार्च आयोजित किया था। इसी दौरान सड़कों पर भारी भीड़ और जाम के कारण आम लोग घंटों फंसे रहे। बताया जा रहा है कि महिला अपने बच्चे को स्कूल से लेने जा रही थी, लेकिन लंबा जाम लगने के कारण वह कई घंटों तक रास्ते में ही अटकी रही। परेशान होकर वह अपनी गाड़ी से उतरी और सीधे मार्च के बीच पहुंचकर मंत्री से तीखी बहस करने लगी।



### 'गेट आउट ऑफ हियर'

वायरल वीडियो में महिला ने मंत्री को गेट आउट ऑफ हियर कहा। कहा कि आप ट्रैफिक जाम कर रहे हैं। उसने यह भी सवाल उठाया कि रैली पास के किसी खुले मैदान में क्यों नहीं की जा रही, ताकि लोगों को दिक्कत न हो। रैली में शामिल लोगों के सड़क से नहीं हटने पर महिला फिर से वापस आई और कहा, आपको समझ नहीं आ रहा है। महिला मंत्री से पूछती है कि व्हाट इज रॉन्ग विद यू। यहां पर सैंकड़ों लोग खड़े हुए हैं।

### पुलिस पर भी जताई नाराजगी

महिला ने मुंबई पुलिस पर भी नाराजगी जताई। जब पुलिसकर्मियों ने हस्तक्षेप करने की कोशिश की, तो उसने वरिष्ठ अधिकारियों से बात करने की मांग की और वहीं अपनी बात पर अड़ी रही. बाद में पुलिस उसे सड़क किनारे ले गई और उसकी शिकायत सुनने की कोशिश की।



हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

**10 साल में 2.5 लाख 'पाताल फोड़ बोर बढ़े**

**10 हजार तालाब और 76 हजार कुएं गायब, इसलिए टंकियां प्यासी**

# पानी के लिए हाहाकार...हम ही हैं जिम्मेदार


### कुओं की कमी में 'टॉप' जिले

बलौदाबाजार यहां करीब 6,199 कुएं कम हुए


रायपुर और आसपास 3,400 से ज्यादा कुएं बंद हो गए

बिलासपुर व अन्यः लगभग हर जिले में औसतन 15 फीसदी से 20 फीसदी कुएं गायब हुए हैं।

**सबसे ज्यादा तालाब इन जिलों में गायब हुए**




**इन जिलों में फैला नलकूपों का जाल**




### कई जिलों में 2 से 5 गुना तक बढ़ गए ट्यूबवेल

पिछले 10 वर्षों में प्रदेश के कई जिलों में सिंचाई वाले नलकूपों की संख्या में 2 से 5 गुना तक वृद्धि हुई है । कोंडागांव और महासमुंद में जहां ट्यूबवेल 5 गुना बढ़े हैं वहीं बस्तर में तीन गुना, बलौदाबाजार, बालोद, राजनांदगांव, कबीरधाम, कांकेर, बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा में दो गुना से ज्यादा ट्यूबवेल सिंचाई के लिए लगाए गए हैं । ट्यूबवेल से भारी मात्रा में भूजल के दोहन से पेयजल और निस्तारी के लिए पानी का संकट गहराने लगा है ।

चंद्रभूषण मिश्रा ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकियां खुद प्यासी हैं क्योंकि उनको भरने के लिए बोरवेल में पानी नहीं है। जहां बोर खुदाई की गई वहां पानी नहीं निकला। हरिभूमि ने पड़ताल की कि आखिर तालाबों का प्रदेश कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में यह हालात कैसे बने। आयुक्त भू-अभिलेख की रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि 2015 की तुलना में 2025 में छत्तीसगढ़ में खेतों में सिंचाई के लिए उपयोग होने वाले नलकूपों की संख्या में सवा दो गुने का इजाफा हुआ है। ▶▶|शेष पेज 5 पर

- कई गई रिपोर्ट में चौंकाने वाली जानकारियां
- वाटर रिचार्जिंग पर काम नहीं, भूजल दोहन से खतरनाक हो रहे हैं हालात



### सिंचाई तालाब भी 10 हजार घट गए

प्रदेश में पहले बड़े तालाबों से ही आसपास के खेतों की सिंचाई होती थी, लेकिन अब तालाब भी तेजी से पटते जा रहे हैं। तालाब पाटकर लोगों ने या तो खेत बना लिया है या दूसरा उपयोग कर रहे हैं। भू-अभिलेख ▶▶|शेष पेज 5 पर

### 76 हजार से ज्यादा कुएं कम हो गए

2015 से 2025 के बीच के 10 वर्षों में राज्य में 76 हजार से ज्यादा कुंए कम हो गए हैं । 2015 में सिंचाई वाले कुंओं की संख्या 1.24 लाख थी, जो 2025 में घटकर 1 लाख रह गई । इसी तरह घरेलू उपयोग वाले कुंओं की संख्या 1.32 लाख से घटकर 1 लाख 9 हजार 800 और सिंचाई उपयोग में नहीं लाए गए कुंओं की संख्या भी 63 हजार से घटकर 44 हजार रह गई है । इस तरह राज्य में 76 हजार कुंए कम हो गए हैं। लगभग सभी जिलों में ▶▶|शेष पेज 5 पर

### यह आंकड़े चौंकाते नहीं, चिंता में डालते हैं


| | वर्ष 2015 (27 जिले) | वर्ष 2025 (33 जिले) | बदलाव की स्थिति |
|---|---|---|---|
| सिंचाई नलकूप (ट्यूबवेल) | 1 लाख 96 हजार 293 | 4 लाख 42 हजार 510 | + 2,46,217 (बढ़े) |
| सिंचाई तालाब | 34 हजार 175 | 23 हजार 421 | - 10,754 (कम हुए) |
| कुल कुएं (सभी श्रेणी) | 3 लाख 29 हजार 325 | 2 लाख 53 हजार 921 | - 75,404 (गायब हुए) |

## पूरे देश को ऊर्जा देने वाले जिले के लोग प्यासे, कहीं बिजली कनेक्शन नहीं, कहीं जल स्रोत नहीं मिला

अरविन्द पाण्डेय ▶▶| कोरबा

पूरे देश को ऊर्जा देने वाले कोरबा जिले के ग्रामीण इलाकों के लोग खुद प्यासे हैं। यहाँ जल स्तर खदानों के कारण नीचे जा रहा है, इसलिए योजनाएं कारगर नहीं हो पातीं। जल जीवन मिशन और समूह जल योजना सरकारी उदासीनता के कारण मूर्त रूप नहीं ले पा रही हैं। जिले की 412 ग्राम पंचायतों जल जीवन मिशन के ▶▶|शेष पेज 5 पर

- शो पीस बनी टंकियां, 434 टकियों में से केवल 167 टकियों से मिल रहा पानी



### फ्लोराइड प्रभावित गांवों की दशा यथावत

समूह जल योजना शुरू करने का उद्देश्य फ्लोराइड प्रभावित गांव के ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। पोड़ी उपरोड़ा पर्वतीय क्षेत्र होने के साथ सर्वाधिक फ्लोराइड प्रभावित वाला ब्लाक है। बांगों बांध प्रभावित गांव में पानी नहीं पहुंचने के कारण स्थानीय ग्रामीण भूमिगत जल स्त्रोत के जल पीने को मजबूर हैं। फुलसर, सरमा, जलके, तनेरा आदि ऐसे गांव हैं जहां फ्लोराइड युक्त पानी से लोगों को अस्थि बाधित रोग से जूझना पड़ रहा है। समस्या ▶▶|शेष पेज 5 पर

## तीन बार पाइप लाइन का विस्तार, फिर भी जल संकट दस साल में ट्यूबवेल से टंकी तक नहीं पहुंचा पानी

टेकचंद कारडा ▶▶| तखतपुर

10 साल पहले वार्डवासियों को पानी देने के लिए बनी पानी टंकी खुद पानी के लिए तरस रही है। हर चुनाव में जनप्रतिनिधि इस टंकी तक पानी पहुंचाने का वादा करते हैं। पिछले 10 वर्षों में नगर पालिका के अध्यक्ष ,पार्षद , सांसद, विधायक सभी के कार्यकाल बीत गए पर इस पानी टंकी को पानी से भरा जा ऐसा कोई प्रयास नहीं किया गया।पिछले वर्ष वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद शैलेंद्र निर्मलकर ने जीतने के बाद अपने ▶▶|शेष पेज 5 पर

- जनप्रतिनिधियों ने नहीं ली सुध, चुनावी वादे भी हुए फेल



### नलकूप से नहीं जुड़ी पानी टंकी


इस भीषण गर्मी में भी नगर पालिका पानी टंकी के पास ही खोदे गए भारी भरकम नलकूप से पानी टंकी को नहीं जोड़ सका। वार्डवासियों का कहना है कि हर बार चुनावी मुद्दा बनी इस पानी टंकी को जोड़ने के लिए हर बार मांग उठती रही पर इस पानी टंकी की मांग पानी से भी नहीं भरी जा सकी और न जाने कितने आने वाले चुनाव के लिये यह टंकी मुद्दा बनी रहेगी।

आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) - ₹103903/-
22 कैरेट रेट (91.60%) - ₹126900/-
24 कैरेट रेट (99.99%) - ₹138523/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
ANAND Jewels
MG Road, Indore

## खबर संक्षेप

### सीयूईटी-पीजी के परिणाम आज आएंगे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने बुधवार को कहा कि साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (सीयूईटी-पीजी) 2026 के परिणाम 24 अप्रैल को घोषित किए जाएंगे। एनटीए ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी साझा करते हुए अभ्यर्थियों को परिणाम घोषणा तारीख के बारे में सूचित किया।



### अभयारण्य में मृत मिले एक बाघ और शावक

**पन्ना/मंडला।** मप्र के दो बाघ अभयारण्यों में एक बाघ और एक नर शावक मृत पाए गए हैं। वन विभाग की एक टीम को मंगलवार को पन्ना टाइगर रिजर्व में एक बाघ का सड़ा-गला शव मिला। पीटीआर के क्षेत्र संचालक बृजेश श्रीवास्तव ने बताया कि सुबह गश्त के समय वनकर्मियों को वनमर्ग अभयारण्य के कक्ष क्रमांक 278 के अंतर्गत एक बाघ का लगभग 20 से 25 दिन पुराना सड़ा-गला शव मिला। एक डॉक्टर और हमारी टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

### गार्ड बदलने की रस्म का 25 से नया समय

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में हर शनिवार को होने वाली गार्ड बदलने की रस्म का समय 25 अप्रैल से सुबह 7:30 बजे से बदलकर 8:30 बजे कर दिया गया है। लगभग 30 मिनट तक होने वाला यह समारोह एक सैन्य परंपरा है जो हर सप्ताह आयोजित की जाती है ताकि राष्ट्रपति के अंगरक्षकों (पीबीजी) के एक नए समूह को कार्यभार संभालने में सक्षम बनाया जा सके।



## इधर, ट्रंप ने बढ़ाया सीजफायर, उधर ईरान ने बरसाईं गोलियां, मिडिल ईस्ट में फिर तनाव

# होर्मुज में ईरान ने गुजरात आ रहे जहाज समेत दो शिप पर हमला कर पकड़ा

**ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने भारत आ रहे जहाज पर भी हमला किया है। कब्जे में लिए गए दो जहाजों में से एक गुजरात जा रहा एक मालवाहक जहाज था। भारत आ रहे जहाज के अलावा कई और जहाजों पर भी हमला हुआ है।**

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन/तेहरान

बीते दिनों होर्मुज जलडमरूमध्य से भारत की ओर आ रहे दो मालवाहक जहाजों पर ईरान की नौसेना (ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स, आईआरजीसी) द्वारा की गई गोलीबारी की घटना को यहां देश में लोग अभी पूरी तरह से भूले भी नहीं थे कि बुधवार को ऐसी ही एक और घटना सामने आई है। जिसमें यह पता चला है कि आईआरजीसी ने होर्मुज में एक बार फिर से दो और जहाजों को निशाना बनाया है। जिसमें लाइबेरिया के ध्वज वाला हुआ एक कंटेनर जहाज 'ईपीएएमआईएनओएनडीएएस' भी शामिल है। जो जलडमरूमध्य से गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह की ओर जा रहा था। जबकि दूसरा जहाज पनामा का ध्वज वाला इजरायल से संबंधित कंटेनर जहाज 'एमएससी-फ्रांसिस्का' था। भारत की तरफ से विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि होर्मुज से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही को लेकर हमारा ईरानी पक्ष के साथ लगातार संवाद बना हुआ है। वहीं, इस घटना ▶▶|शेष पेज 5 पर

### बिना अनुमति जाने पर की गोलीबारी : ईरान

ईरान की फार्स न्यूज एजेंसी ने बताया कि आईआरजीसी ने होर्मुज के जलक्षेत्र (ओमान से करीब 15 नॉटिकल मील उत्तर-पूर्व का इलाका) में नियम तोड़ने वाले दो जहाजों को जब्त किया गया है। जिसमें गुजरात जा रहा भारत का एक जहाज भी शामिल है। दोनों को ईरान के तट की ओर वापस ले जाया गया है। दोनों जहाजों ने बिना अनुमति यानी जरूरी परमिट के बिना काम करके समुद्री सुरक्षा को खतरे में डाला और नेवीगेशन सिस्टम से छेड़छाड़ भी की थी। जिसकी वजह से यह कार्रवाई की गई है।



- भारत के लाख समझाने पर भी नहीं माना ईरान
- इजरायल से जुड़े होने का आरोप लगाकर साधा निशाना

### कैप्टन ने बताई पूरी आपबीती

ईरानी एजेंसी ने यह दावा भी किया है कि गोलीबारी की इस घटना में दोनों जहाजों पर सवार चालक दल के किसी सदस्य को चोट नहीं आई है। सभी फिलहाल सुरक्षित हैं। उधर, ब्रिटेन के समुद्री व्यापार अभियान केंद्र ने इस हमले की पुष्टि करते हुए बताया कि एक जहाज के कैप्टन ने उन्हें सूचना दी थी कि आईआरजीसी की एक हमलावर नौका उनके करीब आई और बिना कोई चेतावनी दिए उसने जहाज पर गोलीबारी की।

### बातचीत-कूटनीति से लौटेगी शांतिः रणधीर

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत हमेशा से शांति के पक्ष में रहा है। क्षेत्र में शांति-स्थिरता बहाली के लिए उठाए जाने वाले सभी कदमों का हम स्वागत करते हैं। साथ ही हमें यह उम्मीद है कि इसकी मदद से पश्चिम-एशिया में दीर्घकालिक शांति-स्थिरता स्थापित होगी।

### ट्रंप ने बढ़ाया ईरान के साथ युद्धविराम

**वाशिंगटन/इस्लामाबाद।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मध्यस्थ देश पाकिस्तान के अनुरोध पर ईरान के साथ युद्धविराम को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया है। ट्रंप ने कहा कि यह कदम तेहरान के आंतरिक मतभेदों से जूझ रहे नेतृत्व को सात सप्ताह से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक प्रस्ताव तैयार करने का समय देने के उद्देश्य से उठाया गया है। ट्रंप ने मंगलवार को एक बयान में कहा, इस तथ्य के आधार पर कि ईरान की सरकार गंभीर रूप से आंतरिक मतभेदों से जूझ रही है और पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर तथा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के अनुरोध पर हमसे कहा गया है कि हम ईरान पर अपने हमले को तब तक रोकें।

## फारेस्ट अफसरों के स्टिंग में फंसे तस्कर, पैंगोलिन की लगाई 50 करोड़ की बोली और दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तस्करों के कब्जे से रायपुर वन परिक्षेत्र के अधिकारियों ने राजधानी में पहली बार जिंदा पैंगोलिन रेस्क्यू करने में सफलता हासिल की है। पैंगोलिन का रेस्क्यू करने विभागीय अधिकारियों को 50 हजार रुपए खर्च भी करने पड़े, तब जाकर विलुप्त प्रजाति के वन्यजीव की जान बचाई जा सकी। तस्करों ने पैंगोलिन की कीमत 50 करोड़ तय कर रखी थी,ऐसा विभाग का दावा है। इसकी जानकारी मिलने पर रायपुर वन परिक्षेत्र के अधिकारियों ने तस्करों को ट्रैप करने जाल बिछाया और उनसे पैंगोलिन ▶▶|शेष पेज 5 पर

- रायपुर वन परिक्षेत्र की टीम ने तस्करों से रेस्क्यू किया पहली बार जिंदा पैंगोलिन, उम्र 12 वर्ष, वजन 20 किलो



### देखने की कीमत 50 हजार रुपए

पैंगोलिन चंगोराभाठा स्थित पीएस सिटी में गोपाल बोपचे के कब्जे में था, इसकी पुष्टि होने पर दीपक तिवारी तथा संतोष सावंत ने गोपाल को पैंगोलिन दिखाने कहा। पैंगोलिन दिखाने के पहले गोपाल ने दोनों अधिकारियों से 50 हजार रुपए देने की मांग की। अफसरों ने गोपाल को 50 हजार रुपए देकर पैंगोलिन का सौदा किया। सौदा पक्का करने गोपाल ने अफसरों से टोकन मनी के रूप में डेढ़ लाख रुपए और लिए। इसके बाद वन विभाग की फ्लाइंग स्क्वाड टीम ने गोपाल को गिरफ्तार कर पूछताछ की, तो उसने खोखन के साथ मिलकर पैंगोलिन का सौदा करने का अपराध कबूल किया।

### इसलिए पैंगोलिन का शिकार कर तस्करी


पैंगोलिन के शल्क (स्केल) केराटिन से बने होते हैं। चीन और वियतनाम की पारंपरिक दवाओं में इनका उपयोग कथित तौर पर अस्थमा, चर्म रोग और यहां तक कि कैंसर जैसी बीमारियों के इलाज के लिए किया जाता है, जिसका कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है कि ये स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। इसके साथ ही पैंगोलिन के मांस को कई लोग यौन शक्ति बढ़ने के भ्रम में खाते हैं। इसीलिए पैंगोलिन का मांस काफी महंगी कीमत पर बिकता है। पैंगोलिन काफी शर्मीला स्वभाव का होता है। खतरा महसूस होने पर वे भागने के बजाय गेंद की तरह गोल हो जाता है, जिससे शिकारियों के लिए उन्हें उठाकर बोरी में डालना बहुत आसान हो जाता है।

**रजगामार चौकी क्षेत्र के बुंदेली का मामला**

## पत्नी की हत्या, सिर हाथ में लेकर गांव में घूमता रहा पति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

सिरफिरे पति ने पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी। इसके बाद धड़ से सिर अलग कर हाथ में लेकर गांव में घूमता रहा। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



जानकारी के अनुसार रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुंदेली में बुधवार शाम यह घटना हुई। बताया जाता है कि गांव में रहने वाले सालिकराम यादव ने अपनी पत्नी चेंचकुंवर पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर ▶▶|शेष पेज 5 पर

### आरोपी गिरफ्तार

घटना की सूचना बालको थाना प्रभारी युवराज तिवारी, व रजगामार चौकी प्रभारी विनोद सिंह को मिली तो वे दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले पति सालिकराम यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि चरित्र शंका को लेकर हत्या की यह वारदात हुई है।

**पालक के सहमत होने के कारण कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई**

## नाबालिग दूल्हे की शादी की 'शून्य', दुल्हन वापस दो महीने बाद बालिग होने पर फिर होगा विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा (बालोद)

अलग खबर

बालोद जिले के डोंडी विकासखंड के ग्राम पंचायत भर्रीटोला 43 में एक दिलचस्प मामला सामने आया है। जहां नई-नई ब्याह कर दुल्हन लाई गई थी। घर में रिश्तेदारों की भीड़ थी, उत्सवी माहौल था, धरम टीकावन की रस्म होनी थी कि धड़धड़ाती हुई प्रशासन की टीम पहुंची और शिकायत की जानकारी देते हुए तमाम कागजात की जांच करनेरअसल एक नाबालिग की शादी का मामला था। हालांकि दुल्हन बालिग थी, लेकिन दूल्हे की उम्र 21 साल से 2 महीने कम थी। प्रशासन ने नई ब्याही दुल्हन को अपनी अभिरक्षा में लेकर वापिस मायका भेज दिया। दूल्हे के परिवार वाले प्रशासन की बात समझ गए और दुल्हन को ले जाने में ▶▶|शेष पेज 5 पर





### आधार कार्ड में बालिग स्कूल रजिस्टर में नाबालिग

युवक के आधार कार्ड में जन्मतिथि 13-6- 2002 दर्ज है जो की वर्ष 2025 में अपडेट हुआ है और स्कूल दाखिल खारिज रजिस्टर में 13 -6 -2005 दर्ज है ,तो आधार कार्ड में किस आधार पर जन्मतिथि के वर्ष में परिवर्तन किया गया, यह जांच का विषय है।

# बंदूकों की गूंज और डर के तीन दशक बाद जगरगुंडा मेले में मांदर व नगाड़े की धुन में झूमे हजारों लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

**अलग खबर**

तीन दशक से भी ज्यादा समय तक नक्सल दंश झेल चुके जगरगुंडा में अब मांदर व ढोल बाजे और नगाड़े की धुन सुनाई देती है। आलम यह है कि बीहड़ कहे जाने वाले दो दर्जन ग्रामों के हजारों ग्रामीणों का हुजूम दशकों बाद मेले में शामिल होकर देवी की पूजा अर्चना की। तीन दिवसीय आयोजित इस मेले में आसपास के 23 पंचायतों के 54 गांवों से सिरहा, पुजारी, गायता और पेन तलापत्ति सहित हजारों ग्रामीण शामिल हुए। दूर-दराज गांवों से जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों का जमावड़ा लगा, जिससे जगरगुंडा में रौनक देखते ही बन रही थी। स्थानीय बाजारों में लगी दुकानों पर ग्रामीणों ने जमकर खरीदारी की।

### तीन दशकों के बाद दिखा बदलाव

ग्रामीणों और मेला समिति के अनुसार यह मेला पहले 12 वर्षों में एक बार आयोजित होता था, लेकिन लंबी अवधि को देखते हुए अब इसे हर 3 वर्षों में आयोजित किया जा रहा है। सलवा जुडूम के दौर के बाद यह मेला पूरी तरह बंद हो गया था।

## 23 पंचायतों के 54 ग्रामों के ग्रामीण हुए शामिल, तीन वर्ष बाद आयोजित



### जब दीपिका हुई मेले में शामिल



मेले में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं अधिवक्ता दीपिका शोरी ने दिनभर उपस्थित रहकर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के साथ समय बिताया। उन्होंने मेला समिति और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ पारंपरिक रस्मों में भाग लिया। मां दारेलम्मा के स्वागत-वंदन, पेद्दापंडुम मंडपम और देवी-देवताओं के मिलन समारोह में शामिल होकर क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति को नमन किया।

### अभूतपूर्व उत्साह



सुरक्षा व्यवस्था की कमान सम्भाल रहे जगरगुंडा के एसडीओपी तोमेश वर्मा ने बताया कि इस बार मेले की धमक कुछ अलग ही उत्साह भरा कर रही थी। सुरक्षा को लेकर भी पुलिस की ओर से सारी तैयारी के बीच सहायता केंद्र भी खोले गए हैं।

# जोमैटो, स्विगी के डिलेवरी बॉय अब आएंगे श्रम कानून के दायरे में, हक और सुविधाएं भी

## छत्तीसगढ़ सरकार ला रही सामाजिक सुरक्षा संहिता के तहत कानून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ में काम करने वाले हजारों डिलेवरी बाय, यानी गिग वर्कर जैसे जोमैटो, स्विगी जैसी कंपनियों के लिए काम करते है, इनके साथ ही ओला, उबर जैसी टैक्सी सर्विस के लिए काम करते है, के हक में राज्य सरकार एक बड़ा और अहम कदम उठाने जा रही है। सरकार इन लोगों के लिए सामाजिक सुरक्षा संहिता के तहत कानून ला रही है, जो इन्हें सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही शासकीय योजनाओं में हिस्सेदार भी बनाएगा। इस कानून का मसौदा बनकर तैयार है, इस पर 45 दिनों में दावा आपत्ति मंगाई गई है, इसके निराकरण के बाद यह लागू कर दिया जाएगा।

**क्यों किया जा रहा है ये बदलाव :** उच्च पदस्थ सूत्रों ने हरिभूमि को बताया कि दरअसल ये बदलाव क्यों किया जा रहा है। वजह ये है कि डिलेवरी बाय या गिग वर्कर को अब तक श्रमिक ही नहीं माना जाता है। ये लोग न संगठित क्षेत्र के श्रमिक के रूप में गिने जाते है, न ही असंगठित क्षेत्र में। दूसरी और जिन कंपनियों के लिए ये काम करते हैं वह इन्हें वर्कर न मानकर अपना वर्किंग पार्टनर मानती हैं और काम के बदले कमीशन के रूप में राशि अदा करती है। लिहाजा ये लोग अब तक किसी प्रकार से भी श्रम कानून के दायरे में नहीं आते हैं, लेकिन नया कानून इन्हें पूरी तरह संरक्षण देगा। इसी काम के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने 'सामाजिक सुरक्षा संहिता (छत्तीसगढ़) नियम, 2026 तैयार किया है।

### गिग वर्कर्स के लिए प्रावधान

गिग वर्कर्स (जैसे जोमैटो, स्विगी, ओला, उबर के डिलीवरी पार्टनर या ड्राइवर) और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के लिए इस संहिता में पहली बार व्यापक प्रावधान किए गए हैं। पहली बार कानून में 'गिग वर्कर' और 'प्लेटफॉर्म वर्कर' को परिभाषित किया गया है ताकि उन्हें कानूनी सुरक्षा मिल सके। सामाजिक सुरक्षा कोष राज्य सरकार एक विशेष कोष बनाएगी। इसमें एग्रीगेटर्स (कंपनियों) को अपने टर्नओवर का 1 से 2 प्रतिशत हिस्सा योगदान देना होगा।



### सामाजिक सुरक्षा मंडल बनेगा श्रम मंत्री होंगे अध्यक्ष

इस कानून के तहत सामाजिक सुरक्षा मंडल का गठन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के श्रम मंत्री इस मंडल के पदेन अध्यक्ष होंगे । श्रम विभाग के सचिव उपाध्यक्ष की भूमिका निभाएंगे। मंडल में कुल 31 नामांकित सदस्य होंगे, जिनमें असंगठित श्रमिकों, नियोक्ताओं, छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्यों और नागरिक समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व होगा ।

### गिग वर्कर का होगा पंजीयन

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, गिग वर्कर्स और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के लिए आधार आधारित अनिवार्य पंजीकरण की व्यवस्था होगी। एकल खिड़की प्रणाली, रिपोर्टिंग और शिकायतों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाएगा ताकि श्रमिकों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। अब निश्चित अवधि के कर्मचारियों को भी ग्रैच्युटी का लाभ मिलेगा, भले ही उनकी सेवा पांच साल से कम हो।

### 9 अलग अलग कानूनों को मिलाकर बनाया एक

नए कानून की खास बात ये है कि श्रम से संबंधित 9 कानून जो अलग-अलग तरह के श्रमिकों के लिए बने थे, उन सभी को मिलाकर एक बनाया जा रहा है। इनमें कर्मचारी मुआवजा अधिनियम, 1923, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, ईएसआई एक्ट, कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 ईपीएफ एक्ट, प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम, 1961,उपादान भुगतान अधिनियम, 1972,सिने-श्रमिक कल्याण कोष अधिनियम, 1981,भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996,असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008, रोजगार कार्यालय (रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना) अधिनियम, 1959 शामिल है।

# एससी-एसटी एक्ट में अपराध साबित करने वैध जाति प्रमाणपत्र जरूरी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि एससी एसटी एक्ट में अपराध साबित करने के लिए वैध जाति प्रमाणपत्र का होना जरुरी है। याचिकाकर्ताओं की याचिका को कोर्ट ने आंशिक रूप से स्वीकार कर लिया है। साथ ही हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट द्वारा जारी छह महीने की सजा को रद्द कर दिया है।



जुर्माने की राशि को 500 रुपए से बढ़ाकर दो हजार रुपए कर दिया है। यह राशि प्रत्येक याचिकाकर्ता को जमा करनी होगी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था, सरकारी जमीन पर दुकान निर्माण को लेकर विवाद के दौरान आरोपियों ने उसे जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आईपीसी की धाराओं 294, 323, 506/34 और एससी, एसटी एक्ट की धारा 3(1)(आर) के तहत एफआईआर दर्ज कर कोर्ट में चालान पेश किया था। मामले की सुनवाई के बाद ट्रायल कोर्ट ने आरोपियों को धारा 294, 506 आईपीसी और 3(1)(आर) के तहत दोषी ठहराया था।

# सचिन दौरे का संदेश, अब 'बस्तर' बंदूक नहीं, बल्ले और मेडल से पहचाना जाएगा







हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारत रत्न मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने बुधवार को दंतेवाड़ा जिले के ग्राम छिन्दनार पहुंचकर बच्चों में ऊर्जा का संचार भर दिया। एक दिवसीय प्रवास में लगभग एक घंटे सचिन ने बच्चों के साथ रहकर उनके साथ रस्सी खींच और व्हालीबाल में अपना हुनर दिखाया। कभी नक्सलवाद की दहशत से पहचान बनाने वाला बस्तर अब बदलाव की नई कहानी लिख रहा है। जिस धरती पर कभी गोलियों की गूंज सुनाई देती थी, वहां अब खेल और विकास की आवाज बुलंद हो रही है। इस बदलते बस्तर ने भारत रत्न और क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर का भी ध्यान अपनी ओर खींचा है। सचिन के साथ उनकी बहू सानिया चंदोक, बेटी सारा तेंदुलकर एवं सचिन फाउंडेशन के 5 सदस्य भी पहुंचे हैं।पत्रकारों से



बातचीत करते हुए सचिन तेंदुलकर ने बताया कि बस्तर में 50 स्कूल मैदानों को विकसित किया जाएगा। लगभग 5 हजार से ज्यादा बच्चों को इस अभियान से सीधा लाभ मिलेगा। कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स और वॉलीबॉल जैसे खेलों के जरिए बस्तर के युवाओं को नई पहचान देने की तैयारी है। सचिन तेंदुलकर ने बच्चों के बल्ले पर ऑटोग्राफ भी दिया, जिसे पाकर मासूम चेहरों पर खुशी झलक उठी। यह पल बच्चों के लिए किसी सपने के सच होने जैसा बन गया। सचिन तेंदुलकर के दौरे का साफ संदेश है कि अब बस्तर बंदूक नहीं, बल्ले और मेडल से पहचाना जाएगा।

### बच्चों ने काटा सचिन के जन्मदिन का केक

बच्चों ने सचिन तेंदुलकर के आगामी जन्म दिवस को देखते हुए अग्रिम केक काटा गया। जिसके लिए सचिन तेंदुलकर ने बच्चों को धन्यवाद दिया। इस दौरान पूरा कार्यक्रम स्थल "जन्म दिवस मुबारक हो" के नारों से गूंज उठा। इसके साथ ही कार्यक्रम के समापन पर कलेक्टर द्वारा तेंदुलकर को स्मृति चिन्ह के रूप में टेराकोटा शिल्प एवं छिंदनार के ग्रामवासियों द्वारा लौह शिल्प की कलाकृतियां दी गई। मानदेशी फाउंडेशन द्वारा विभिन्न खेल जैसे रस्साकस्सी, बालिवाल, कबड्डी, दौड़ के विजेता प्रतिभागियों को सचिन तेंदुलकर ने मोमेन्टो प्रदान किया।


SHIVA EMBROCATION OIL

शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल

रजि नं. 1721362 कापीराईट नं. 88763/10

दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

नकली माल से सावधान

HMS देखकर खरीदें

94060-21769


# प्रतिवेदन एवं नामांतरण के लिए रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

## 25 हजार के साथ एसीबी ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

पटवारी प्रतिवेदन देने के नाम पर किसान से 25 हजार रूपए की मांग करने वाले पटवारी को एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सूरजपुर जिलान्तर्गत ग्राम नरहटा निवासी रूप सिंह एवं उनकी बहन के स्वामित्व की भूमि ग्राम प्रतापपुर उप तहसील अंतर्गत ग्राम सेंधोपारा में स्थित है। एसईसीएल द्वारा जरही स्थित महामाया कोयला खदान के लिए दोनों की भूमि का अधिग्रहण किया गया है। एसईसीएल द्वारा अधिग्रहित भूमि के एवज में प्रभावित किसानों के परिजन को मुआवजा के साथ ही नौकरी देने का प्रावधान है। रूप सिंह ने स्वयं एवं अपनी बहन की नौकरी के लिए खदान प्रबंधन से संपर्क किया तो अधिकारियों ने उसे भूमि का नामांतरण कराने एवं पटवारी प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए कहा। रूप सिंह ने हल्का पटवारी सौरभ गोस्वामी से संपर्क किया तो उसने 25 हजार रूपए की मांग की। काफी कोशिशों के बावजूद 25 हजार रूपए लिए बिना नामांतरण एवं प्रतिवेदन देने के लिए पटवारी तैयार नहीं हुआ तो रूप सिंह ने मामले की शिकायत एसीबी से की। एसीबी ने मामले की सत्यता का परीक्षण कराया तो मामला सत्य निकला। एसीबी ने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ने की योजना बनाई तथा पीड़ित को रूपए देकर पटवारी के पास भेजा। जैसे ही पटवारी ने 25 हजार रूपए रिश्वत की रकम ली एसीबी ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी ने पीसी एक्ट 1988 के तहत आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की है।



# जमीन विवाद में बेटे ने की मां की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- लकड़ी से हमला कर कर मार डाला, जांच शुरू

जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मगरवाय में एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। जमीन बंटवारे के विवाद में एक बेटे ने अपनी ही मां की हत्या कर दी।

जानकारी के अनुसार 21 अप्रैल की शाम लगभग 6 बजे आरोपी धनेश्वर वर्मा 42 का अपनी 65 वर्षीय मां बेबी बाई वर्मा के साथ जमीन बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने गुस्से में आकर जलाऊ लकड़ी से मां के सिर पर प्राणघातक हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से वृद्धा की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। मामले में मृतका के पुत्र बहादुर वर्मा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसमें बताया गया कि आरोपी धनेश्वर वर्मा के साथ जमीन को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। पुलिस ने मामले में धारा 103(1) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।


हरिभूमि HEALTH CARE

छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. पर्णिता बघेल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ. फिबी मसीह (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
वसुधा केयर हॉस्पिटल
(महिला एवं बच्चों का अस्पताल | प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी)
सुविधाएं • 24x7 डिलीवरी • शिशु रोग • दूरबीन द्वारा ऑपरेशन • सोनोग्राफी • बांझपन का इलाज • खून जांच
जीवन विहार कालोनी, सृष्टि प्लाजो के पास, अवंति विहार रोड, तेलीबांधा, रायपुर, मो. 0771-3523209, 7880001064, 7880001062

दक्षिका हेल्थ केयर & डायबिटिक सेंटर
(डायबिटिक, थायरॉइड,ब्लड प्रेशर, ओबेसिटी, वैक्सीनेशन, हार्ट केयर)
ADULT VACCINATION CENTER
जहाँ Diabetes, Thyroid, Hypertension (Blood Pressure) का मिलता है Expert Care"
▪Better Experience ▪ Fully Dedication ▪ Accurate
डॉ. दीपक जायसवाल MBBS, MD (General Medicine) PGDIC, CCEBDM (Diabetes), FICP Senior Consultant Physician & Diabetologist
डॉ. नेहा रानी गुप्ता BDS, MDSDental Specialist (दंत सुविधा उपलब्ध)
पता : शॉप नं. 14 एवं 15, ग्राउंड फ्लोर, EDGE COMPLEX मोवा रायपुर :9202222391, 8871865551, 7723068129

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल Skin Care
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
› प्रसूति › नवजात › शिशु रोग › बांझपन › सोनोग्राफी › आयुष्मान कार्ड › बच्चों एवं बडों के आपरेशन › अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:- 7987119756, 9303508130

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**जिले में बनाएंगे 50 खेल मैदान**

दंतेवाड़ा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सचिन तेन्दुलकर के एनजीओ संस्था सचिन तेन्दूलकर फाऊन्डेशन तथा मानदेशी चैम्पियन संयुक्त रूप से 50 खेल मैदान को बनाने का कार्य शुरू किया है, जिसमें 25 खेल मैदान बनकर तैयार हो चुके हैं। शेष 25 अभी बाकी है, जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। इसके लिए 100 लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।



**तेंदुलकर का आगमन बदलते बस्तर की सशक्त पहचान**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मां दंतेश्वरी की पावन धरा पर भारत रत्न और क्रिकेट के महानायक सचिन तेंदुलकर के आगमन पर सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र छिंदनार ग्राम में सचिन तेंदुलकर का आगमन बदलते हुए बस्तर की सशक्त पहचान है। यह उस नए बस्तर की तस्वीर प्रस्तुत करता है, जो अब भय और असुरक्षा की छाया से निकलकर विकास, अवसर और आत्मविश्वास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह की पहल बस्तर के युवाओं को नई दिशा देंगी और उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेंगी।



# तेंदुलकर ने कहा- सफलता के लिए प्रतिभा के साथ-साथ अनुशासन और कड़ी मेहनत जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

- दंतेवाड़ा के ग्राम छिंदनार में सचिन तेंदुलकर ने रखी खेल क्रांति की नींव
- सचिन एवं मानदेशी फाउंडेशन के जरिए संवरेगा वनांचल का युवाओं के भविष्य



जिले का स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम हाईस्कूल छिंदनार गांव बुधवार को एक ऐतिहासिक बदलाव का साक्षी बना, जहां क्रिकेट जगत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने सचिन तेंदुलकर एवं मानदेशी फाउंडेशन द्वारा निर्मित मल्टी-स्पोर्ट्स ग्राउंड का उद्घाटन किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मानदेशी फाउंडेशन की फाउंडर चेतना सिन्हा भी सचिन के साथ मौजूद रहीं, जो ⏭ शेष पेज 5 पर





inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### केदारनाथ धाम के कपाट खुले



**देहरादून।** सर्दियों में छह माह बंद रहने के बाद सुबह पूरे विधि विधान के साथ केदारनाथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए फिर खोल दिए गए जहां पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से की गई। ग्यारह हजार फुट से अधिक की उंचाई पर रुद्रप्रयाग जिले में स्थित ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग के कपाट विशेष पूजा अर्चना के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सुबह आठ बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी पत्नी गीता के साथ इस मौके पर उपस्थित थे। मंदिर के कपाट खोले जाने की प्रक्रिया सुबह पांच बजे शुरू हुई। इसके बाद, मंदिर के रावल भीमाशंकर लिंग, पुजारी टी गंगाधर, मुख्यमंत्री धामी, विधायक आशा नौटियाल, पुरोहित उमेश चंद्र पोस्ती ने पूजा की।

**सेहत से हो रहा ऐसा खिलवाड़**

# बुखार, बीपी-शूगर जैसी बीमारियों की 141 दवाएं क्वालिटी टेस्ट में फेल

**देश के दवा बाजार में उस वक्त हड़कंप मच गया जब केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन की ताजा रिपोर्ट में 141 दवाओं के सैंपल गुणवत्ता परीक्षण में फेल पाए गए। इस लिस्ट में बुखार, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसी रोजमर्रा की बीमारियों की दवाएं शामिल हैं। सेहत के साथ होने वाले इस बड़े खिलवाड़ ने फार्मा कंपनियों की मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रिया और सरकारी निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की ओर से मार्च के लिए जारी ड्रग अलर्ट में देशभर में बनी कई दवाओं की गुणवत्ता पर फिर सवाल उठे हैं। 141 दवाओं के सैंपल मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं, जिनमें, कफ सिरप व इंजेक्शन शामिल हैं। इनमें दिल, मिर्गी, ब्लड प्रेशर और शुगर जैसी गंभीर बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली दवाएं भी शामिल हैं। ड्रग कंट्रोलर ने न केवल इन दवाओं को असुरक्षित घोषित किया है, बल्कि कंपनियों को बाजार से तुरंत अपना स्टॉक वापस मंगाने के कड़े निर्देश भी जारी किए हैं।

जांच में देशभर में बनी 141 दवाओं के सैंपल फेल हो गए हैं। इनमें से 46 दवाएं हिमाचल प्रदेश के बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़, कालाअंब, ऊना, और सोलन में मैन्युफैक्चर की गई हैं। इनमें सिर दर्द, पेट दर्द, उच्च रक्तचाप, शुगर, अल्सर, और अन्य संक्रामक बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाएं शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश को अक्सर देश का फार्मा हब कहा जाता है, लेकिन बार-बार दवाओं के सैंपल फेल होना काफी चिंताजनक है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग और ड्रग कंट्रोलर डिपार्टमेंट हर बार सख्ती के दावे करते हैं, लेकिन घटिया दवाओं पर नियंत्रण लगाना चुनौती बना हुआ है। कुल मिलाकर, दवाओं के सैंपलों का इतनी बड़ी संख्या में फेल होना जनस्वास्थ्य के लिए एक गंभीर चेतावनी है। हालांकि सरकार ने संबंधित कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर सख्त कार्रवाई की बात कही है, लेकिन आम उपभोक्ताओं को भी दवा खरीदते समय जागरूक रहने की जरूरत है। विशेषज्ञों की सलाह है कि मरीज केवल पंजीकृत डॉक्टरों के परामर्श पर और भरोसेमंद मेडिकल स्टोर से ही दवाएं लें। आने वाले समय में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि दोषी कंपनियों पर क्या दंडात्मक कार्रवाई की जाती है, ताकि भविष्य में दवाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो सके।

**खास बातें**

- केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने जारी किया अलर्ट



### गंभीर बीमारियों की दवाएं भी प्रभावित

इस लिस्ट में निमोनिया, अल्सर, डायबिटीज, किडनी, बीपी और कफ सिरप जैसे रोगों की दवाएं शामिल हैं। चिंता की बात यह है कि कैंसर और हार्ट रोग जैसी गंभीर बीमारियों की दवाओं के सैंपल भी फेल पाए गए हैं। सीडीएससीओ द्वारा जारी किए गए मार्च के ड्रग अलर्ट में इन दवाओं को 'नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। अधिकारियों ने इन दवाओं के स्टॉक को वापस मंगाने के आदेश भी दिए हैं।

### इन राज्यों में दवाइयों का उत्पादन

- हिमाचल प्रदेश : सबसे ज्यादा 47 सैंपल (सोलन, बद्दी और ऊना की कंपनियों से)।
- उत्तराखंड : यहां की कंपनियों के भी कई सैंपल फेल हुए हैं।
- मध्य प्रदेश और राजस्थान : इंदौर और जयपुर स्थित कंपनियों की दवाएं भी सूची में शामिल हैं।

### कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई

ड्रग कंट्रोलर ने संबंधित कंपनियों को नोटिस जारी कर दिया है। जिन दवा कंपनियों के सैंपल गुणवत्ता के मानकों पर खरे नहीं उतर पाए, उनके खिलाफ ड्रग एंड कास्मेटिक एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कदम स्वास्थ्य विभाग और ड्रग कंट्रोलर विभाग द्वारा उठाया जा रहा है ताकि गुणवत्ता की समस्याओं को दूर किया जा सके।

### क्या है ड्रग एंड कास्मेटिक एक्ट?

ड्रग एंड कास्मेटिक एक्ट के तहत ये कंपनियां दवाओं के निर्माण और बिक्री में मानकों का पालन करने के लिए बाध्य हैं। किसी भी कंपनी के खिलाफ कार्रवाई में लाइसेंस निलंबन या रद्द कर देना और जुर्माना लगाना शामिल हो सकता है। इससे कंपनियों को दवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए प्रेरित किया जा सकता है।

# जमीन का बंटवारा मांगा तो छोटे ने बड़े भाई को जिंदा जला दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- मामला महासमुंद जिले के बागबाहरा अंतर्गत ग्राम आमगांव का

जमीन बंटवारे को लेकर हुए विवाद में छोटे भाई ने अपने बड़े भाई को धान से भरे कमरे में पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया। जिले के बागबाहरा थाना क्षेत्र के आमगांव में मंगलवार देर शाम हुई इस घटना में बड़े भाई की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी फरार है। पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले को विवेचना कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मरार कसहीबाहरा निवासी मालती साहू ने दर्ज रिपोर्ट में बताया है कि कृष्णकांत का जमीन बंटवारे को लेकर परिजनों से काफी दिनों से विवाद चल रहा था। मंगलवार को कृष्णकांत दुबे और प्रार्थिया आमगांव पहुचे थे। इस दौरान छोटे भाई दौलत से जमीन बंटवारा की बात कहने पर विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ने एक दूसरे पर हमला बोल दिया। छोटे ⏭ शेष पेज 5 पर

### शादी करने वाला था कृष्णकांत

रिपोर्ट के मुताबिक मालती साहू ने पुलिस को बताया कि करीब 10 माह पूर्व कृष्णकांत दुबे से उसका परिचय हुआ था। तब से वह और कृष्णकांत दुबे पति-पत्नी के रूप मे रायपुर में रह रहे थे। वह कुछ दिनों बाद कृष्णकांत से शादी करने वाली थी। प्रार्थिया के अनुसार कृष्णकांत दुबे ने उसे बताया था कि उसकी पैतृक जमीन ग्राम आमगांव में है, जहां उसकी मां तीरथ दुबे एवं छोटा भाई दौलत दुबे रहकर जमीन की देखरेख करते हैं।

# अब बिना रजिस्ट्रेशन नहीं चलेंगे ऑनलाइन गेम्स

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- एक मई से नया नियम



इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने बुधवार को बहुप्रतीक्षित ऑनलाइन गेमिंग नियमों को अधिसूचित कर दिया। ये नियम ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन अधिनियम को संचालित करने के लिए प्रक्रियात्मक ढांचा मुहैया कराते हैं और इनके आधार पर ऑनलाइन गेमिंग प्राधिकरण का गठन भी हो सकेगा। कोई भी ऑनलाइन गेम बिना सरकारी रजिस्ट्रेशन के नहीं चल सकेगा।

आईटी सचिव एस कृष्णन ने कहा कि ज्यादातर ऑनलाइन गेम - अगर वे 'रियल मनी गेम' नहीं हैं (पैसे का लेनदेन शामिल नहीं है), को अनिवार्य रूप से पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी।

### ऑनलाइन गेमिंग पर होगी सरकार की नजर

ऑनलाइन गेमिंग अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरपर्सन आईटी मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी होंगे। इसके अलावा इसमें गृह मंत्रालय, फाइनेंशियल सर्विसेज विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, युवा एवं खेल मंत्रालय और विधि विभाग के जॉइंट सेक्रेटरी लेवल के अधिकारी मेंबर होंगे यानी अलग-अलग मंत्रालय मिलकर ऑनलाइन गेमिंग पर नजर रखेंगे।

# बंगाल और तमिलनाडु में आज मतदान



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में कल 16 जिलों की 152 सीटों पर विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान होगा। इस चरण में 1478 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राज्य में दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा। उधर, तमिलनाडु में भी कल राज्य की सभी 234 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में मतदान होगा। राज्य में 5.73 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। तमिलनाडु में एक ही चरण और पश्चिम बंगाल में पहले चरण का विधानसभा चुनाव प्रचार कल समाप्त हो गया। तमिलनाडु की मुख्य चुनाव अधिकारी अर्चना पटनायक ने कहा है कि राज्य में गुरुवार को होने वाले चुनाव की सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

# चुनाव से ठीक पहले खड़गे को ईसी का नोटिस

**नई दिल्ली।** पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आतंकवादी वाली टिप्पणी ने अब कानूनी मोड़ ले लिया है। चुनाव आयोग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए खड़गे के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। भारतीय चुनाव आयोग ने मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को आतंकवादी कहे जाने पर गहरा संज्ञान लिया और मामले में नोटिस जारी किया।

# ट्रक समेत 4 वाहन आपस में टकराए, 11 जिंदा जले

**मिर्जापुर।** रीवा-मिर्जापुर हाईवे पर स्थित ड्रमंडगंज घाटी में बुधवार की रात आठ बजे ट्रक, कार, बोलेरो और ट्रेलर आपस में टकरा गए। इसके बाद बोलेरो में आग लग गई। ट्रक चालक तो निकल गया पर बोलेरो सवार उसमें फंस गए। बोलेरो पूरी तरह से आग की चपेट में आ गई। जब तक गाड़ी के अंदर बैठे लोग निकल पाते इससे पहले ही बोलेरो ने आग पकड़ ली और धू-धूकर जलने लगी। देखते ही देखते कार के अंदर बैठे 11 लोग जिंदा जल गए।घटना से चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना देकर बुलाया। आग बुझाने और राहत कार्य जारी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में लगी है।



यूपी में भीषण हादसा

### बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला

लोगों के अनुसार हादसे के बाद बोलेरो में सवार लोगों को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिल पाया। सभी गाड़ी के अंदर से जल गए। हालांकि ग्रामीणों ने बोलेरो में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग इतनी तेज थी कि ग्रामीण उसके पास भी नहीं जा सके। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची।

# जांच के दौरान मुख्यमंत्री का हस्तक्षेप लोकतंत्र को खतरे में डालने जैसा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- आई-पैक विवाद में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी



कोलकाता में 'आई-पैक' कार्यालय पर ईडी द्वारा की गई छापेमारी के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा कथित तौर पर बाधा डाले जाने के मामले की बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने गहन पड़ताल की और कहा कि यदि कोई मुख्यमंत्री जांच में हस्तक्षेप करता है तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाता है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एन वी अंजारी की पीठ ने कहा, यह केंद्र और राज्य के बीच का विवाद नहीं है। किसी भी राज्य का कोई भी मुख्यमंत्री किसी जांच या छानबीन के बीच में आकर लोकतंत्र को खतरे में डालता है और फिर आप कहते हैं कि यह केंद्र और राज्य के बीच का विवाद है।

### कोर्ट ने की थी पूछताछ

सुप्रीम कोर्ट ने 24 मार्च को पश्चिम बंगाल सरकार से ईडी की याचिका के गुण-दोष पर उसकी आपत्ति के संबंध में पूछताछ की थी। कोर्ट ने कहा था कि कुछ ईडी अधिकारियों ने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में याचिकाएं दायर कर यह जानना चाहा था कि क्या वे केवल एजेंसी के अधिकारी होने के कारण भारत के नागरिक नहीं रह गए हैं।





True Value ऐप यहाँ डाउनलोड करें।

**ट्रस्ट**
- वेरिफाइड कार हिस्ट्री**
- 3 फ्री सर्विसेज** 5000 से अधिक मारुति सुज़ुकी सर्विस स्टेशनों पर उपलब्ध

**क्वालिटी**
- 376 क्वालिटी चेक पॉइंट्स
- 1 साल तक की वारंटी**

TRUE VALUE CERTIFIED

पूछताछ के लिए कॉल करें 1800 102 1800 | या जाएँ यहाँ www.marutisuzukitruevalue.com

RAIPUR: SPARSH AUTOMOBILES: 9926003332 | SKY AUTOMOBILES: 9584333066, 9584465304 | AVANTI VIHAR: MAHOBA BAZAR, G.E. ROAD: SKY AUTOMOBILE: 9584433005, 9584465304 | RAJNANDGAON: NH56 GRAM MANKI, SPARSH AUTOMOBILES: 7828229587,7701004359 | BHILAI: POWER HOUSE, G.E. ROAD: SPARSH AUTOMOBILES: 9926761100 | DURG BYPASS: CHOUHAN AUTOMOBILES: 7222910050, 7222910057, 7222910042| DURG: PULGAON CHOWK: SPARSH AUTOMOBILES: 7987561390| JAGDALPUR: SKY AUTOMOBILES: 8889998607, 9584465304 | BHATAGAON: HDN MOTORS: 7909800009. SARONA: VISHWABHARTI AUTOMOBILES: 6262620018 | DUMERTARAI, DHAMTARI ROAD: SPARSH AUTOMOBILES: 9926003332, 9111011381.

*नियम एवं शर्तें लागू। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया निकटतम डीलरशिप पर संपर्क करें। **वेरिफाइड कार हिस्ट्री और वारंटी केवल ट्रू वैल्यू प्रमाणित कारों पर लागू। निःशुल्क सेवा केवल श्रम शुल्क पर लागू है। वाहन पर काला शीशा प्रकाश प्रभाव के कारण होता है। दर्शाई गई छवियाँ केवल प्रतिनिधिक उद्देश्य के लिए हैं।

## चिंतन

# दवाओं को सुरक्षित और प्रभावी बनाना बेहद जरूरी

भारत में दवाओं की गुणवत्ता पर उठते सवाल अब सिर्फ स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं रहे, यह सीधे-सीधे जन-जीवन, भरोसे और अर्थव्यवस्था पर हमला है। बीमारी जब किसी व्यक्ति को जकड़ती है तो वह केवल शारीरिक पीड़ा नहीं देती, बल्कि पूरे घर से लेकर राष्ट्र तक की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती है। किसी भी व्यक्ति का बीमार होना घर पर बोझ बढ़ाता है। फिर यही बोझ राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को परिलक्षित करता है। इसका दुःखद पहलू यह है कि भारत में बड़े पैमाने पर घटिया और नकली दवाएं बनाकर बेची जा रही हैं, जिनसे बीमार व्यक्ति ठीक होने की बजाय बीमारी में और फंस जाता है। यह समस्या एक व्यक्तिगत त्रासदी से बढ़कर राष्ट्रीय संकट तक बन जाती है। लगातार इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन घटिया और नकली (सबस्टैंडर्ड) दवाएं लगातार बाजार में उपलब्ध हैं। हाल ही की घटनाएं इस भयावह सच को उजागर करती हैं। गुरुग्राम में वजन घटाने वाले नकली मोंजारो इंजेक्शन की बरामदगी, कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की दवा में सस्ती एंटी-फंगल दवा मिलाना, कफ सिरप से बच्चों की मौत और कोरोना काल में नकली रेमडेसिविर की कालाबाजारी ये सब आईसोलेटेड घटनाएं नहीं, बल्कि एक संगठित और खतरनाक तंत्र की ओर इशारा करती हैं। यह तंत्र न केवल कानून को धता बता रहा है, बल्कि इंसान की जिंदगी को मुनाफे के तराजू पर तौल रहा है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की हालिया जांच में 141 दवाओं के सैंपल फेल होना इस संकट की गंभीरता को और गहरा करता है। 'नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी' घोषित की गई इन दवाओं में रोजमर्रा की बीमारियों से लेकर कैंसर और हृदय रोग तक की दवाएं शामिल हैं। साफ है कि खतरा हर घर तक पहुंच चुका है। यह सिर्फ किसी एक राज्य या क्षेत्र की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश में फैला हुआ एक मकड़जाल है, जो नियामक व्यवस्था की कमजोरियों का फायदा उठा रहा है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस अवैध कारोबार में अब चिकित्सा तंत्र के भीतर के लोग भी शामिल पाए जा रहे हैं। दिल्ली में कैंसर की नकली दवाओं के गिरोह का भंडाफोड़ इस बात का प्रमाण है कि जब व्यवस्था के अंदर बैठे लोग ही भरोसे को तोड़ने लगें, तो हालात और भी गंभीर हो जाते हैं। खाली शीशियों में सस्ती दवा भरकर लाखों में बेचना केवल आर्थिक अपराध नहीं, यह मानवता के खिलाफ अपराध है। प्रश्न यह उठता है कि आखिर इतनी बड़ी मात्रा में नकली और घटिया दवाएं बाजार तक पहुंच कैसे रही हैं? जवाब है निगरानी तंत्र की कमी, कानून के क्रियान्वयन में ढिलाई और सजा का भय न होना। जब तक दोषियों को त्वरित और कठोर दंड नहीं मिलेगा, तब तक ऐसे गिरोह फलते-फूलते रहेंगे। वहीं, आम जनता को भी जागरूक बनाना होगा। दवा खरीदते समय बिल लेना, पैकेजिंग की जांच करना और संदिग्ध दवाओं की सूचना देना, ये छोटे कदम बड़े बदलाव ला सकते हैं। यह जिम्मेदारी केवल नागरिकों पर डालकर सरकार अपने कर्तव्यों से मुक्त नहीं हो सकती। दवा सिर्फ एक उत्पाद नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का माध्यम है। अगर इस क्षेत्र में भरोसा टूटता है, तो पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा जाएगी। इसलिए अब आधे-अधूरे उपायों का समय बीत चुका है। जरूरत है दवाओं के प्रति सतर्कता, मजबूत निगरानी तंत्र, निर्णायक, कठोर और पारदर्शी कार्रवाई की, ताकि नकली दवाओं के इस काले कारोबार पर लगाम लगाई जा सके। तभी देश का हर नागरिक निश्चिंत होकर इलाज करा सकेगा और 'स्वास्थ्य' वास्तव में 'विश्वास' का पर्याय बन पाएगा।

# लोकतंत्र की गरिमा-भाषाई मर्यादा का संकट



मुद्दा
अम्बरीष प्रजापति

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में राजनीतिक विमर्श को हमेशा एक वैचारिक रूप में देखा गया है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसकी प्रकृति में एक भयावह बदलाव आया है। लोकतंत्र केवल बहुमत का शासन नहीं होता, बल्कि यह संवाद, विमर्श और सम्मानजनक असहमति की एक सुसंस्कृत व्यवस्था है। किसी भी लोकतांत्रिक ढांचे की मजबूती इस बात पर टिकी होती है कि उसके प्रतिनिधि सार्वजनिक मंचों पर एक-दूसरे के प्रति किस तरह के व्यवहार और भाषा का प्रदर्शन करते हैं। परंतु, वर्तमान भारतीय राजनीति के परिदृश्य पर दृष्टि डालें तो एक भयावह सत्य उभरकर सामने आता है। वह सत्य है- राजनीतिक विमर्श का निरंतर गिरता स्तर।

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में राजनीतिक विमर्श को हमेशा एक वैचारिक रूप में देखा गया है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसकी प्रकृति में एक भयावह बदलाव आया है। लोकतंत्र केवल बहुमत का शासन नहीं होता, बल्कि यह संवाद, विमर्श और सम्मानजनक असहमति की एक सुसंस्कृत व्यवस्था है। किसी भी लोकतांत्रिक ढांचे की मजबूती इस बात पर टिकी होती है कि उसके प्रतिनिधि सार्वजनिक मंचों पर एक-दूसरे के प्रति किस तरह के व्यवहार और भाषा का प्रदर्शन करते हैं। परंतु, वर्तमान भारतीय राजनीति के परिदृश्य पर दृष्टि डालें तो एक भयावह सत्य उभरकर सामने आता है। वह सत्य है- राजनीतिक विमर्श का निरंतर गिरता स्तर। कुछ दिन पहले कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जिस तरह से देश के सर्वोच्च पद पर आसीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 'आतंकवादी' शब्द का प्रयोग किया, इससे पहले भी मौत का सौदागर, तानाशाह, नीच व बिच्छू जैसे विशेषणों का प्रयोग विपक्षी दलों द्वारा किया गया है, उसने न केवल लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंचाई है, बल्कि भाषाई मर्यादा के गहरे संकट को भी उजागर किया है। यह समस्या केवल एक पक्ष तक सीमित नहीं है, बल्कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही इस दलदल में समान रूप से धंसे हुए नजर आते हैं, जहां तर्कों की जगह कुतर्कों और मुद्दों की जगह व्यक्तिगत लांछनों ने ले ली है।

किसी भी राष्ट्र के प्रधानमंत्री के लिए 'आतंकवादी' जैसे शब्द का प्रयोग करना केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं है, बल्कि उस संवैधानिक पद और जनमत का अपमान है जिसने उस व्यक्ति को चुना है। जब विपक्ष के बड़े नेता अपनी रैलियों में इस तरह की उग्र और अमर्यादित भाषा का सहारा लेते हैं, तो वे भूल जाते हैं कि वे समाज में वैमनस्य के बीज बो रहे हैं। आतंकवादी वह होता है जो निर्दोषों का लहू बहाता है और राज्य की संप्रभुता को चुनौती देता है। एक निर्वाचित प्रतिनिधि को, चाहे उसकी नीतियां कितनी भी विवादास्पद क्यों न हों, इस श्रेणी में खड़ा करना भाषाई दिवालियापन की पराकाष्ठा है। यह प्रवृत्ति दर्शाती है कि राजनीति में अब विरोध का अर्थ केवल नीतिगत आलोचना नहीं रह गया है, बल्कि प्रतिद्वंद्वी का चरित्र हनन करना और उसे जनता की नजरों में एक अपराधी के रूप में पेश करना मुख्य उद्देश्य बन गया है। दुर्भाग्यवश, यह भाषाई गिरावट एकतरफा नहीं है, बल्कि सत्ता पक्ष के नेताओं की ओर से भी समय-समय पर विपक्ष के प्रति ऐसी टिप्पणियां की गई हैं जो किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार कर सकती हैं। सत्ता पक्ष के जिम्मेदार नेताओं द्वारा विपक्ष को देशद्रोही, विदेशी एजेंट, शहरी नक्सल, दीदी ओ दीदी, दीमक और आंदोलनजीवी कह देना भी उसी दूषित मानसिकता का हिस्सा है। जब राजनीतिक दल अपने विरोधियों को शत्रु समझने लगते हैं, तो संवाद के दरवाजे बंद हो जाते हैं। भारतीय संसद और विधानसभाओं के भीतर से लेकर सोशल मीडिया के डिजिटल गलियारों तक, आज भाषा के जो अस्त्र



इस्तेमाल हो रहे हैं, वे किसी भी लोकतांत्रिक मर्यादा की परिधि से बाहर हैं।


नेताओं के बीच शब्दों का चयन अब शालीनता की कसौटी पर नहीं, बल्कि इस बात पर तय होता है कि कौन सा शब्द अधिक से अधिक सुर्खियां बटोर सकता है और समर्थकों की भीड़ को उत्तेजित कर सकता है। इतिहास साक्षी है कि भारत के राजनीतिक आकाश में अटल बिहारी वाजपेयी, इंदिरा गांधी,पंडित दीनदयाल उपाध्याय, सुषमा स्वराज, डॉ. भीमराव अंबेडकर और राम मनोहर लोहिया जैसे दिग्गज रहे हैं, जिनके बीच वैचारिक मतभेद हिमालय की तरह ऊंचे थे, लेकिन उनके शब्दों में एक गरिमा और मर्यादा होती थी। संसद व चुनावी सभाओं में तीखे प्रहार होते थे, लेकिन उन प्रहारों में भी एक साहित्यिक लालित्य और संसदीय शिष्टाचार होता था। आज के दौर में वह शिष्टाचार कहीं खो गया है। आज के नेताओं के लिए भाषा अब विचार व्यक्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि एक हिंसक हथियार बन गई है। जब बड़े नेता मंच से नीच, नालायक या जहर की खेती जैसे शब्दों का उच्चारण करते हैं, तो वे अपनी युवा पीढ़ी को क्या संदेश दे रहे हैं? वे एक ऐसी संस्कृति का निर्माण कर रहे हैं, जहां असहमति का उत्तर केवल गाली और अपमान से दिया जाता है। इस भाषाई संकट का सबसे नकारात्मक प्रभाव आम जनता और समाज की मानसिकता पर पड़ता है। राजनीतिज्ञ समाज के लिए रोल मॉडल होते हैं। जब वे सार्वजनिक जीवन में मर्यादाओं का उल्लंघन करते हैं, तो समाज के निचले स्तरों पर भी वैसी ही कटुता और असहिष्णुता घर कर लेती है। सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग और हिंसक बहसें इसी भाषाई पतन का विस्तार हैं। राजनीति में हार-जीत तो चलती रहती है, लेकिन जो शब्द एक बार बोल दिए जाते हैं, वे समाज के मानस पटल पर स्थायी घाव छोड़ देते हैं। प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहना या विपक्ष के नेता को अपमानजनक उपनामों से पुकारना, अंततः देश की लोकतांत्रिक परिपक्वता को विश्व पटल पर कमजोर करता है। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि सत्ता आती-जाती रहती है, लेकिन संवैधानिक पद तथा संस्थाओं की गरिमा और भाषाई शुचिता का बना रहना जरूरी है। लोकतंत्र में आलोचना प्राणवायु की तरह है, लेकिन आलोचना का आधार तथ्य और तर्क होने चाहिए, न कि गालियां और व्यक्तिगत आक्षेप। यदि विपक्ष सरकार की नीतियों से असहमत है, तो उसे आंकड़ों और ठोस तर्कों के साथ अपनी बात रखनी चाहिए। इसी प्रकार, सत्ता पक्ष को भी विपक्ष के अस्तित्व का सम्मान करना चाहिए और उन्हें अपनी बात रखने का पूरा अवसर देना चाहिए। जब तक राजनीति में प्रतिद्वंद्वी और शत्रु के बीच का अंतर स्पष्ट नहीं होगा, तब तक इस भाषाई संकट से मुक्ति मिलना असंभव है। अंततः, यह जिम्मेदारी केवल नेताओं की ही नहीं, बल्कि मतदाताओं की भी है। जब तक जनता अमर्यादित भाषा बोलने वाले नेताओं को पुरस्कृत करती रहेगी और उनकी रैलियों में तालियां बजाती रहेगी, तब तक राजनीतिक दल अपनी शैली बदलने के लिए प्रेरित नहीं होंगे।

हमें एक ऐसे राजनीतिक परिवेश की आवश्यकता है, जहां विचारों का संघर्ष हो, शब्दों का युद्ध नहीं। लोकतंत्र की गरिमा तभी सुरक्षित रह सकती है जब भाषा में शालीनता हो, व्यवहार में विनम्रता हो और विरोध में भी सम्मान का पुट हो। प्रधानमंत्री पद की गरिमा और विपक्ष की भूमिका, दोनों ही लोकतंत्र के दो पहिए हैं। यदि इनमें से किसी के प्रति भी भाषाई अनाचार होता है, तो वह पूरे लोकतंत्र के ढांचे को हिला देता है। सभी राजनीतिक दल एक साथ मिलकर एक आचार संहिता बनाएं और यह सुनिश्चित करें कि चुनावी जीत की होड़ में वे अपनी सभ्यता और भाषाई विरासत को पीछे न छोड़ दें। लोकतंत्र को बचाने के लिए केवल संविधान की रक्षा पर्याप्त नहीं है, बल्कि उस भाषा की रक्षा भी जरूरी है जो हम एक-दूसरे के प्रति प्रयोग करते हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## योग : कर्मसु कौशलम



संकलित
दर्शन

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा।

## महिला के शुभ कदम



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी ने दुकानदार से पूछा- केले और सेवफल क्या भाव लगाऐ है? दुकानदारः केले 20 रु. दर्जन और सेव 100 रु. किलो। उसी समय एक गरीब सी औरत दुकान में आयी और बोली मुझे एक किलो सेव और एक दर्जन केले चाहिए, क्या भाव है? भैया दुकानदार- केले 5 रु. दर्जन और सेब 25 रु. किलो। औरत ने कहा-जल्दी से दे दीजिए। दुकान में पहले से मौजूद ग्राहक ने खा जाने वाली निगाहों से घूरकर दुकानदार को देखा, इससे पहले कि वो कुछ कहता, दुकानदार ने ग्राहक को इशारा करते हुए थोड़ा सा इंतजार करने को कहा। औरत खुशी खुशी खरीदारी करके दुकान से निकलते हुए बड़बड़ाई हे भगवान तेरा लाख लाख शुक्र है, मेरे बच्चे फलों को खाकर बहुत खुश होंगे। औरत के जाने के बाद, दुकानदार ने पहले से मौजूद ग्राहक की तरफ देखते हुए कहा- ईश्वर गवाह है, भाई साहब मैंने आपको कोई धोखा देने की कोशिश नहीं की। यह विधवा महिला है, जो चार अनाथ बच्चों की मां है। किसी से भी किसी तरह की मदद लेने को तैयार नहीं है। मैंने कई बार कोशिश की है और हर बार नाकामी मिली है। तब मुझे यही तरीकीब सूझी है कि जब कभी ये आए तो, मै उसे कम से कम दाम लगाकर चीज़े दे दूं। मैं यह चाहता हूँ कि उसका भरम बना रहे और उसे लगे कि वह किसी की मोहताज नहीं है। इस तरह भगवान के बन्दो की पूजा कर लेता हूं। थोड़ा रूक कर दुकानदार बोला-यह औरत हफ्ते में एक बार आती है। भगवान गवाह है, जिस दिन यह आ जाती है उस दिन मेरी बिक्री बढ़ जाती है और उस दिन परमात्मा मुझपर मेहरबान हो जाता है।

## यातायात

प्रमोद भार्गव



# दुर्घटनाओं को आमंत्रित करते राजमार्ग

निःसंदेह देश में अच्छे और चौड़े राजमार्ग उत्कृष्ट विकास के प्रतीक हैं। सड़कें मानव विकास की जीवन रेखाएं हैं। देश की आर्थिक स्थिति सुधरने के साथ-साथ सड़कों के निर्माण का जाल बिछ गया है। ग्रामों से मुख्य मार्गों को जोड़ने वाली सड़कें भी बड़ी संख्या में बनी हैं, लेकिन उसी अनुपात में वाहन तो बढ़े ही, उनकी रफ्तार भी बढ़ गई। नशे में भी लोग वाहन बेधड़क चलाने लग गए। अतएव उच्च तकनीक की सहायता से निर्मित किए गए एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्ग उसी अनुपात में दुर्घटनाओं का कारण बनते चले जा रहे हैं। सीमेंट और कंक्रीट की बनी सड़कें दुर्घटनाओं को ज्यादा आमंत्रित कर रही हैं, क्योंकि इन सड़कों पर वाहन जितनी जल्दी रफ्तार पकड़ते हैं, उतनी जल्दी नियंत्रित नहीं होते हैं। ऐसे में ब्रेक लगाना वाहन पलटने का कारण बन जाता है। साफ है, सुविधाजनक चार और छह लाइन की सड़कें सुरक्षित सफर की कसौटी नहीं रह गई हैं। देश में राष्ट्रीय राजमार्ग केवल दो प्रतिशत हैं, किंतु सड़क हादसों में होने वाली मौतों की कुल संख्या में इनका प्रतिशत 30 है। इसकी चिंता करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र, राज्य सरकारों और संबंधित सड़क प्राधिकरणों को सड़कों को सुरक्षित बनाने के दिशा-निर्देश दिए है। देश में सड़क दुर्घटनाओं को लेकर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, बीते वर्ष की तुलना में 4.2 प्रतिशत हादसे बढ़ गए, इनमें जान गंवाने वालों की संख्या भी बढ़ गई।

साल 2019 में देश में 4.56 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1.59 लाख लोग मारे गए। 2020 में कोरोना काल के चलते आवागमन लगभग बंद था, इसलिए हादसे भी कम हुए, परंतु 2021 में करीब 4.2 लाख, 2022 में 4.61 लाख और 2023 में 4.80 लाख दुर्घटनाएं हुईं और इन हादसों में करीब 8 लाख से ज्यादा लोग मारे गए। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। लिहाजा शासन-प्रशासन ने बड़े हादसों का ठीकरा वाहनों की तेज रफ्तार पर फोड़कर अपनी चिंता पूरी कर ली। चिंता की बात है कि आखिर ये हादसे क्यों हो रहे हैं? केंद्र सरकार ने नवंबर 2022 में जानकारी दी थी कि देशभर में हुई कुल सड़क दुर्घटनाओं में 32.9 प्रतिशत एक्सप्रेस-वे पर घटी हैं। इनकी वजह तेज गति रही है। सवाल है कि जब तेज रफ्तार से हादसे हो रहे हैं, तो इन्हें रोकने के उपाय क्या किए जा रहे हैं। पश्चिमी देशों में तो गति रडार लगाए गए हैं। व्यावसायिक वाहनों में भी स्पीड गवर्नर लगाने की योजना है, लेकिन वह ठंडे बस्ते में पड़ी हैं। यह योजना इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम है। इसे वाहन की ईंधन प्रदाय प्रणाली से जोड़ा जाता है, जो गति बढ़ाने के लिए अतिरिक्त तेल इंजन में जाने ही नहीं देती है। दुर्घटनाओं के बढ़ने का एक बड़ा कारण देश को कार और दो पहिया वाहनों से पाट देना भी है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर होटल और भोजनालयों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इनके सामने वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े कर दिए जाते हैं। इसी सिलसिले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि संबंधित प्राधिकरण और नियंत्रक एजेंसियां इस स्थिति को सुधारने का प्रयत्न करें। वैसे राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात पुलिस की नियमित गष्त का प्रावधान है, लेकिन लापरवाही के चलते गश्तीदल दिखते ही नहीं हैं। अब तक यह आम धारणा बनी हुई है कि सड़क हादसे राजमार्गों पर अधिक होते हैं, किंतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क दुर्घटनाओं को लेकर एक नई तस्वीर पेश की है।

इससे पता चला है कि राजमार्गों से कहीं अधिक हादसे भीतरी सड़कों पर भी होने लगे हैं। ग्रामीण इलाकों में जब से ट्रैक्टर, बाइक और कार-जीपों की संख्या बढ़ी है, तब से इन छोटे समझे जाने वाले मार्गों पर दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बीते दो दशकों के भीतर गांव-गांव सड़कें पहुंची हैं और उसी तादाद में वाहन भी बढ़े हैं। सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं में शराब पीकर वाहन चलाना, नाबालिग बाइकर्स का सड़कों पर बेलगाम होना भी है। वहीं देश में बढ़ते सड़क हादसों के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों में भी तलाशे जा रहे हैं। दरअसल, देश में हरेक साल करीब डेढ़ लाख लोग मारे जाते हैं और चार से पांच लाख घायल होते हैं, उनमें ज्यादातर युवा होते हैं। दूसरी तरफ सरकार राजमार्गों पर ऐसे स्थल तलाश रही है, जहां अधिकतम दुर्घटनाएं होती हैं। इसके बाद इन स्थलों पर ऐसे सुधार किए जाएंगे,जिससे घटनाएं कम हों। यदि सड़क पर गति को नियंत्रित नहीं किया गया तो सड़क हादसों में मरने वाले लोगों की संख्या इतनी बढ़ जाएगी कि शायद आबादी नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन की जरूरत ही नहीं रह जाएगी? सड़कों से वाहन कम किए बिना दुर्घटनाओं से छुटकारा मुश्किल है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### आखिर क्यों टूट रहे हैं छात्र

भारतीय तकनीकी शिक्षा के प्रतिष्ठित संस्थान, जिन्हें कभी 'सपनों की फैक्टरी' कहा जाता था, आज कई युवाओं के लिए मानसिक दबाव के कारखाने बनते जा रहे हैं। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में महज़ दो महीनों के भीतर चार छात्रों की आत्महत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया है। यह केवल चार जिंदगियों का अंत नहीं, बल्कि एक ऐसे तंत्र की विफलता है जो प्रतिभा को तराशने के बजाय उसे तोड़ रहा है। फरवरी से अप्रैल 2026 के बीच हुई ये घटनाएं अलग-अलग नहीं हैं, बल्कि एक खतरनाक सिलसिले का संकेत देती हैं, जहां एक घटना के बाद दूसरी घटना घटती चली जाती है, जैसे निराशा एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक फैल रही हो। सवाल यह है कि छात्र क्यों आत्महत्याएं कर रहे हैं।

*-विपिन चौहान, दुर्ग*

## करंट अफेयर


# पाक के हवाई क्षेत्र में भारतीय विमान कंपनियों पर प्रतिबंध



पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र में भारतीय विमानों पर लगाए गए प्रतिबंध को मंगलवार को एक महीने के लिए और बढ़ा दिया। पाकिस्तान ने 24 अप्रैल, 2025 से भारतीय उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद रखा है, जिससे भारतीय विमानन कंपनियों को अरबों रुपये का नुकसान हुआ है। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण ने 'नोटिस टू एयरमेन' (नोटम) में कहा है कि 'सभी भारतीय-पंजीकृत, पट्टे पर लिए गए, वाणिज्यिक और सैन्य विमानों को 24 मई, 2026 को सुबह पांच बजे तक पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।' यह नोटिस पिछले नोटिस की समय सीमा 24 अप्रैल समाप्त होने से कुछ दिन पहले जारी किया गया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद उत्पन्न तनाव के चलते पाकिस्तान ने भारतीय विमानन कंपनियों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था। भारत ने आतंकी हमले के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया था। हालांकि, पाकिस्तान ने इन आरोपों को खारिज कर दिया और पारदर्शी जांच की मांग की। इसके जवाब में भारत ने भी पाकिस्तानी विमानन कंपनियों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया। पाकिस्तान ने भारत पर पहली बार इस तरह के प्रतिबंध लगाए।

## ऑफ बीट

# डिजिटल तकनीक प्रौद्योगिकी आपका समय चुरा रहा



प्रौद्योगिकी अमूमन हमारे जीवन को आसान बनाने के लिए होती है। स्मार्ट फोन दुनिया को हथेली के आकार की खिड़की प्रदान करते हैं, जिससे हम एक बटन के स्पर्श से लगभग कुछ भी करने में सक्षम हो जाते हैं। स्मार्ट घर अपनी देखभाल खुद करते हैं, और आभासी बैठकों का मतलब है कि कई लोगों के लिए, आने-जाने में बिताया गया समय अतीत की बात हो गई है। तो इसका मतलब यह है कि हमारे पास अधिक खाली समय होना चाहिए। जो समय अब सोने, आराम करने या कुछ भी न करने में व्यतीत हो रहा है – ठीक है? यदि यह विचार कि आपके पास पहले से कहीं अधिक समय है, आपको कुछ सोचने पर मजबूर कर रहा है, तो आप अकेले नहीं हैं। इस बात के बढ़ते सबूत हैं कि डिजिटल तकनीक हमें कुछ समय बचाने में मदद कर सकती है, लेकिन हम उस समय का उपयोग ज्यादा से ज्यादा काम करने में करते हैं। हमने हाल ही में पूरे यूरोप में 300 लोगों का साक्षात्कार लिया, यह समझने के लिए कि वे दैनिक जीवन में डिजिटल उपकरणों का उपयोग कैसे करते हैं। इस शोध से पता चला कि लोग अपने जीवन में खाली समय से बचना चाहते हैं, इसलिए इस दौरान वह उन कार्यों को पूरा करते हैं, जिनमें से कुछ प्रौद्योगिकी के बिना संभव नहीं होंगे।

## ट्रेंड

### टीएमसी की सरकार गिरेगी



तृणमूल कांग्रेस ने पिछले 15 वर्षों में बंगाल को 50 साल पीछे धकेल दिया है। दशकों से युवाओं को रोजगार से वंचित रखा गया है, किसानों की उपज की कालाबाजारी की गई दमदम में उमड़ रहा उत्साह इस बात का संकेत दे रहा है कि जनविरोधी तृणमूल कांग्रेस की यह सरकार गिरने वाली है।
**-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### कांग्रेस की मानसिकता



कांग्रेस पार्टी के लोग अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। इन लोगों से कुछ भी कहना समय की बर्बादी है। और जब समय आएगा, तो कांग्रेस का आज जो हाल है, कल उनका हाल उससे भी बदतर होगा।
**-रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### ममता दीदी को समर्थन



ममता दीदी से मैंने उनके प्रति एकजुटता और समर्थन व्यक्त किया। वह एक बेहद कठिन लड़ाई लड़ रही हैं, जो लोकतंत्र के लिए सबसे महत्वपूर्ण लड़ाइयों में से एक है। मोदी जी हारेंगे, चाहे उन्होंने सभी संस्थानों का दुरुपयोग ही क्यों न किया हो।
**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### विनम्र श्रद्धांजलि



पहलगाम आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वाले 26 नागरिकों को बरसी पर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। देश निर्दोष नागरिकों के बलिदान को कभी नहीं भूलेगा और न ही क्षमा करेगा। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।
**- मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
धरमपुरा - 2, जगदलपुर, जिला- बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत, पिनकोड 494001

क्रमांकः 68 / भण्डार / श.म.क.वि.वि. / 2026

जगदलपुर, दिनांकः 22/04/2026

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर द्वारा 4 एवं 5 मई 2026 को आयोजित इनोवेशन महाकुंभ 1.0 कार्यक्रम हेतु कैटरिंग तथा भोजन व्यवस्था के लिए पंजीकृत फर्मों/कैटरर्स से निविदा पी.एण्ड.टी. अधिकृत कोरियर/डाक द्वारा दिनांक 29.04.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। पर्याप्त प्राप्त निविदाओं को उसी दिवस सांय 4.00 बजे से विश्वविद्यालय में खोला जायेगा। अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय का वेबसाईट www.smkvbastar.ac.in का अवलोकन करें।

S-47588/1 कुलसचिव


**आईएचसीएल ने हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया पूरा**

नई दिल्ली। टाटा समूह की इकाई इंडियन होटल्स कंपनी ने अपनी अनुषंगी कंपनियों के साथ मिलकर लगभग 222 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ ब्रिज हॉस्पिटलिटी में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है।


# GOVERNMENT OF MAHARASHTRA
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PUBLIC WORKS DIVISION, WAMAN NAGAR, KHAMGAON- 444303
email: khamgaon.ee@mahapwd.com Telephone no. 07263 2897 Fax No.07263 255248

**E-TENDER NOTICE No. 01/2026-27 (Online)**

Executive Engineer, Public works Division Khamgaon Dist. Buldana invites tender on B-1 tender form on online e tendering system. Tender document are available on Maharasthra Government website https://mahatenders.gov.in and can be downloaded. competent authority reserves the right to reject any or all tender without assigning any reason. Conditional Tenders are not accepted.

| Sr. No. | Name of Works | Estt. Tender Cost (in Lakhs) | Estt. Tender Cost (in Words) |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Remaining Works & Other Miscellanenous for Railway Over Bridge (ROB) At Jalamb on Changefal Bhendwal Bhastan Matergaon Khamgaon road (SH-222) in Km.12/400 (New KM. 29/600) Tq.Shegaon Dist. Buldhana. | 1497.00 | One Thousand Four Hundred Ninty Seven Lakhs Only |
| 2 | Improvement with Widening in Km .60/400 to 63/200 (Part Shahapur to Akola Dist Border) on SH 274 - Bori Adgaon Bothkazi Shahapur upto District Border Tq Khamgaon Dist.Buldhana.(NH-753 E from Varvand Phata, up to Karvand and extension of state road MDR-125: from Karvand-up to Undri and from Undri-up to Ambetakali, Adgaon) | 496.00 | Four Hundred Ninnty Six Lakhs Only |
| 3 | Improvement with Widening in Km.7/00 to 14/00 (Part Zodga Vazar to NH 548 CC) on MDR 57 SH 222 (Vairagad) to Zodga Wazar SH 222 Ganeshpur Shirala Nirod Gharod Akoli Atali Adgaon Join to SH 269 Tq.Khamgaon Dist. Buldhana (Upto Akoli). | 1220.00 | One Thousand Two Hundred Twenty Lakhs Only |
| 4 | Construction of Minor Bridge with Approaches in Km.24/100 (Near Kanchanpur Village) on MDR 58- SH-222 to Lokhanda, Gharod, Lakhanwada, Jairamgad, Shirla Nemane, Kanchanpur, Bothakaji, Join to SH 274 road Tq.Khamgaon Dist. Buldhana.(Near Kanchpur village) Determining the approach route of the small bridge. (NH-548CC from Lokhanda to Gharod) | 462.00 | Four Hundred Sixty Two Lakhs Only |
| 5 | Construction of the Office Building for the Public Works Sub-Division at Khamgaon Dist.Buldhana. | 170.00 | One Hundred Seventy Lakhs Only |
| 6 | Improvement to road in Km.15/00 to 21/00 on SH-438 Pimpri Adhav Pota Tarwadi Kandari Bk. Fuli Takarkheda Dolarkhed Nimkhed Pimpalkhuta Kh.Tq.Nandura Dist.Buldhana.(From Tarwadi, up to Kandari B. and MDR-79: Pimpalkhuta Khu.-Bhadgani-Ghusar Phata up to NH-753A) | 218.00 | Two Hundred Eighteen Lakhs Only |
| 7 | Improvement to road in Km.1/00 to 2/500 on SH 403 - Panhera Bahapur NH 53 Join to SH 272 Tq.Malkapur Dist. Buldhana.(From Panhera, Bahapura, National Highway No.53 up to Belad,Ghirni, Datala, Umali and near Bazar and Tarwadi up to SH. 272.) | 218.00 | Two Hundred Eighteen Lakhs Only |
| 8 | Improvement to road in Km.1/00 to 11/500,18/500 to 21/200 Devdhabha Tigra Bhangura (NH 6) Rantham Chikhali Dudhalgaon Dasarkhed Join to NH 6 Road Tq.Malkapur Dist. Buldhana.(Tighra Malkapur) | 435.00 | Four Hundred Thirty Five Lakhs Only |
| 9 | Improvement to road in Km.5/250 5 10/00 on MDR 77 -NH 6, Kati, Makner, Umali,! Bhadgani road Tq.Malkapur Dist. Buldhana.(SH-403 from Umali (Taluka-Malkapur) to Kati (Taluka-Nandura). | 435.00 | Four Hundred Thirty Five Lakhs Only |
| 10 | Improvement to road in Km.3/750 to 4/00 & 6/500 to 7/600 on MDR79 - NH 753 E to Bhadgani Pimpalkhuta Bk. Belura Join to SH 277 road Tq.Malkapur Dist. Buldhana. (FromSH--438 Pimpalkhuta District Vadner (Taluka-Malkapur) to SH--403 Belura (Taluka- Nandura)) | 218.00 | Two Hundred Eighteen Lakhs Only |
| 11 | Improvement to road in Km. 10/500 to 16/00 on MDR 81 Jeegaon, Mamuiwadi, Khumgaon, Dahigaon, Isabpur, Nandura road join to NH 6 road Tq. Nandura Dist.Buldhana.(From Khumgaon toNH-53 Nandura.) | 435.00 | Four Hundred Thirty Five Lakhs Only |
| 12 | Construction of Bridge on VR-86 Belura to Nimkhed at Km.2/00 Tq.Nandura Dist.Buldhana. Under Nabard | 464.00 | Four Hundred Sixty Four Lakhs Only |
| 13 | WBM & Improvement to road in in Km.1/00 to 5/00 (Wakana to Bhilkhed ) & Km.19/650 to 24/500 (Wankhed to Pimpri Malegaon) on MDR 66 - SH 222 Rudhana, Wakana, Bhilkhed, Bodkha, Manardi, Wankhed Fata, Wankhed, Pimpri Adgaon to Join SH 271 Tq.Sangrampur Dist. Buldhana. (From Ukadagaon to Wankhed) | 522.00 | Five Hundred Twenty Two Lakhs Only |
| 14 | WBM & Improvement to road in in Km.11/300 to 12/500 ( Sawala Dhamangaon) & Km.19/200 to 24/00 (Nirod Wakana) on MDR 137- SH-47 (Jamod) Malthana Rajpur Akoli Kh.Changefal NH -161 G Junction Niwana Sawala Dhamangaon Nirod Wakana road Tq.Sangrampur Dist. Buldhana.(From Dhamangaon to Wakana) | 435.00 | Four Hundred Thirty Five Lakhs Only |
| 15 | WBM & Improvement to road in Km 0/00 to13/00 on MDR-135- NH 161 G Jalgaon Jamod to Wadgaon Patan Taroda Kh. Takali Yengaon Kajegaon Tq.Jalgaon Jamod Dist. Buldhana.(NH-161 G.Khel from Jalgaon to Kurangad and from Yengaon to Kajegaon.) | 435.00 | Four Hundred Thirty Five Lakhs Only |
| 16 | Construction of Bridge with Protection wall in Km.2/400 & Km.2/700 on MDR 63 - SH 271 (Nimbhora Fata) Nimbhora bk. Borala kh Borala bk Kajegaon Chondi road Tq.Jalgaon Jamod Dist.Buldhana (From Borala (Taluka Jalgaon Jamod) to Chondi (Taluka Sangrampur) | 435.00 | Four Hundred Thirty Five Lakhs Only |
| 17 | Construction of Bridge approaches, Protection wall & Water Discharge work in Km.14/800 &15/900 on MDR-137- SH-47 (Jamod) Malthana Rajpur Akoli Kh.Changefal NH -161 G Junction Niwana Sawala Dhamangaon Nirod Wakana road Tq. Sangrampur District Buldhana (From (Dhamangaon to Wakana) | 348.00 | Three Hundred Fourty Eight Lakhs Only |
| 18 | Construction of a New Rest House Building at Jalgaon Jamod Dist. Buldhana. | 222.00 | Two Hundred Twenty Two Lakhs Only |
| 19 | Construction of a New Rest House Building at Sangrampur Dist. Buldhana. | 222.00 | Two Hundred Twenty Two Lakhs Only |
| 20 | Improvement to road in Km.11/00 to 12/00 MDR 75 SH 270, Jambhuldhaba, Lonwadi, Nimbhari(NH 6) New NH 753 A to Ghirni road Tq.Malkapur Dist. Buldhana.(SH-270 from Jambhuldhaba to NH--753A Nimbari. ) | 87.00 | Eighty Seven Lakhs Only |

Tender download period :- Dt. 23.04.2026 to Dt. 30.04.2026 (On Line Schedule is Applicable & Final)

Pre-bid Conference Date For Work No. 01 to 19 :- As per online Schedule

Tender opening :- As per online Schedule

All Information related to Tender are available at following Web site.
(1) http://mahapwd.com (2) https://mahatenders.gov.in
(3) Copy available at E.E. P.W. D. office Khamgaon on information Board.

The competent authority reserves the right to cancel all or part of the tenders without assigning any reason.

(Any Corrigendum/ changes will not Published in News Papers & can be seen Only on web site)

For any technical related queries please call at 24 x 7 Help Desk Number 0120-4001 002, 0120-4001 005, 0120-6277 787

Term and conditions :-

1) Work No. 01 to 19 For Contractor submitting bids need not be registered with public works Department.,.Any eligible contractor who satisfies tender term and conditons can participate in the tender, Foreign companies having sub companies in India can Participate in the tender process.
2) Work No. 01 to 19 For Post Qualification Criteria is Applicable

Out word No. /Tender/2026/ETN-01/ Dt.
Office of the Executive Engineer
Executive Engineer
Public Works Division Khamgaon.

sd/-
Executive Engineer
Public Works Division, Khamgaon

आरओसी-2026-27/क्र-5/C372


## वस्त्र मंत्रालय ने वर्ष 2025-26 के लिए जारी की रिपोर्ट

# भारत का वस्त्र निर्यात 2025-26 में 2.1 प्रतिशत बढ़कर 3.16 लाख करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हस्तशिल्प सहित देश का वस्त्र निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में 2.1 प्रतिशत बढ़कर 3.16 लाख करोड़ रुपये हो गया। 2024-25 में यह 3.09 लाख करोड़ रुपये था। वस्त्र मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह वृद्धि उस समय हुई जब समूचे वित्त वर्ष के अधिकतर समय क्षेत्र को उसके सबसे बड़े निर्यात गंतव्य अमेरिका द्वारा लगाए गए ऊंचे शुल्क का सामना करना पड़ा। अमेरिका ने जवाबी शुल्क व्यवस्था दो अप्रैल 2025 को 10 प्रतिशत से लागू की और यह दर निरंतर तेजी से बढ़ती गई। भारत के लिए दरें सात अगस्त 2025 तक 25 प्रतिशत और 28 अगस्त तक 50 प्रतिशत हो गईं जो फरवरी 2026 की शुरुआत तक इसी स्तर पर बनी रहीं। अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अमेरिकी प्रशासन ने 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लागू किया।

### 120 से अधिक देशों को निर्यात

न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई देशों पर लगाए गए व्यापक शुल्क को खारिज कर दिया था। मंत्रालय ने कहा कि यह प्रदर्शन भारतीय वस्त्र उत्पादों की स्थिर वैश्विक मांग और प्रमुख उत्पाद श्रेणियों में क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता को दर्शाता है। अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 के दौरान सालाना आधार पर 120 से अधिक गंतव्यों में निर्यात वृद्धि दर्ज की गई जो भौगोलिक विस्तार का संकेत है।



- वर्ष 2024-25 में यह 3.09 लाख करोड़ रुपए था
- अतिकतर समय क्षेत्र को अमेरिका के ऊंचे शुल्क का सामना करना पड़ा
- अमेरिका ने जवाबी शुल्क व्यवस्था दो अप्रैल 2025 से लागू की



### प्रमुख बाजारों में अमीरात व जर्मनी रहे

प्रमुख बाजारों में संयुक्त अरब अमीरात (22.3 प्रतिशत), ब्रिटेन (7.8 प्रतिशत), जर्मनी (9.9 प्रतिशत), स्पेन (15.5 प्रतिशत), जापान (20.6 प्रतिशत), मिस्र (38.3 प्रतिशत), नाइजीरिया (21.4 प्रतिशत), सेनेगल (54.4 प्रतिशत) और सूडान (205.6 प्रतिशत) में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। प्रमुख खंडों में सिले हुए वस्त्रों (आरएमजी) का सबसे अधिक योगदान रहा जिसका निर्यात 1.35 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 1.39 लाख करोड़ रुपये हो गया, यानी 2.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### ब्रिटेन और यूरोपीय संघ बाजार की और रुख

*चेयरमैन ने कहा कि भविष्य में ब्रिटेन और यूरोपीय संघ जैसे प्रमुख बाजारों के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते प्रतिस्पर्धात्मकता और बाजार पहुंच बढ़ाकर निर्यात को महत्वपूर्ण बढ़ावा देंगे। शक्तिवेल ने कहा कि साथ ही, लागत दबाव से निपटने और निर्यात गति बनाए रखने के लिए योजनाओं के माध्यम से नीतिगत समर्थन जारी रहना जरूरी होगा। आने वाले वर्ष में यह क्षेत्र मजबूत वृद्धि के लिए अच्छी स्थिति में है।*

**हथकरघा उत्पादों का निर्यात स्थिर रहा**

*सूती धागे, कपड़े, तैयार माल और हथकरघा उत्पादों का निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में स्थिर रहा। ये 0.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.02 लाख करोड़ रुपये रहा। मानव निर्मित धागे, कपड़े और तैयार उत्पादों में 3.6 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई जिसमें निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 41,196 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 के दौरान 42,687.8 करोड़ रुपये हो गया।*

**हाथ से बने कालीन ने सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की :** मूल्य-वर्धित खंडों में हस्तशिल्प (हाथ से बने कालीन को छोड़कर) ने सबसे अधिक 6.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जो 2024-25 के 14,945.5 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 15,855.1 करोड़ रुपये हो गया।

### टेक महिंद्रा के लाभ में 16 फीसदी का इजाफा

नई दिल्ली। कंपनी टेक महिंद्रा का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 16 प्रतिशत बढ़कर 1,353.8 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी 2024-25 की चौथी (मार्च) तिमाही में मुनाफा 1,166.7 करोड़ रुपये रहा था। परिचालन आय 12.6 प्रतिशत बढ़कर 15,076.1 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 13,384 करोड़ रुपये थी। तिमाही आधार पर लाभ एवं राजस्व में क्रमशः 20.7 प्रतिशत और 4.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## अकासा एयर के बेड़े में शामिल हुआ नया विमान

**नई दिल्ली।** अकासा एयर ने एक बोइंग 737 मैक्स 8-200 विमान की आपूर्ति प्राप्त की है। इसके साथ उसके बेड़े में विमानों की संख्या बढ़कर 38 हो गई है। चार महीनों में सात विमान शामिल किए जा चुके हैं। अगस्त 2022 में उड़ान शुरू करने वाली इस एयरलाइन कंपनी ने कहा कि लगातार बेड़े में हो रही बढ़ोतरी से उसका नेटवर्क और मजबूत होगा। कंपनी के अनुसार, 38वें विमान की आपूर्ति उड़ान का पहला चरण अमेरिका के सिएटल से आइसलैंड के रेक्जाविक तक हुआ, जबकि अंतिम चरण मिस्र के काहिरा से भारत के बेंगलुरु तक पूरा किया गया।

## इंडक्शन चूल्हे के उपकरणों पर सीमा शुल्क कटौती पर विचार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और पश्चिम एशिया संकट के बीच कीमतों में वृद्धि से निपटने के लिए इंडक्शन चूल्हे के महत्वपूर्ण उपकरणों पर सीमा शुल्क में कटौती करने पर विचार कर रही है।

एक अधिकारी ने बताया कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने इन चूल्हे को और अधिक किफायती बनाने के लिए इन पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने की सिफारिश भी की है। पश्चिम एशिया संकट ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य से तेल और गैस ले जाने वाले जहाजों की आवाजाही को बाधित कर दिया है, जिससे रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।




## चांदी 2,700 रुपए फिसली और सोना 300 रुपए टूटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को अमेरिका-ईरान शांति वार्ता को लेकर अनिश्चितता के बीच सोने की कीमत 300 रुपये टूटकर 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही, जबकि चांदी 2,700 रुपये फिसलकर 2.55 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 300 रुपये टूटकर 1,57,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई, क्योंकि अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की बातचीत की योजना विफल हो गयी।


**बिजनेस साइट**

## दुर्ग-भिलाई में आदित्य विजन के दो नए स्टोर का भव्य शुभारंभ




**रायपुर।** देश की अग्रणी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन आदित्य विजन ने छत्तीसगढ़ में अपने विस्तार को गति देते हुए दुर्ग और भिलाई में दो नए स्टोर्स का शुभारंभ किया। दुर्ग में स्टेशन रोड, शंकर नगर स्थित तरुण टॉकीज के सामने तथा भिलाई में जी.ई. रोड स्थित आकाश गंगा मार्केट में कंपनी का 200वां स्टोर शुरू हुआ। इन स्टोर्स का उद्घाटन ग्राहकों की उपस्थिति में भव्य रूप से किया गया। आदित्य विजन, जो बिहार में उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में विश्वसनीय नाम माना जाता है, आदित्य विजन ने 1999 में पटना से अपनी शुरुआत की थी और अब 200 स्टोर्स के साथ देशभर में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है। कंपनी के निदेशक निशांत प्रभाकर ने इस उपलब्धि को ग्राहकों, कर्मचारियों और सहयोगियों के विश्वास और मेहनत का परिणाम बताया। कंपनी ग्राहकों को ब्याज मुक्त फाइनेंस, जीरो डाउन पेमेंट, आसान ईएमआई, एक्सचेंज ऑफर और त्वरित डिलीवरी जैसी सुविधाएं प्रदान कर रही है। इसके साथ ही 'खरीदें और जीतें' योजना के तहत करोड़ों रुपये के पुरस्कार भी घोषित किए गए हैं।

## एलन के कबीर छिल्लर बने जेईई मेन 2026 के ऑल इंडिया टॉपर



**कोटा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जेईई-मेन 2026 सेशन-2 का परिणाम घोषित कर दिया गया है, जिसमें एक बार फिर एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी श्रेष्ठता साबित की है। एलन के क्लासरूम स्टूडेंट कबीर छिल्लर ने ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल कर देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। एलन के सीईओ नितिन कुकरेजा के अनुसार, टॉप-10 में एलन के 4 छात्र शामिल हैं।

इनमें अर्णव गौतम (रैंक-5), शुभम कुमार (रैंक-6) और ऋषि प्रेमनाथ (रैंक-8) प्रमुख हैं। इसके अलावा टॉप-20 में 9 और टॉप-100 में 42 छात्र एलन से हैं, जबकि 21 स्टेट टॉपर्स भी इसी एलन से रहे हैं। इस वर्ष जेईई-मेन में रिकॉर्ड 15.38 लाख छात्रों ने परीक्षा दी, जिनमें 26 विद्यार्थियों ने 100 पर्सेंटाइल हासिल किया। एलन ने अपने परिणामों की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ई-वाई इंडिया से वैलिडेशन भी करवाया है। टॉपर कबीर छिल्लर ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित मेहनत, सटीक रणनीति और फैकल्टी गाइडेंस को दिया। वहीं अन्य टॉपर्स ने अनुशासन, कॉन्सेप्ट क्लैरिटी और मॉक टेस्ट को सफलता का प्रमुख आधार बताया।


# कार्यालय मुख्य अभियंता,
## लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)

दिनांक 21.04.2026

सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू.क्र. दिनांक | सिस्टम आईडी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (including GST) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 14/CE/NH/TC/44-10/2026 (1st Call) | 2026_MoRTH_906055_1 | Maintenance Work on Km. 469.300 To 531.775 Patthalgaon to Kunkuri section NH- 43 (Old NH-78) | Rs. 254.17 Lakhs |

**निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि 12.05.2026 समय शाम 11:00 बजे तक है।**

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H's) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure / app से डाऊनलोड की जा सकती है।

मुख्य अभियंता,
लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)

G-262700325/5



# कार्यालय कलेक्टर, जिला-रायपुर (छ.ग.)
## एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

**-:: अधिसूचना ::-**

**धारा-11, भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013**

क्र. 318 /वा.भू.अ./अ.वि.अ./2026 रायपुर, दिनांक 9/4/2026

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि अनुसूची के खाने (1) से (5) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (7) में उनके नाम के सामने दिये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यक है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-11 की उपधारा-(1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (6) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा-12 द्वारा दी गई शक्तियों को प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :-

**-:: अनुसूची ::-**

| भूमि का वर्णन | | | | | धारा 12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम/नगर | खसरा नम्बर | रकबा (हेक्टे.में) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| रायपुर | खरोरा | खौलीडबरी, प.ह.नं. 33 | कुल खसरा 12 (सूची पृथक से संलग्न है) | कुल रकबा 0.6778 हे. (सूची पृथक से संलग्न है) | कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, विधानसभा संभाग, रायपुर (छ.ग.) | मोहरेंगा से कठिया (मोहरा) मार्ग लंबाई 12.50 कि.मी. मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य |
| योगः- | | | 12 | 0.6778 हे. | | |

| स.क्र. | खसरा नंबर | रकबा | अर्जित रकबा (हेक्टेयर) | अर्जित रकबा (वर्ग.मी.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 483 | 0.142 | 0.077 | 770 |
| 2 | 522/1 | 0.648 | 0.112 | 1120 |
| 3 | 534/1 | 0.368 | 0.014 | 136 |
| 4 | 534/3 | 0.368 | 0.011 | 110 |
| 5 | 534/4 | 0.368 | 0.015 | 152 |
| 6 | 535 | 0.437 | 0.021 | 210 |
| 7 | 537 | 0.146 | 0.004 | 40 |
| 8 | 538 | 0.077 | 0.007 | 70 |
| 9 | 539/1 | 0.121 | 0.005 | 48 |
| 10 | 539/2 | 0.121 | 0.005 | 48 |
| 11 | 501/1 | 4.132 | 0.141 | 1414 |
| 12 | 532/1 | 4.132 | 0.266 | 2260 |
| | 12 | 11.060 | 0.6778 | 6778 |

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं भू-अर्जन अधिकारी तिल्दा-नेवरा
जिला-रायपुर (छ.ग.)

G-262700312/1



# कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## जल संसाधन संभाग कोण्डागांव, छत्तीसगढ़ कोड क्रमांक- 041
email :- eewrkon@cgwrd.in

ज्ञा.क्रमांक/864/व.ले.लि./2026-27 कोण्डागांव, दिनांक 06/04/2026

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 19/ वलेलि / 2025-26 दिनांक 09.01.2026 सिस्टम निविदा क्रमांक 183411 G 252605971 द्वारा छ.ग. राज्य के कोण्डागांव जिले के विकासखण्ड फरसगाँव के चनियागॉव एनीकट का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) राशि रूपये 292.52 लाख का निविदा आमंत्रित किया गया था। जिसे कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन सेक्टर - 19 नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर (छ.ग.) के पृ. क्र. 4264030 / निविदा प्रकोष्ठ / 2026 / 4343 (TC) रायपुर दिनांक 16.03.2026 के अनुसार उक्त प्रथम निविदा आमंत्रण में योग्य निविदाकार की संख्या केवल एक होने के कारण उक्त निविदा को निरस्त कर पुनः निविदा आमंत्रण किया जाना है।

अतः G - 252605971 सिस्टम निविदा क्रमांक 183411 निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 19/वलेलि/2025-26 दिनांक 09.01.2026 को एतद् द्वारा निरस्त की जाती है एवं पुनः निविदा आमंत्रित करने की कार्यवाही की जाती है।

संलग्न :- शून्य ।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग कोण्डागांव
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

G-262700327/3



# कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय रायपुर (छ.ग.)
(E-Mail id - civilsurgeonrpr@gmail.com)

क्रमांक/जी.दी.स./2026/2065 रायपुर, दिनांक 21/04/2026

**जीवन दीप समिति में भर्ती हेतु विज्ञापन**

जिला चिकित्सालय पंडरी रायपुर एवं मातृ एवं शिशु चिकित्सालय कालीबाड़ी रायपुर में मानव संसाधन का आंकलन एवं प्रबंधन हेतु अंशकालीन आधार पर कर्मचारियों की नियुक्तियाँ जीवन दीप समिति से किया जाना प्रस्तावित है। पदों की शैक्षणिक योग्यता एवं मानदेय की जानकारी निम्नानुसार हैः-

| क्र | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता | संभावित पद | प्रतिमाह कलेक्टर दर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्टॉफ नर्स | BSC Nursing Or GNM course Passed & Live registration in CG Nursing Council | 25 | 13386.00 |
| 2 | लैब टेक्निशियन | D.M.L.T Or B.M.L.T. Course with registration in CG paramedical Council | 2 | 12606.00 |
| 3 | लैब अस्सिटेंट | जीव विज्ञान विषय के साथ 12 वीं उत्तीर्ण एवं लैब में कार्य करने का अनुभव । | 2 | 12606.00 |
| 4 | वार्ड आया | 8 वी पास | 10 | 11176.00 |
| 5 | वार्ड ब्वाय | 8 वी पास | 5 | 11176.00 |

इन पदों पर विभागीय भर्ती नियमों में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता की मेरिट एवं बोनस अंको के आधार जिले पर 59 दिवस कलेक्टर दर के अनुसार नियुक्तियाँ किया जाना है। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी रायपुर की वेबसाईट www.raipur.gov.in में देखा जा सकता है।

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय, रायपुर

G-262700316/1



# हिस्टोरिकल थ्रिलर फिल्म में राणा के साथ नजर आएंगे अक्षय

**मुंबई।** बॉलीवुड के एक्टर अक्षय कुमार 'भूत बंगला' की कामयाबी से खुश हैं। खबरें हैं कि वह जल्द ही एक बड़े बजट की हिस्टोरिकल थ्रिलर फिल्म में काम करने वाले हैं। उनके साथ साउथ के कलाकार राणा दग्गुबाती होंगे। इस प्रोजेक्ट को लेकर अभी से काफी चर्चा हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्र्स के मुताबिक इस फिल्म के निर्देशक चंदू मोंडेती होंगे। राणा दग्गुबाती एक महत्वाकांक्षी हिस्टोरिकल थ्रिलर फिल्म में लीड रोल निभाएंगे। इसकी कहानी उज्जैन के रहस्यमयी बैकग्राउंड पर आधारित होगी। इस फिल्म की कास्ट में अक्षय कुमार भी शामिल हो गए हैं। मेकर्स ने एक बड़ा सरप्राइज भी छिपाकर रखा है। इस बड़े प्रोजेक्ट को करण जौहर का धर्मा प्रोडक्शंस सपोर्ट कर रहा है।

लाइफ Style

# कृतिका

## मुझे किसी पर डिपेंड होने की जरूरत नहीं

कृतिका कामरा ने कॅरियर की शुरुआत टीवी सीरियल से की थी, वह टीवी की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक थीं, लेकिन अचानक ही सब कुछ छोड़ दिया। टीवी से फिल्मों और वेब सीरीज की तरफ रुख किया। धीरे-धीरे वह यहां भी अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हालिया रिलीज सीरीज मटका किंग में वह विजय वर्मा के अपोजिट नजर आईं। साथ ही टीवी प्रेजेंटर गौरव कपूर से की गई उनकी सादगी भरी शादी भी खूब चर्चा में रही। अपने लाइफपार्टनर गौरव कपूर के बारे में कृतिका कहती हैं, 'अब मैं अपने आप को ज्यादा फ्री महसूस करती हूं। मैं लोगों की उम्मीदों पर खरी उतरने के लिए फैसले नहीं लेती हूं। मैं अपनी कंपनी एंज्वॉय करती हूं। मैं इमोशनली और फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट हूं। मुझे किसी पर डिपेंड होने की जरूरत नहीं है। गौरव भी मेरी तरह के इंसान हैं, वो भी सेल्फ मेड हैं। उन्होंने बहुत कम उम्र में काम करना शुरू किया और अपनी लाइफ खुद बनाई। वो मेरी जर्नी को समझते हैं। हम दोनों अपने अपने तरीके से इंडिपेंडेंट लोग हैं और अब एक हो गए हैं। अभी शादी को एक महीना ही हुआ है, लेकिन ऐसा नहीं लगा कि बहुत कुछ बदल गया है। मैं जो जिम्मेदारियां पहले निभा रही थीं, वहीं हम दोनों मिलकर निभा रहे हैं।' अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए कृतिका बताती हैं, 'मैं एक छोटे शहर से आती हूं, जहां दूर-दूर तक किसी का एक्टिंग या फिल्मी दुनिया से कोई लेना-देना नहीं था। मेरी मम्मी प्रिंसिपल हैं और पापा डॉक्टर हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# इंडिया में परफॉर्म करेंगे मशहूर रैपर

**लॉस एंजिल्स।** म्यूजिक लवर्स के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। मशहूर रैपर कान्ये वेस्ट अब जल्द ही भारत में परफॉर्म करने वाले हैं। रैपर कान्ये वेस्ट कई देशों में अपने कॉन्सर्ट करते हैं और वहां परफॉर्म करते हैं। रिपोर्ट्र्स के मुताबिक, कान्ये वेस्ट का इंडिया डेब्यू कॉन्सर्ट कन्फर्म हो गया है। पहले यह कॉन्सर्ट मार्च में होने वाला था, लेकिन कुछ अंतरराष्ट्रीय हालातों के चलते इसे पोस्टपोन कर दिया गया था। अब नई तारीख के साथ यह शो फिर से तय कर दिया गया है।

# डेविल वियर्स प्राडा 2 में हटाया सिडनी का कैमियो



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में हॉलीवुड एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी का एक कैमियो भी था, जिसे फाइनल कट में हटा दिया गया है। हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' के जरिए मेरिल स्ट्रीप और ऐनी हैथवे 20 साल बाद बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगी। इस फिल्म में कई एक्टर्स, सिंगर ने छोटे-बड़े रोल किए हैं। एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी का भी फिल्म में कैमियो था, जिसे फाइनल एडिटिंग में हटा दिया गया है। सिडनी स्वीनी ने फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' के लिए कुछ सीन्स शूट किए थे। इसमें वह अपना ही किरदार निभाने वाली थीं। इस सीन में एमिली ब्लंट का किरदार एमिली चार्लटन, सिडनी को स्टाइल करता हुआ दिखता है। लेकिन इस सीन को एडिटिंग के दौरान हटा दिया गया है। अब सिडनी फिल्म में कैमियो रोल में नजर नहीं आएंगी।




# राकेश रोशन ने शादी की 55वीं सालगिरह पत्नी पर लुटाया प्यार

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज निर्माता और निर्देशक राकेश रोशन ने बुधवार को अपनी पिंकी को शादी की सालगिरह पर शुभकामनाएं दी हैं। इस खास अवसर पर उन्होंने पत्नी पिंकी रोशन के लिए सोशल मीडिया पर एक खास नोट भी लिखा है। राकेश रोशन ने इंस्टाग्राम पर अपनी दो खास तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में राकेश अपनी पत्नी पिंकी के साथ एफिल टावर को निहारते नजर आ रहे हैं। इस पहली तस्वीर में दोनों के चेहरे नजर नहीं आ रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर में राकेश और पिंकी किसी खास जगह पर एक साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। फिल्म निर्माता राकेश रोशन ने इंस्टाग्राम पर पत्नी पिंकी के साथ कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर की हैं।

# मिर्जापुर- दू मूवी में दमदार कहानी

**मुंबई।** मिर्जापुर वेब सीरीज को लोगों से खूब प्यार मिला है। वेब सीरीज के तीन सीजन आ चुके हैं, और अब चौथा बन रहा है। हालांकि, सीजन 4 की रिलीज डेट का फिलहाल खुलासा नहीं है। इससे पहले मिर्जापुर द मूवी को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और इसे 4 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जा सकता है। मिर्जापुरः द मूवी में पुराने किरदारों के साथ नई कहानी, ज्यादा एक्शन और मजबूत महिला किरदार देखने को मिलेंगे, जो इस फिल्म को और खास बना सकते हैं।

## टीवी मसाला



# क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में लौटने वाला है खतरनाक विलेन

**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री का आइकॉनिक शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' एक बार फिर चर्चा में हैं। इसका नया सीजन भी फैंस के बीच उतना ही पॉपुलर है, जितना पहला सीजन था. जैसे-जैसे शो आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे पुराने किरदारों और उनसे जुड़ी खबरें सामने आ रही हैं। खास तौर पर आकाशदीप सैगल का नाम फिर से सुर्खियों में आ गया है, जिन्होंने पहले सीजन में अपने अलग अंदाज से दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी थी। आकाशदीप सैगल ने इसमें पहले अंश गुजराल का किरदार निभाया था, जिन्होंने एक खतरनाक और यादगार विलेन के रूप में पहचान बनाई। बाद में जब कहानी में उनके किरदार का अंत हो गया, तो उन्होंने उसी शो में एकलव्य गुजराल के रूप में वापसी की, जो अंश का बेटा था। एक ही शो में पिता और फिर बेटे का रोल निभाना टीवी की दुनिया में बहुत अनोखी बात मानी जाती हैं। अब जब 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' भी दर्शकों के बीच बहुत पसंद किया जा रहा है, तो आकाशदीप ने भी इसके रिवाइवल को लेकर अपनी खुशी जाहिर की हैं। हालांकि, अभी तक ये साफ नहीं है कि वो नए सीजन में नजर आएंगे या नहीं। बता दें कि ये सीरियल एकता कपूर का सक्सेसफुल प्रोजेक्ट रहा है, जिसने एक दौर में टीवी की दुनिया पर राज किया था. इसने कई कलाकारों को पहचान दिलाई और घर-घर में अपनी खास जगह बनाई। अब इतने सालों बाद भी जब इसका नया सीजन रिलीज हुआ, तो ये दर्शकों की उम्मीदों पर खड़ी उतरी हैं। हर हफ्ते आने वाले टीआरपी रिपोर्ट्र्स में भी इस शो ने शानदार जगह बनाई हुई हैं।

# पार्थ ने सोशल मीडिया से लिया ब्रेक

**नई दिल्ली।** पॉपुलर टीवी एक्टर पार्थ समथान इस वक्त गुस्से से आगबबूला हैं और उन्होंने सोशल मीडिया से ब्रेक ले लिया है। पार्थ ने कहा कि सोशल मीडिया पर उनके साथ-साथ परिवार को भी टारगेट किया जा रहा है, काफी उल्टा-सीधा बोला जा रहा है। पार्थ ने कहा कि उन्हें पता है कि इसके पीछे किसका हाथ है, पर वह नाम नहीं बताएंगे। पार्थ समथान का कहना है कि फर्जी और बोट अकाउंट्स के जरिए उन्हें ऑनलाइन हैरेसमेंट का शिकार बनाया गया। 35 वर्षीय पार्थ समथान ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट लिखा, जिसमें उन्होंने गुस्सा निकालते हुए ऐलान किया कि वह कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से ब्रेक ले रहे हैं। पार्थ ने बताया कि मौजूदा सिचुएशन ने उन्हें बुरी तरह प्रभावित किया है, जबकि वह पॉजिटिव और शांत रहने की काफी कोशिश कर रहे हैं।



epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking : Raipur- 6263818152 79871-19756

## Appointment आवश्यकता

### टेलीकॉलर

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job.3rd floor, Radhey Chambers, Pandri. Contact HR : 9109165137, 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

### घरेलु स्टाफ/कुक

आवश्यकता है- वीआईपी चौक, तेलीबांधा में शुद्ध शाकाहारी भोजन बनाने व घर की साफ़-सफाई हेतु अनुभवी घरेलू स्टाफ/कुक (महिला/पुरुष) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट/शराब-गुटखा आदि निषेध। संपर्कः 9300593000. (आरो-102)

### लेबर

आवश्यकता है- मॉल उतरने चढ़ाने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है अमर पालिप्रिंट इंडस्ट्रीज एम जी रोड रायपुर मो 9926238137.(आरो-0389)

### कुक/कैप्टन

आवश्यकता है- होटल प्रिंस बार एंड रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु 01 इटेलियन इंडियन कुक एवं 01 कैप्टन (जो मैनेजमेंट कोर्स किया हो) एवं 01 कम्प्युटर ऑपरेटर (ड्यूटी 12 घंटे) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें- 85188-11111 गंजपारा दुर्ग (आरो-6638)

### ड्राइवर

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है । ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30 बजे तक , रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से शाम 6:00 बजे तक (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 25,000/- प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें । पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क :- 9644720222.(आरो-03)

आवश्यकता है- तीन चक्का इलेक्ट्रिक माल वाहक ऑटो चलाने हेतु ड्राइवर एवं हेल्पर हेतु लड़कों की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध पता - अशोक इंटरप्राइजेज आशीर्वाद धर्म कांटा के पास उरला बिरगांव रायपुर मिलने का समय सुबह 9:00 से 8:00 -8770676924. (आरो-234)

### सर्विसमैन

URGENT REQUIREMENT Kumhari Fee Plaza, Raipur (Chhattisgarh) Position: Ex-Servicemen (ESM) – S.I. (Graduate) Experience Required: Minimum 05 Years Apply Within: 05 Days Email: jsrs.toll @gmail.com WhatsApp: 6265997505. (RO-6648)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### दवा दुकान

आवश्यकता है- मेडिकल होलसेल थोक दवा दुकान हेतु युवक/ युवती की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार संपर्क:- साईं गणेश फार्मा शॉप 25 न्यू मेडिकल कांप्लेक्स रजबंधा मैदान रायपुर 7509312311. (RO-03)

आवश्यकता है- थोक दवा दुकान में कार्य हेतु लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन- योग्यतानुसार- आशीष शुभम मेडिकोज, 41 छत्तीसगढ़ दवा बाजार रजबंधा मैदान रायपुर 8103981038. (आरो-44)

### घरेलु नौकर

आवश्यकता है- रायपुर स्थित प्रतिष्ठित अग्रवाल फैमिली हेतु 12घंटे एवं 24घंटे* कार्य हेतु अनुभवी, विश्वसनीय एवं जिम्मेदार घरेलू नौकर की आवश्यकता है। अनुभव 5वर्ष शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10वीं पास वेतन 25,000 प्रतिमाह सुविधाएं रहने खाने की व्यवस्था नि.शुल्क स्थानः सिविल लाइन्स रायपुर संपर्क:- 9109222000, 9109125252.(आरो-004)

### टेक्नीशियन

आवश्यकता है- यूरेका फोर्ब्स (Aquaguard) : सर्विस टेक्नीशियन – 3 , टेलीकॉलर – 3 , फील्ड वर्कर – 3 , सेल्स रिप्रेजेंटेटिव – 6, दीपिका सर्विसेज - कर्मचारी कॉलोनी, कुशालपुर मोबाइल: 9826652461. (आरो-6649

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- राष्ट्रीय स्तर की कंपनी को अपने ऑफिस विस्तार हेतु अविवाहित युवकों की आवश्यकता हैं जो शहर से बाहर छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश मे रहकर काम कर सके वेतन 12000 रहना खाना नियुक्ति फ्री ट्रेनिंग के बाद कमाये 20 से 25 हजार महीना सम्पर्क करे 9755577072, 7999114133.(आरो-401)

### ऑफिस/फील्ड वर्क

आवश्यकता है- एलआईसी में 12वीं पास लड़कों की आवश्यकता ऑफिस वर्क और फील्ड वर्क के लिए लड़कों की जरूरत है। आकर्षक सैलरी + इंसेंटिव। फ्री ट्रेनिंग दी जाएगी। करियर बनाने का सुनहरा मौका। इच्छुक उम्मीदवार तुरंत संपर्क करें:- 7470392352.(आरो-6650)

### अकाउंटेंट

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु अकाउंटेंट की आवश्यकता है संपर्क- जैन ट्रेडर्स, आकृति बिहार अमलीडीह रायपुर मोबाइल- 9753674707, 0771-4075490.(आरो-6639)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- थोक रेडीमेड कपड़ा दुकान में काम हेतु लड़के / लड़की की अनुभवी/बगैर अनुभवी वेतन योग्यतानुसार, बायोडाटा सहित मिले , रायपुर निवासी को प्राथमिकता। महेश फैब्रिक्स , शॉप नम्बर 8,जैन ज्योति काम्प्लेक्स चिकनी मंदिर के पास , अलका रेस्टोरेंट के सामने,गोल बाजार रायपुर 9752022866 , 7415842111.(आरो-237)

### ड्रायवर/दुकान कार्य

आवश्यकता है- जनरल दुकान में कार्य करने हेतु लड़को की एवं कार चलाने हेतु ड्रायवर की आवश्यकता हैं। वेतन योग्यता अनुसार, अपने परिचय पत्र के साथ मिले- श्री कृष्णा मार्केटिंग, पेटी लाईन, गोल बाजार, रायपुर, फोन: 7224926767.(आरो-075)

आवश्यकता है- सैनिटरी गोदाम में काम करने के लिए ड्राइवर की जरूरत है जो ऑटो और कार दोनों चलाए पचपेड़ी नाका रायपुर संपर्क 99777-77703.(आरो-236)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### आवश्यकता

आवश्यकता है- "डिग्री की आवश्यकता नहीं है अगर आप विवेकशील और संवेदनशील हैं" अहिवारा (दुर्ग) के पास Organic Farm में आवश्यकता है 1. जिम्मेदार व्यक्ति की जो समस्या की जगह समाधान प्रस्तुत कर सके और सहयोगियों के साथ स्नेह पूर्वक व्यवस्था चलने में सहयोग कर सके। 2. गोशाला में सहयोगी की संपर्क: 6264697338. (आरो-04)

### इंजीनियर/असिस्टेंट

WE ARE HIRING- (1) Purchase Executive(M)-1,12k-15k, 2-3Year OR Store Keeper Exp Bhilai ,B.Com. (2)Sales & Mktg- 4, 9k-10k, 1-2Year/Fresher, Anjora / Bhilai Factory, Any Graduate (3)Personal Assistant(M)-1 ,12k-15k, Fresher/1-2 Year, Bhilai Any Graduate (4)Engineer(M)-2, 10k Fresher, Rasmada, BE (Mech) ,(5)Office Asst-1,10k-12k Fresher/1-2Year, Anjora B. Com (6) Office Asst-1,10k Fresher/1-2Year ,Bhilai B. Com.(7) CA-1 35k-45k Fresher/1-2Year, Bhilai CA ,Send Your Resume:- hr.poly-bond1995@gmail.com Last Date of Resume Submission Within 5 Days, Contact Us:- 9179050680 Polybond Insulation Pvt Ltd, Nehru Nagar, Bhilai (आरो न.-4147)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### ड्रायवर/कर्मचारी

शीघ्र आवश्यकता है- 6 टाटाएस ड्रायवर व (10000-15000) रायपुर से बाहर गाड़ी चला सके। नशा ना करता हो, 1 ई रिक्शा ड्रायवर (8000-12000) 1 सफाई कर्मचारी एंव 1 महिला जो घर में रहकर काम कर सके (8000-10000) संपर्क पी.एस सिटी रायपुर। 79743-51591, 63521-79578.(RO-4117)

### प्रशिक्षण अधिकारी

प्रशिक्षण - बालाजी प्रा आई टी आई भाटापारा हेतु प्रशिक्षण अधिकारी (Electrician)- 2 पद योग्यता - B.E./ Diploma/ITI पास। CTIS पास को प्राथमिकता। आवेदन मेल करे - balaji-itibhatapara @ gmail .com (आरो नं.-255)

## Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करें:- B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech,(अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515.(आरो न.-4146)

## Property प्रापर्टी

### फ्लैट

फ्लैट बेचना है- न्यू राजेंद्र नगर में स्थित ,ऋषभ रिजेन्सी थर्ड फ्लोर में 3 बी.एच.के. फ्लैट बेचना है। संपर्क करें- 9425207829.(आरो-A)

## Finance फायनेंस

फाइनेंस- कुबेर फाइनेंस मुद्रा योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर - (50,000/- से 15 लाख तक )(1% ब्याज वार्षिक ) प्रॉपर्टी, पर्सनल, , ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, संपर्क - 8882627857.(आरो-4376)

फाइनेंस- महालक्ष्मी फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस , पर्सनल, कृषि महिला समूह , मकान , दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड , पैन कार्ड प्रति उपलब्ध ( 2% ब्याज ), (30% छूट ) संपर्क:- 9039310732 , 8280401638.(आरो-030)

हरिभूमि क्लासीफाईड

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

# बेंगलुरु की लोमहर्षक घटना, बॉयफ्रेंड को कुर्सी से बांधकर जिंदा जलाया


एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक प्रेमिका ने अपने प्रेमी को विदेशी प्रपोजल के बहाने बांधकर जिंदा जला दिया। घटना दक्षिण बेंगलुरु के अंजनापुरा में मंगलवार दोपहर को घटी है। मृतक युवक का नाम किरण है, जबकि आरोपी महिला प्रेरणा है। दोनों की उम्र 27-27 साल है। पुलिस ने बताया कि प्रेरणा किरण की ओर से शादी का प्रस्ताव ठुकराए जाने से नाराज थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। प्रेरणा अंजनापुरा में अपनी मां और भाई के साथ किराए के मकान में रहती है। वह और किरण दोनों एक ही टेलीकॉम स्टोर में कार्यरत थे और 2 साल से रिश्ते में थे। हालांकि, विवाद के कारण दोनों का रिश्ता टूट गया और किरण ने उसके शादी के प्रस्ताव को भी ठुकरा दिया। इससे आहत प्रेरणा ने बदला लेने की ठानी और मंगलवार को जब उसकी मां-भाई बाहर गए थे, तब उसने किरण को मिलने के लिए अपने घर बुलाया।

## कर्नाटक से आया चौंकाने वाला मामला

### आंखों और हाथ-पैर को बांधा

किरण ने पहले नेलमंगला जाने की योजना बनाई थी, लेकिन प्रेरणा के बुलाने पर वह उसके घर पहुंच गया। इस दौरान प्रेरणा ने उसे सरप्राइज देने का वादा किया और विदेशी प्रपोजल के बहाने आंख पर पट्टी और हाथ-पैर को बांधकर कुर्सी पर बैठा दिया। आरोप है कि प्रेरणा ने उसके ऊपर केरोसीन डालकर आग लगा दी और फोन से वीडियो की रिकॉर्डिंग भी की। घर से धुआं उठने पर आसपास के लोगों को इसकी खबर मिली।

### कैसे हुआ मामले का खुलासा?

पुलिस को घटना की जानकारी पड़ोसियों से हुई, जिन्होंने एक घर में आग लगने की सूचना दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश की। मौके पर मौजूद प्रेरणा चादर से लिपटी थीं और उसके बाल हल्के जले थे। उसने बताया कि वह बाथरूम में नहाने गई थी, तभी किरण ने आत्महत्या की होगी। पुलिस को उसके बयान पर शक हुआ। उसने हत्या का मामला दर्ज कर प्रेरणा को गिरफ्तार किया है। पूछताछ की जा रही है।

## साड़ी के बजाय 'नाइट ड्रेस' पहनने पर पत्नी को जिंदा जलाया

बेलगावी (कर्नाटक)। कर्नाटक के बेलगावी जिले में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साड़ी के बजाय 'नाइटड्रेस' पहनने पर आपत्ति जताते हुए कथित तौर पर उसमें आग लगा दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार रात खानापुर तालुका के नंदगढ़ गांव में हुई। पुलिस के अनुसार, आरोपी कृष्णा पाटिल (34) को अपनी 32 वर्षीय पत्नी मंजुला पाटिल के घर में 'नाइटड्रेस' पहनने पर आपत्ति थी और वह अक्सर इस मुद्दे पर उससे बहस करता था। पुलिस ने बताया कि इसी बात को लेकर दंपति के बीच बहस हुई, जिसके बाद आरोपी ने अपनी पत्नी पर कथित तौर पर मिट्टी का तेल छिड़क कर उसे आग लगा दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि महिला करीब 80 प्रतिशत झुलस गई है। पहले उसे बेलगावी आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया था लेकिन हालत गंभीर होने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए गोवा के एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि इस संबंध में नंदगढ़ थाने में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच जारी है।

## जैकेट के शेष

### पानी के लिए हाहाकार...

यानी 10 वर्षों में 2 लाख 46 हजार ज्यादा ट्यूबवेल बढ़े हैं । जबकि इसी अवधि में 10 हजार 700 से ज्यादा तालाब और 24 हजार से ज्यादा कुंए कम हो गए हैं । नतीजा...हम पाताल फोड़कर पानी निकालते रहे लेकिन वाटर रिचार्ज के इंतजाम नहीं किए। वहीं जिन तालाब और कुओं से पानी का स्तर बना रहता था उन्हें बंद कर दिया। दरअसल कुंओं और तालाबों के निर्माण में आने वाले खर्च और जगह की कमी की वजह से किसानों का रुझान ट्यूबवेल की ओर बढ़ा है। जून 2025 तक राज्य में सिंचाई वाले ट्यूबवेल की संख्या 4 लाख 42 हजार से ज्यादा हो गई थी, जो 2015 की तुलना में 2.46 लाख ज्यादा है। इनमें 4.31 लाख से ज्यादा निजी ट्यूबवेल थे ।

### 76 हजार से ज्यादा कुंए कम...

हजारों की संख्या में कुंए कम हुए हैं। रायपुर में ही 34 सौ से ज्यादा कुएं घट गए, जबकि बलौदाबाजार में 6199 कुएं कम हो गए। बाकी जिलों में भी इसी अनुपात में कुएं कम हो गए। कुंओं में कमी के कारण वाटर रिचार्जिंग में काफी कमी आई है ।

### सिंचाई तालाब भी...

की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में 2015 में 100 एकड़ से अधिक और 100 एकड़ से कम वाले 34 हजार 175 सिंचाई तालाब थे जो 2025 में घटकर 23 हजार 421 रह गए हैं । यानी 10 साल में 10 हजार 754 तालाब कम हो गए। रायपुर जिले में ही 1783 से घटकर 935 तालाब रह गए हैं। बाकी जिलों में भी सैकड़ों की संख्या में तालाब पट गए। कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि तालाबों के कारण आसपास के बड़े क्षेत्र में भूजल स्तर ठीक रहता था, लेकिन तालाबों के हजारों की संख्या में पटने से वाटर रिचार्जिंग नहीं हो पा रही है । इसके कारण भूजल स्तर में गिरावट आ रही है ।

### पूरे देश को ऊर्जा देने...

तहत घर-घर नल जल योजना के तहत कनेक्शन पहुंचाने की योजना की शुरूआत वर्ष 2018 में की गई थी। 1,305 करोड़ की इस योजना से प्रत्येक घरों में पाइप लाइन बिछाकर पानी देने का काम दिसंबर 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। सात साल बीत जाने के बाद भी 388 गांव में ही काम चल रहा है। जबकि जिले में 712 गांव हैं। जिले में 412 ग्राम पंचायत 712 गांवों में विभक्त हैं। इनमें 245 गांवों को समूह जल आवर्धन योजना से पानी दिया जाना है। इनमें बांगो बांध से एतमानगर, हसदेव नदी से कुदुरमाल एनीकट, डूबान क्षेत्र से सतरेंगा जैसी वृहत योजना शामिल हैं। इसके लिए 799 करोड़ खर्च किया जाना है। योजना का प्राक्कलन तैयार होने के तीन साल बीतने के बाद भी एक भी समूह नल जल योजना के धरातल में आना तो दूर शुरूआत भी नहीं हुई है। समूह जल योजना केवल कागजों में ही सिमट कर रह गई है। शेष 458 गांवों को अलग-अलग स्त्रोतों से जल जीवन मिशन के तहत पानी देने की योजना है। योजना को मूर्त रूप देने का काम पीएचई और क्रेडा के माध्यम से कराया जा रहा है। पीएचई का कार्य टंकी निर्माण कर जल स्त्रोत से शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराना है। क्रेडा का काम पाइप लाइन बिछाना व सौर ऊर्जा से मोटर चालू कर घरों तक जल प्रदाय करना है। 113 ऐसे गांव हैं जहां जल स्त्रोत ढूंढने के साथ बोर भी लगाया जा चुका है, लेकिन पाइप लाइन नहीं बिछने के कारण घरों तक पानी पहुंचाना संभव नहीं हो सका है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि दो साल तक निर्माण कार्य में कोरोना काल के कारण बाधा रही। इसके साथ ही समय पर राशि नहीं मिलने के कारण कार्य शुरू करने में देरी हुई। योजना शुरू होने से जिले के 23 हजार 288 परिवारों को घर में ही पानी मिलेगा। ग्रीष्म ऋतु की शुरूआत लगभग होचुकी है।
तापमान में वृद्धि से भूमिगत जल स्त्रोत में भी कमी आएगी। शासन स्तर पर सफल मानिटिंरिंग नहीं नहीं होने की वजह से कार्य में प्रगति नहीं है।

**कोयला प्रभावित गांवों में जल संकट बरकरार** : राज्य की सर्वाधिक कोयला खदानें कोरबा जिले में हैं। कोयला खदानों का लगातार विस्तार हो रहा है। भूमिगत जल स्त्रोत खदान में इकट्ठा हो जाते हैं। खदान के आसपास के गांव में जल स्रोत सूखने लगते हैं। खदान के आसपास के गांव में जल संकट बढ़ जाता है। हरदीबाजार, ढपढप, अरदा, कोरबी, चोटिया आदि ऐसे गांव हैं जहां गर्मी शुरू होने से पहले पेयजल की समस्या बढ़ जाती है। खदान प्रभावित क्षेत्र होने के कारण खेतों में भी वर्षा जल नहीं रूक पाता। वर्षा आश्रित खेती करने वाले किसानों को क्षेत्र में अक्सर सूखे का सामना करना पड़ता है। खदान के पानी को प्रभावित गांव तक पहुंचाने की योजना बनी थी लेकिन एसईसीएल की ओर से राशि नहीं जारी किए जाने के कारण योजना कागजों में ही सिमट गई है। **खण्डहर में तब्दील हो रही टंकियां** : जल जीवन मिशन शुरू होने से पहले ग्राम पंचायतों में नल-जल योजना की शुरूआत की गई थी। जिले की 90 ग्राम पंचायतों में बोर की खुदाई कर जलापूर्ति के लिए टंकी तैयार की गई है। जल स्त्रोत सूखने और बोर खराब होन के कारण रजगामार, बरपाली, कोरकोमा सहित 12 ग्राम पंचायतों की टंकियां खंडहर में तब्दील हो रही हैं।

### तीन बार पाइप लाइन...

चुनावी वादे को पूरा करने के लिए पार्षद निधि से नलकूप खनन करवाया और उसके बाद यहां पर साढ़े सात एचपी का सब मर्सिबल पंप भी डलवाया। इतना ही नहीं नगर पालिका कार्यकाल का पहला कार्य होने के कारण बहुत ताम झाम से इस नलकूप को चालू भी किया गया और भरोसा दिलाया गया कि जल्द ही इस नलकूप को टंकी से जोड़ दिया जाएगा और वार्डवासियों को पानी मिलना शुरू हो जाएगा पर न जाने कौन सी घड़ी में इस पानी टंकी की नींव डली थी जो आज तक यह प्यासी है। वार्ड क्रमांक 4 में आजादी से लेकर आज तक तीन बार पाइप लाइन का विस्तार हो चुका है लेकिन पेयजल की समस्या ज्यों की त्यों है। यह पाइपलाइन भी अंदर ही अंदर सूख गई।

### होर्मुज में ईरान ने...

के साथ ही ईरान द्वारा अब तक गोलीबारी के जरिए निशाना बनाए गए भारतीय जहाजों की कुल संख्या 3 हो गई है।

### फारेस्ट अफसरों के स्टिंग में...

खरीदने 50 करोड़ रुपए में सौदा कर एक तस्कर को भानुप्रतापपुर से बुलाकर तथा दूसरे को रायपुर में दबोच लिया। पैंगोलिन तस्करी करने के आरोप में पाखांजूर निवासी खोखन हलदार, मध्यप्रदेश बालाघाट निवासी गोपाल बोपचे को गिरफ्तार किया गया है। रायपुर वन परिक्षेत्र प्रभारी दीपक तिवारी के अनुसार पीसीसीएफ वी. श्रीनिवास राव, पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ अरुण कुमार पाण्डेय के निर्देश पर रायपुर डीएफओ लोकनाथ पटेल, फॉरेस्ट एसडीओ आनंद कुदरिया के मार्गदर्शन में तस्करों को गिरफ्तार करने टीम गठित की गई। इसके बाद फ्लाइंग स्क्वाड प्रभारी संतोष सावंत राय तथा उनकी टीम ने तस्करों से संपर्क कर पैंगोलिन का 50 करोड़ में सौदा किया।

**मुख्य तस्कर की गिरफ्तारी अभी बाकी** : गोपाल को गिरफ्तार करने के बाद वन विभाग की टीम ने पूछताछ की, तो उसने तस्करी में खोखन तथा पखांजूर निवासी किसी मोटा भाई के तस्करी में लिप्त होने की जानकारी विभागीय अधिकारियों को दी। वन विभाग की फ्लाइंग स्क्वाड की टीम ने खोखन को पैसों का लालच देकर रायपुर बुलाया। खोखन के रायपुर आने पर वन विभाग की टीम ने उसे गिरफ्तार किया।

**समय पर रेस्क्यू नहीं करते तो मार देते** : विभागीय अधिकारियों के अनुसार गोपाल तथा उसके साथी की पैंगोलिन बेचने अन्य लोगों के पास भी सौदेबाजी हो रही थी। वन विभाग की टीम ने ग्राहक बनकर खरीदने का सौदा किया, तो पैंगोलिन की जान बच गई। तस्करों की योजना थी कि ग्राहक नहीं मिलने पर पैंगोलिन को मारकर उसके मांस को अलग कर बेचने के साथ स्केल को अलग बेचने की योजना थी।

### पत्नी की हत्या, सिर हाथ...

उसके धड़ से सिर को अलग कर दिया। हत्या के बाद सालिकराम यादव पत्नी के सिर को लेकर गांव की गलियों में घूमता रहा, जिसे देखकर गांव के लोग दहशत में आ गए। लगभग आधे घंटे तक सालिकराम अपनी पत्नी के सिर को लेकर घूमता रहा।

### नाबालिग दूल्हे की ...

सहमति दे दी। प्रशासन ने कहा है कि अब दो महीने बाद लड़के के बालिग होने पर फिर शादी होगी। फिलहाल यह विवाह शून्य घोषित किया जाता है। ग्राम पंचायत भर्रीटोला 43 के हेमलाल धनकर के बेटे की बारात 21 अप्रैल को राजनांदगांव जिले के साल्हेटोला(आमाटोला) गई थी, जहां हिंदू रीति रिवाज से वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुआ और 22 अप्रैल को सुबह दुल्हन के साथ बाराती वापस घर लौटे थे। महिला बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी समीर ने बताया कि आज शिकायत मिली थी कि यहां नाबालिग का विवाह हो गया है। हालांकि आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि के हिसाब से युवक बालिग है किंतु शिकायत में दाखिल खारिज पंजी का उल्लेख करते हुए बताया गया कि लड़के की उम्र बालिग होने में दो माह कम है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल गांव पहुंचकर पालकों से बात की गई। प्रशासनिक अमले ने दूल्हा, दुल्हन सहित परिजनों से बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की जानकारी देते हुए नाबालिग के विवाह करने पर होने वाली कानूनी कार्रवाई की जानकारी देते हुए उनको समझाइश दी कि दूल्हा नाबालिग होने पर उक्त शादी को शून्य घोषित करते हुए अन्य कोई वैवाहिक कार्यक्रम ना कर दुल्हन को वापस उसके मायका भेजा जाए। इस पर दूल्हा दुल्हन सहित परिजनों ने सहमति देते हुए दुल्हन को मायका भेजने पर सहमति जताई। इसके बाद घोषणा पत्र भरवाया गया, जिसमें दूल्हे के पिता ,दूल्हा ,दुल्हन ,प्रशासनिक अधिकारी सहित ,ग्रामीणों ने दस्तखत किए। साथ ही कहा गया है कि दो माह के बाद युवक बालिग होने पर पुनः विवाह करने के बाद विवाह पंजीयन किया जाए। इस पूरी कार्रवाई से पालक के सहमत होने के कारण कोई कानूनी कार्रवाई नही की गई। इधर दुल्हन को उसके ग्राम महिला बाल विकास विभाग के शासकीय वाहन से पुलिस अभिरक्षा,महिला बाल विकास के कर्मचारी सहित परिजनों के साथ रवाना किया गया। वैवाहिक कार्यक्रम में इस तरह की पहली कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों में इसकी खूब चर्चा है। इधर कार्रवाई के दौरान मौके पर जिला महिला बाल विकास अधिकारी ,देवेंद्र नेताम तहसीलदार डोंडी,परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास विभाग डोंडी क्रमांक- 1 व क्रमांक - 2 , विजय जगत सहायक उपनिरीक्षक राजहरा थाना , श्वेता श्रीवास्तव पर्यवेक्षक ,राजकुमारी देहारी सरपंच ग्राम पंचायत भर्रीटोला, किशुन पटेल सचिव ग्राम पंचायत ग्रामीणजन उपस्थित थे। याद रहे बाल विवाह निषेध अधिनियम के बाल विवाह करना दंडनीय अपराध है।

## राशिफल

**मेष** — आज दिन काफी सकारात्मक और ऊर्जावान रहेगा। करियर में मेहनत रंग लाएगी, पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है।

**वृष** — आज स्थिरता और धैर्य का दिन होगा। वीनस अपनी राशि के प्रभाव से आर्थिक लाभ और सुख-सुविधाएं बढ़ा सकता है।

**मिथुन** — आज चंद्रमा मिथुन में होने से बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से दिन अनुकूल रहेगा, लेकिन व्यर्थ खर्च से बचें।

**कर्क** — चंद्रमा की स्थिति से घरेलू मामलों में सुधार होगा, लेकिन शनि के प्रभाव से कुछ चुनौतियां आ सकती हैं। करियर में मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी।

**सिंह** — सूर्य के प्रभाव से आत्मविश्वास उच्च रहेगा। करियर में तरक्की के अवसर आएंगे, बॉस या वरिष्ठों का समर्थन मिलेगा। परिवार में आनंद का माहौल रहेगा।

**कन्या** — आज विश्लेषणात्मक सोच काम आएगी। नौकरी में छोटे-मोटे बदलाव हो सकते हैं। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा, लेकिन निवेश सावधानी से करें।

**तुला** — आज सौंदर्य और संतुलन का दिन होगा। वीनस के प्रभाव से रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। परिवार के साथ समय बिताना सुखद रहेगा।

**वृश्चिक** — शनि के उदय से कुछ चुनौतियां आ सकती हैं, इसलिए सावधानी बरतें। करियर में मेहनत रंग लाएगी। आर्थिक दृष्टि से दिन मिश्रित रहेगा।

**धनु** — आज भाग्यशाली दिन रहेगा। गुरु के प्रभाव से नई ऊर्जा मिलेगी। आर्थिक लाभ अच्छा रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं। परिवार में खुशियां छाई रहेंगी।

**मकर** — करियर में उपलब्धियां हासिल होंगी। परिवार में सम्मान बढ़ेगा। प्रेम में गंभीरता दिखाएं। धैर्य बनाए रखें और लक्ष्य पर फोकस करें।

**कुंभ** — यूरेनस के प्रभाव से रचनात्मकता बढ़ेगी। करियर में अप्रत्याशित सफलता मिल सकती है। आर्थिक पक्ष अनुकूल रहेगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**मीन** — नेप्च्यून के प्रभाव से आध्यात्मिक रुचि बढ़ेगी। करियर में रचनात्मक कार्यों से सफलता मिलेगी। परिवार में भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होगा।

## पेज एक के शेष

### तेंदुलकर ने कहा....

इस क्षेत्र में बुनियादी विकास और महिला सशक्तिकरण की दिशा में मिलकर कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम में तेंदुलकर परिवार की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत में सचिन, सारा और सोनिया ने विभिन्न खेल गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया। उल्लेखनीय है कि छिंदनार के गांव के ही छात्र छात्राएं भूमिका ठाकुर, नियासा मौर्य, निर्मला तरमा, पायल ठाकुर, सीताराम पुनर्म, अमित कुमार द्वारा सचिन तेंदुलकर को खेल गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। मैदान के उद्घाटन के पश्चात सचिन तेंदुलकर ने देश की युवा प्रतिभाओं को तराशने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि भविष्य के चैंपियन तैयार करने के लिए केवल व्यक्तिगत जुनून पर्याप्त नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर आधुनिक और सुदृढ़ खेल सुविधाओं का होना अनिवार्य है। इस दौरान सचिन ने खुद को केवल क्रिकेट पिच तक सीमित न रखते हुए वॉलीबॉल और अन्य मैदानी खेलों के महत्व पर भी चर्चा की। फाउंडेशन की इस दूरगामी पहल के तहत क्षेत्र के 50 गांवों में इसी तरह के खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं, जहां क्रिकेट के साथ-साथ फुटबॉल और कबड्डी जैसी विधाओं को भी समान रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। इस अवसर पर कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, डीएफओ रामकृष्ण रगंनाथा वाय सहित छिंदनार सरपंच संध्या शुक्ला, सचिन एवं मानदेशी फाउंडेशन के कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। **हीरों को तराशने पर ही उसकी कीमत** : छिंदनार में सचिन तेंदुलकर ने छात्रों को प्रेरणा देते हुए कहा कि उन्होंने एक अपनी जीवन की शुरुआत मैदान से ही प्रारंभ किया था और आज इन सभी बच्चों को देख कर पुरानी यादें ताजा हो रही है। उन्होंने छात्रों को इंगित करने हुए कहा कि यहां सब ऐसे हीरे उपस्थित है जिन्हें तराशा जाना है क्योंकि हीरे की कीमत उसके पॉलिश करने के उपरांत ही होती है और उन्हें खुशी है कि मानदेशी फाउंडेशन के कोच बच्चों की प्रतिभा को तराशने का काम बखूबी कर रहे हैं उन्हेंने आगे कहा कि जीवन में कड़ी मेहनत, अनुशासन और प्रतिभा का संगम ही व्यक्ति को ऊंचाइयों पर ले जाता है अतः सफलता के लिए जरूरी है कि हम शॉर्टकट न अपनाए और उपरोक्त सिद्धांतों पर अमल करें। इस मौके पर तेंदुलकर ने अपने जीवन में पिता की भूमिका का भी स्मरण किया। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी संतुलन बना कर चले। इसके अलावा तेंदुलकर ने कहा कि सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के प्रारंभ होने में उनकी पत्नी अंजली का सर्वाधिक योगदान है। अब उनकी पुत्री सारा, पुत्र अर्जुन, तथा बहू सानिया भी उसी नक्शे कदम पर चलकर फाउंडेशन कार्य को आगे बढ़ा रही हैं।

### जमीन का बंटवारा ....

भाई दौलत के वार से घायल हुए कृष्णकांत को बचाने के लिए प्रार्थिया ने गांव में गुहार लगाई, लेकिन उसके लौटते तक दौलत ने धान की कोठी में बंद कर घायल अवस्था में कृष्णकांत पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग पर काबू पाने दमकल बुलाया गया, लेकिन आग पर काबू पाने तक कृष्णकांत बुरी तरह जल चुका था। और घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई थी।

## ईरान : मोसाद के जासूस को फांसी

दुबई। ईरान ने बुधवार को एक व्यक्ति को इज़राइल की खुफिया एजेंसी मोसाद से कथित संबंधों को लेकर फांसी दे दी। ईरान में युद्ध के दौरान और जनवरी में हुए राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों के बाद लगातार फांसी की घटनाएं सामने आ रही हैं। ईरान की न्यायपालिका की समाचार एजेंसी 'मिजान न्यूज एजेंसी' ने मेहदी फरीद की फांसी की पुष्टि की। एजेंसी के अनुसार, फरीद एक 'संवेदनशील सरकारी संगठन' में कार्यरत था और उसने इज़राइली खुफिया एजेंसी को जानकारी मुहैया कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि फरीद को ईरान के कोम प्रांत में दोषी ठहराया गया था। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि ईरान में कई मामलों में बंद कमरे में सुनवाई होती है और आरोपियों को बचाव का उचित अवसर नहीं मिल पाता।


**न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग (छ.ग.)**

**// सूचना //**

मामले का विषय- अपील प्रकरण
मामला का क्रमांक- 308/अ-27/ वर्ष 2024-25
पक्षकार- चुरामन सिंह वगै. विरूद्ध रंजित सिंह वगै

1. नितिन उर्फ नत्थु सिंह पिता स्व. भरत सिंह, निवासी ग्राम करमतरा, तहसील दाढ़ी, जिला- बेमेतरा (छ.ग.)
2. इन्द्राणी पति लक्ष्मण सिंह ठाकुर, निवासी ग्राम नाहदा, तहसील व जिला - बालोद (छ.ग.)
3. गैंदी बाई बेवा भूखन सिंह, निवासी- हालमुकाम- सिवार, तहसील बेरला, जिला- बेमेतरा (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि चुरामन सिंह पिता स्व. भरत सिंह क्षत्रिय एवं 03 अन्य, निवासी- गस्ती चौक, धरम आरा मिल गली, बेमेतरा, तहसील व जिला- बेमेतरा के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा (छ.ग.) के प्रकरण क्रमांक 202309230300124 अ-27 वर्ष 2022-23 में पारित आदेश दिनांक 28.03.2025 के विरूद्ध इस न्यायालय में छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा- 44 (2) के तहत अपील प्रकरण प्रस्तुत किया गया है। उपर्युक्त मामले की सुनवाई तिथि 14.05.2026 दिन गुरूवार को दोपहर 11.30 बजे स्थान- न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग में होगी। अतः सुनवाई तिथि में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत सुनवाई तिथि में उपस्थित नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

जारी दिनांक 16.04.2026
आयुक्त
दुर्ग संभाग, दुर्ग

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**इंजीनियरिंग कार्य हेतु निविदा सूचना**

कम सं (1): ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-36-26-27, दिनांक 16.04.2026
**कार्य** : बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता/चाम्पा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कोठारी रोड, सरगबुंदिया एवं उरगा रेलवे स्टेशन का अपग्रेडेशन एवं सुधार कार्य।
निविदा मूल्यः ₹ 7,73,38,167/-। अमानत राशिः ₹ 15,46,800/-। कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह।

कम सं (2): ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-37-26-27, दिनांक 16.04.2026
**कार्य** : बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता पूर्व/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ब्रजराजनगर में एआरटी लाइन पर कंक्रीट सड़क एवं पाइपलाइन आपूर्ति को जोड़ना, तथा विभिन्न स्थानों पर आरजीएम साइडिंग के शेष कार्यों का निर्माण कार्य।
निविदा मूल्यः ₹ 3,27,12,051/-। अमानत राशिः ₹ 6,54,300/-। कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह।

निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः दिनांक 28-04-2026 से । निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः दिनांक 12-05-2026 के 11.00 बजे तक।
उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओ हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/51 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) AU & PC, CSPGCL,**
Shed No. 2, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2576320 & 0771-2576324, website :www.cspc.co.in E-mail:- cecivil.aupc@gmail.com

No. 03-15/W/100 — Raipur, date: 20.04.2026

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible bidders fulfilling the eligibility criteria as mentioned below and having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only for the following work :-

| Sl. No. | Tender Specification No. | Description | NIT value i/c GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | Rfx No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CEC/AU&PC/ DSPM-KE/ W/2026/01 | Installation of hydrant based dust suppression system at Gorhi/Pandripani ash dyke DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East. | 19.74 Lacs | 19,800/- | 03 Months | 81000 50620 |

Cost of tender form is Rs. 590/- (Rs.500/- + 18% GST). The due date & time for submission of bids, Tender Cost & EMD is 06.05.2026 (up to 15:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 08.05.2026 (up to 16:00) Hrs respectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/irj /portal.
Note:- (i) In case, the rate quoted by the bidder is on abnormally lower side, a performance guarantee @5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the bidder.(ii) Maintenance period for the work shall be 12 Months.

Chief Engineer (Civil) AU & PC,
CSPGCL, Raipur
//Save Electricity//

**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
(Behind State Guest House Morhabadi)Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

**Very Short-Term e-Procurement Notice**

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/02/2026-27 | Construction of market shed with toilet, deep boring, PCC road and solar light in the campus of agriculture market, Gondii Pakhar, Angara Ranchi | 7484300.00 | Three Month |
| 2 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/03/2026-27 | Construction of market shed with toilet, deep boring, PCC road and solar light in the campus of agriculture market, Lapung Sapukera Bazar, Ranchi | 14893100.00 | Three Month |
| 3 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/04/2026-27 | Construction of market shed with toilet deep boring, PCC road and solar light in the campus of agriculture market, Kurgi, Itki, Kanke, Ranchi | 5001000.00 | Three Month |
| 4 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/05/2026-27 | Construction of market shed with toilet, deep boring, PCC road and solar light in the campus of agriculture market, Sons Bazartand, Chanho, Ranchi | 7462500.00 | Three Month |
| 5 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/06/2026-27 | Construction of market shed with toilet] deep boring, PCC road and solar light in the campus of agriculture market, Silli Bazar, Ranchi | 7484300.00 | Three Month |
| 6 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/07/2026-27 | Construction of market shed with toilet deep. boring, PCC road and solar light in the campus of agriculture market, Naro, Nagri, Ranchi | 14900700.00 | Three Month |
| 7 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/08/2026-27 | Construction of market shed with toilet, deep boring, PCC road and solar light in the campus of agriculture market, Sonahatu Bazar, Ranchi | 7484300.00 | Three Month |
| 8 | Start Date of Submission of Bids | 04-05-2026 at 11.00 AM | | |
| 9 | Last Date/Time of Submission of Bids | 12-05-2026 at 11.00 AM | | |
| 10 | Date/Time of Opening of Bid | 13-05-2026 at 11.00 AM | | |
| 11 | Helpline Number of e-procurement Cell | 8527519262 | | |
| 12 | e-mail ID | eebcddiv1ranchi@gmail.com | | |

Note: - Cost of bidding document (Non-Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

PR 378093 (Building)26-27*D

**BILASPUR SMART CITY LIMITED**
3rd FLOOR, PINGLE BHAWAN, NEHRU CHOWK
Phone No.:07752-222642, Fax: 07752-413888, e-mail: tenders.bscl@gmail.com

**तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**


No.19/BSCL/2026-27 — Bilaspur Dated 07/04/2026
BSCL invites proposal for following work mentioned as below:

| NIT No. | Name of work | Bid Due Date |
|---|---|---|
| 251 | स्पोर्टस काम्पलेक्स संजय तरण पुष्कर भूतल पर रेस्टोरेंट स्थापना एवं द्वितीय तल पर मल्टीपरपस हॉल, संचालन एवं संधारण कार्य हेतु निविदा | 07/05/2026 IST 02:00 PM |

इच्छुक व्यक्ति निविदा में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र नगर पालिक निगम के औपचारिक वेबसाईट https://www.bilaspurnagarnigam.com से डाउनलोड करें।

MANAGER
BILASPUR SMART CITY LIMITED
Green City, Clean City, Smart City.



## शब्द पहेली - 6204



**बाएँ से दाए-**
2. पिता की बहन-2
5. कठोर-2
7. खून, रुधिर-2
8. मशरूम, फफूंद-3,2
9. इसे मकड़ी बुनती है-2
10. अपशिष्ट पदार्थ-2
11. धैर्य, संयम-2
13. स्फूर्ति, चंचलता-4
15. ओस, निशाजल-4
17. राशि निर्धारण-5
18. हलकापन-5
20. खालीपन, रिक्तता-4
23. स्नान करवाना-4
26. दंड-2
27. कार्य-2
28. कुर्बानी-2
29. कहानी का लेखक-5
30. प्रतिबिंब-2
31. गाना, नगमा-2
32. मां की मां-2


**ऊपर से नीचे**
1. बंदूक की गोली-4
3. व्याकुलता-4
4. दौरान, मध्य में-5
5. सत्ताधारी-4
6. नरम, अकठोर-4
10. शराब, सुरा-2
12. ईश्वर-2
14. गतिशीलता-5
16. नवीन, नया -2,3
19. उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20. प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21. मवाद-2
22. नाजुकता-4
23. मना करना-4
24. मैं का बहुवचन -2
25. नाकारा, बेकार-4

**शब्द पहेली -6203 का हल**




## सूडोकू नवताल - 6214

★★★★★ कठिनतम



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकू नवताल - 6213 का हल**





शरीर के भीतर कोई बीमारी पनप रही है, इसकी जांच के लिए अलग-अलग टेस्ट तो किए ही जाते हैं। लेकिन अगर ध्यान दें तो आंखों से भी कई तरह के हेल्थ इंडिकेशंस मिल सकते हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

# आंखें देती हैं हेल्थ इंडिकेशंस



एलर्टनेस
डॉ. मधुस्मिता बेहेरा
नेत्र रोग विशेषज्ञ

हमारी आंखें, शारीरिक स्वास्थ्य की खिड़की जैसी होती हैं। इसलिए सेहत पर नजर रखने के लिए समय-समय पर नेत्र रोग विशेषज्ञ को जरूर दिखाते रहें। आंखों के पिछले हिस्से यानी रेटिना से चिकित्सक को आपकी नर्व्स और ब्लड वेसल्स का हाल पता चल जाता है। इनका बारीकी से मुआयना करने पर कई खतरनाक रोगों का शुरुआती चरण में ही पता चल जाता है, जिससे समय पर इलाज शुरू करवा कर जटिलताओं से बचा जा सकता है।

**ब्रेन हेल्थः** आंखों की पुतली और ऑप्टिक नर्व सीधे मस्तिष्क से जुड़ी होती हैं, जिससे ट्यूमर या अल्जाइमर जैसी स्थितियों का संकेत मिल सकता है। आंखों के पीछे रेटिना में वसा और कैल्शियम के छोटे जमाव अल्जाइमर रोग का संकेत हो सकते हैं। शोध के अनुसार, दृष्टि में बदलाव डिमेंशिया के निदान से कई साल पहले आ सकते हैं।

**ब्रेन ट्यूमरः** आंखों की जांच के दौरान ऑप्टिक नर्व (दृष्टि तंत्रिका) में सूजन या दबाव का पता चल सकता है, जो मस्तिष्क में ट्यूमर का संकेत हो सकता है।

**हृदय रोगः** पलकों के आस-पास वसा जमा होना या रक्त वाहिकाओं की स्थिति हृदय संबंधी जोखिमों को दर्शा सकती है। फ्लोरिडा (अमेरिका) की नोवा साउथ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ ऑप्टोमेट्री आई केयर इंस्टीट्यूट के एसोसिएट प्रोफेसर और नेत्र रोग विशेषज्ञ जोसेफ पिजिमेंटी कहते हैं कि हम आंखों के चेकअप से ब्रेन ट्यूमर और ब्रेस्ट कैंसर से लेकर लंग्स कैंसर तक का पता लगा सकते हैं जिनका प्रभाव आंखों तक पहुंच जाता है। नेत्र रोग विशेषज्ञ मरीज की दृष्टि में आए परिवर्तन की जांच करके ब्रेन ट्यूमर की आशंका का पता लगा सकते हैं।

**डायबिटीजः** टाइप 2 डायबिटीज के शुरुआती संकेतों में से एक है रेटीना में मामूली मात्रा में ब्लीडिंग होना, जो डायबिटिक रेटीनोपैथी का लक्षण है। इसका समय पर इलाज शुरू न किया जाए, तो मरीज अपनी दृष्टि पूरी तरह खो सकता है। डायबिटिक रेटिनोपैथी का शुरुआती चरण में पता चल जाए तो जीवनशैली में बदलाव लाकर, पौष्टिक भोजन के माध्यम से और वजन घटाकर दृष्टिहीनता के खतरे को कम किया जा सकता है।

**उच्च रक्तचापः** न्यूयॉर्क (अमेरिका) की विल कोर्नेल मेडिकल कॉलेज में ऑफ्थेल्मोलॉजी की प्रोफेसर जेसिका सिराल्सकी कहती हैं, ब्लड वेसल्स को पहुंची क्षति, धमनियों में सिकुड़न और उनका कमजोर होना आदि उच्च रक्तचाप की निशानी हो सकते हैं। अमेरिकन जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक रेटीना की छोटी ब्लड वेसल्स का संकरा होना हार्ट डिजीज का संकेतक हो सकता है।

**मल्टीपल स्क्लेरोसिसः** अमेरिकन ऑप्टोमेट्रिक एसोसिएशन के अध्यक्ष मिटशेल मुनसोन बताते हैं कि ऑप्टिक नर्व का इनफ्लेमेशन यानी ऑप्टिक न्यूराइटिस, मल्टीपल स्क्लेरोसिस का शुरुआती लक्षण हो सकता है। मल्टीपल स्क्लेरोसिस के 75 फीसदी मरीजों में ऑप्टिक न्यूराइटिस होता है। लेकिन ऑप्टिक न्यूराइटिस का मतलब यह जरूरी नहीं कि मरीज को एमएस डिजीज भी हो, यह किसी अन्य कारण से भी हो सकता है।

**रूमेटाइड आर्थराइटिसः** विशेषज्ञ बताते हैं कि रूमेटाइड आर्थराइटिस के 25 फीसदी मरीजों में आंखों की समस्या भी पाई जाती है। जिनमें ड्राई आइज की समस्या सबसे आम है। अगर किसी मरीज की आइरिस में साल में दो बार दर्द और इन्फ्लेमेशन की शिकायत हो, तो उसमें रूमेटाइड आर्थराइटिस की संभावना होती है।

कहने का सार है कि आपको अपनी आंखों की रेग्युलर जांच करानी चाहिए। *

प्रस्तुतिः अंजू जैन

स्वस्थ, ऊर्जावान और दीर्घायु जीवन की कामना लगभग सभी लोग करते हैं। लेकिन इसके लिए अपनी जीवनशैली में किन बातों को अमल में लाना जरूरी होता है, इस बारे में कम लोग ही जानते हैं। विभिन्न अध्ययनों पर आधारित हम यहां दस ऐसे कारगर सूत्रों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप लंबे समय तक स्वस्थ, ऊर्जावान जीवन जी सकते हैं।

# 10 स्वस्थ जीवन के लिए अपनाएं सरल-कारगर सूत्र

हेल्थ सजेशन
शिखर चंद जैन

सभी हेल्थ एक्सपर्ट्स का यह मानना है कि स्वस्थ-निरोगी तन और दीर्घायु जीवन रातों-रात प्राप्त नहीं किया जा सकता है। बल्कि यह हमारे रोजमर्रा की जीवनशैली में शामिल छोटी-छोटी अच्छी आदतों का परिणाम होता है। आपकी जीवनशैली और अच्छे स्वास्थ्य के बीच सीधा संबंध होता है। आधुनिक विज्ञान यह साबित कर चुका है कि हमारी दैनिक आदतें हमारे जीन से भी ज्यादा प्रभावशाली हो सकती हैं। वैज्ञानिक शोधों के आधार पर यहां 10 ऐसी हैबिट्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपका अच्छा स्वास्थ्य तय करते हैं। यानी इन सूत्रों पर अमल करके आप स्वस्थ और ऊर्जावान बने रह सकते हैं।

## प्लांट-बेस्ड डाइट को अपनाएं

दुनिया में मौजूद 'ब्लू जोन' (जहां रहने वाले लोग सबसे ज्यादा जीते हैं) पर किए गए अध्ययनों से पता चला है कि फल, सब्जियां और साबुत अनाज आधारित भोजन, कैंसर और हृदय रोगों को दूर रखता है। इसके लिए आपके भोजन की थाली का आधा हिस्सा फलों और सब्जियों से भरा होना चाहिए। साबुत अनाज (ओट्स, ब्राउन राइस) और बींस (दालें, मटर, लोबिया) को भी अपने आहार में शामिल करना लाभकारी होता है। पशु उत्पादों (मांस, डेयरी) को अपने आहार में कम शामिल करें, पूरी तरह बंद करना अनिवार्य नहीं है। प्रोसेस्ड फूड के सेवन से बचें और साबुत खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें।


## सर्केडियन रिदम रखें सही

सर्केडियन रिदम यानी शरीर की आंतरिक 24 घंटे एक्टिव रहने वाली घड़ी। यही हमारे सोने-जागने, हार्मोन स्तर, मेटाबॉलिज्म और तापमान को नियंत्रित करके स्वास्थ्य को बनाए रखती है। यह रात में मेलाटोनिन जारी कर अच्छी नींद, दिन में ऊर्जा और शरीर को रिपेयर करने में मदद करती है, जिससे तनाव कम होता है और शुगर/बी.पी. जैसी बीमारियों का जोखिम घटता है। शोध बताते हैं कि शरीर की आंतरिक घड़ी के अनुसार जागना और सोना मेटाबॉलिज्म को ठीक रखता है। समय पर सोने से हृदय रोग और डायबिटीज का खतरा कम होता है।



## तनाव प्रबंधन है बहुत जरूरी

अच्छे जीवन के लिए तनाव प्रबंधन भी जरूरी है। तनाव प्रबंधन, शरीर में कोर्टिसोल के स्तर को कम करके, रक्तचाप को नियंत्रित रखकर और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखता है। नियमित व्यायाम, पौष्टिक भोजन, पर्याप्त नींद और योग/ध्यान के माध्यम से तनाव प्रबंधन किया जा सकता है। यह अनिद्रा और थकान को दूर करता है, जिससे हृदय रोग और पुरानी बीमारियों का जोखिम कम होता है। लंबे समय तक तनाव रहने से 'कार्टिसोल' नामक हार्मोन का स्तर बढ़ता है। रिसर्च कहती है कि ध्यान और योग क्रॉनिक इंफ्लेमेशन को कम करते हैं।







## अच्छी हो नींद की गुणवत्ता

'नेशनल स्लीप फाउंडेशन' के अनुसार, डेली 7-9 घंटे की गहरी नींद मस्तिष्क से विषाक्त पदार्थों को साफ करती है, जिससे अल्जाइमर जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। अच्छी नींद की गुणवत्ता शारीरिक मरम्मत, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक संतुलन के लिए अनिवार्य है। यह इम्यून सिस्टम को मजबूत करती है, तनाव वाले हार्मोन के स्तर को कम करती है, याददाश्त बढ़ाती है और वजन प्रबंधन में मदद करती है। बिना रुकावट वाली गहरी नींद, आपको ऊर्जावान बनाए रखने और पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम करने के लिए भी जरूरी है।

## सक्रिय जीवनशैली को अपनाएं

अच्छी हेल्थ के लिए सक्रिय जीवनशैली भी बहुत मायने रखती है। 'हार्वर्ड हेल्थ' (हार्वर्ड मेडिकल स्कूल) के अनुसार, रोजाना 30 मिनट की वॉकिंग दीर्घायु होने में सहायक हो सकती है। व्यायाम न केवल वजन घटाता है, बल्कि एंडोर्फिन नामक हार्मोन जारी करता है, जो मानसिक स्वास्थ्य सुधारता है। सक्रिय जीवनशैली, हृदय के स्वास्थ्य, वजन नियंत्रण और मानसिक मजबूती बढ़ाकर शरीर को स्वस्थ रखती है। यह हृदय रोगों, मधुमेह और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के खतरे को कम करती है। इसके साथ ही मांसपेशियों/ हड्डियों को मजबूत बनाकर जीवन प्रत्याशा में वृद्धि भी करती है।



## स्क्रीन टाइम ना हो अनलिमिटेड



**अत्यधिक मोबाइल** का उपयोग मानसिक थकान और आंखों की समस्याओं की वजह बन सकता है। कई शोध बताते हैं कि आज के समय में डिजिटल डिटॉक्स जरूरी हो गया है। स्क्रीन एडिक्शन के बजाय नेचर के करीब समय बिताने से ब्लड प्रेशर तुरंत कम होता है। स्क्रीन का कम उपयोग दिमाग को शांत करता है, जिससे किसी काम में ध्यान (फोकस) बेहतर होता है। आंखों की सुरक्षा के लिए हर 20 मिनट के बाद 20 सेकेंड के लिए 20 फीट दूर देखने (20-20-20 नियम) से आंखों का सूखापन और तनाव कम होता है। स्क्रीन-मुक्त समय में टहलने, योग करने या हॉबी अपनाने से शारीरिक गतिविधि बढ़ती है और मोटापा कम होता है। भोजन के समय या बेडरूम में फोन का उपयोग न करने से परिवार और दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने का अवसर मिलता है, इससे आपको खुशी मिलती है।

## सामाजिक जुड़ाव है बहुत जरूरी

'हार्वर्ड स्टडी ऑफ एडल्ट डेवलपमेंट' (करीब 80 साल तक चली स्टडी) में पाया गया कि अच्छे रिश्ते हमें खुश और स्वस्थ रखते हैं। अकेलापन, धूम्रपान जितना ही हानिकारक होता है। सामाजिक जुड़ाव मानसिक तनाव, अवसाद और चिंता को कम करके, दीर्घकालिक बीमारियों का जोखिम घटाकर और स्वस्थ व्यवहारों (जैसे व्यायाम, अच्छी नींद) को बढ़ावा देकर स्वास्थ्य में सुधार करता है। परिवार और दोस्तों के साथ मजबूत रिश्ते सकारात्मक भावनाएं, जीवन में उद्देश्य प्रदान करते हैं, जिससे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

## हाइड्रेशन लेवल ना हो कम

अच्छे स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना भी आवश्यक होता है। ऐसा करना गुर्दे यानी किडनी की कार्यक्षमता और ऊर्जा के स्तर को बनाए रखता है। शोध बताते हैं कि सही मात्रा में हाइड्रेशन, त्वचा और पाचन के लिए भी अनिवार्य है। यह शारीरिक तापमान को नियंत्रित करता है, जोड़ों को चिकनाई प्रदान करता है, पोषक तत्वों का परिवहन करता है, ऊर्जा स्तर बनाए रखता है और पाचन में मदद करता है। रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से किडनी स्वस्थ रहती है और विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते रहते हैं।

## गट हेल्थ हो सही

अच्छी हेल्थ और गट हेल्थ के रिलेशन पर किया गया हालिया रिसर्च, 'गट-ब्रेन एक्सिस' पर जोर देता है। प्रो-बायोटिक्स और फाइबर युक्त भोजन हमारे इम्यून सिस्टम को 70-80 प्रतिशत तक नियंत्रित करते हैं। इसलिए गट हेल्थ पर ध्यान दिया जाना जरूरी है।

## नशीले पदार्थों से रहें दूर

प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल 'द लैंसेट' की रिपोर्ट के अनुसार, शराब, तंबाकू या किसी भी अन्य नशीले पदार्थ का सेवन किसी भी स्तर पर सुरक्षित नहीं है। यह सीधे तौर पर डीएनए को नुकसान पहुंचाते हैं, जो आगे चलकर गंभीर बीमारियों की वजह बन सकता है। इसलिए स्वस्थ और दीर्घायु जीवन के लिए किसी भी नशीले पदार्थ का किसी भी रूप में सेवन हानिकारक हो सकता है। यहां बताई गई बातों को अपनी जीवनशैली में अपनाकर निश्चित ही आप स्वस्थ और दीर्घायु जीवन जी सकते हैं। *

लगभग एक हजार बच्चों में से एक को हिप ज्वाइंट से जुड़ा डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया रोग होता है। इसमें बच्चे की मूवमेंट प्रभावित हो सकती है। समय पर ट्रीटमेंट न कराने पर प्रॉब्लम बढ़ सकती है। इस बारे में डिटेल में जानिए।

# डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप बच्चे के मूवमेंट को करता है प्रभावित

डिजीज
डॉ. अनुराग अग्रवाल
क्लिनिकल डायरेक्टर
ऑर्थोपेडिक्स, ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट
मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद

हाल ही में फिल्म एक्टर वरुण धवन की 2 साल की बेटी के एक फिजिकल प्रॉब्लम से उबरने की खबर सामने आई। उनकी बेटी डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप (डीडीएच) नामक विकार से जूझ रही थी, जो अब उपचार के बाद ठीक है।

**क्या है यह रोगः** डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप, बच्चों के हिप सॉकेट या कूल्हे के जोड़ में होने वाली विकृति है। इसे हिप डिसप्लेसिया भी कहा जाता है। जोड़ शरीर का वह हिस्सा होता है, जहां दो हड्डियां आपस में मिलती हैं। हिप का जोड़ जांघ की हड्डी (फीमर) और पेल्विस के बीच का जुड़ाव बिंदु होता है। डीडीएच में हिप का जोड़ नॉर्मल स्वस्थ जोड़े की तरह विकसित नहीं हो पाता और काफी उथला या ढीला हो जाता है। फीमोरल हेड बॉल (फीमर का ऊपरी भाग) पेल्विस में मौजूद हिप सॉकेट (एसीटैबुलम) में सही तरीके से फिट नहीं हो पाता और बाहर निकलने लगता है। जिसकी वजह से मरीज का हिप-लक्सेशन शुरू हो जाता है यानी हिप अपनी जगह से खिसक जाती है। जांघ के अंदरूनी हिस्से-ग्रोइन में सामान्य से ज्यादा गहरे स्किन-फोल्ड या क्रीज बन जाती हैं। पैर के बाहर की तरफ खोलने का मूवमेंट रुक जाता है। जिस पैर में यह दिक्कत होती है, वो पैर थोड़ा छोटा हो सकता है। बच्चे को हिप में अकड़न-सी महसूस होती है, मूवमेंट करने पर हिप के अंदर चटकने या क्लिक की आवाज आती है।

**क्या होता है असरः** डीडीएच डेवलपमेंटल डिसऑर्डर है, जो बचपन में ही हो जाता है। ध्यान न देने पर धीरे-धीरे समस्या बढ़ती जाती है। बच्चे को क्रॉनिक दर्द रहता है। उसके हिप के मूवमेंट बहुत कम हो जाते हैं। पैर छोटे-बड़े हो जाने पर बच्चे को चलने-फिरने में दिक्कत आती है। नजरअंदाज करने पर बड़े होने पर बच्चे को हिप ऑस्टिओअर्थराइटिस हो सकता है। यानी हिप खराब होने और चाल में स्थाई रूप से लंगड़ापन आने की संभावना रहती है। जबकि सही ढंग से उपचार होने पर बच्चा सामान्य जीवन जी सकता है।



**समस्या के कारणः** इस समस्या के कई कारण हो सकते हैं।

- आनुवांशिक, जेनेटिक फैक्टर्स की वजह से होता है।
- ब्रीच पाश्जीशन/उल्टे पैदा हुए बच्चे जो जन्म के समय सिर के बजाय हिप्स के माध्यम से पैदा होते हैं।
- प्री-मैच्योर पैदा हुए बच्चे।
- पैरेंट्स की गलत आदतें जैसे बच्चे को उठाते या सुलाते समय बच्चे के पैर सीधे करके हिप्स को चादर, टावल या कंबल से कसकर बांधना।

**किन्हें है खतराः** लड़कियों में लड़कों की अपेक्षा 80 प्रतिशत मामले ज्यादा होते हैं। पहली संतान को ज्यादा खतरा रहता है।

**न करें नजरअंदाजः** पैरेंट्स को इसके कोई भी लक्षण नजर आएं, तो डॉक्टर से कंसल्ट कर उपचार कराना चाहिए। बच्चे का पैरों की लंबाई या जांघों के आस-पास ग्रोइन एरिया के स्किन-फोल्ड असमान दिखाई दें, हिप के आस-पास हाथ लगाने पर कोई आवाज सुनाई दे या हिप के मूवमेंट प्रॉपर न हों या मूवमेंट सामान्य से कुछ कम लगे।

**कैसे होता है डायग्नोजः** डीडीएच को कंफर्म करने के लिए डॉक्टर बच्चे का हिप एब्डेक्शन टेस्ट या बार्लोस-मैनुअल टेस्ट करते हैं। साथ ही हिप फीमर की स्थिति की जांच के लिए 4-6 महीने के बच्चे का अल्ट्रासाउंड और बड़े बच्चे का एक्स-रे टेस्ट भी कराया जाता है।



**क्या है उपचारः** इस रोग का उपचार बच्चे की उम्र और समस्या की गंभीरता पर निर्भर करता है। 6 महीने से छोटे बच्चे का हिप हाथ लगाने पर अगर अंदर की तरफ रिड्यूस हो रहा है, तो बच्चे को पेल्विक हार्नेस ब्रेस लगाया जाता है। जो बच्चे के हिप्स को बाहर की तरफ फैलाकर और घुटनों को मोड़कर रखता है। हिप पर प्रेशर पड़ने से धीरे-धीरे रिड्यूस होकर स्टेबल हो जाता है। पेल्विस में एसीटैबुलम सॉकेट सही पोजीशन में आ जाता है, जिसमें फीमर हेड आसानी से फिट हो जाता है। शुरू में ब्रेस पूरे टाइम के लिए लगाया जाता है, कुछ टाइम बाद सिर्फ रात को लगाने के लिए कहा जाता है। अगर बच्चा 6 महीने से बड़ा है और हिप सही पोजीशन में नहीं जा पा रहा हो तो ऐसी स्थिति में हिप-रिडक्शन सर्जरी की जाती है और कुछ समय के लिए हिप स्पाइका कास्ट प्लास्टर लगाया जाता है। इस तरह की सर्जरी से पहले हिप को रिड्यूस करके सही पोजीशन में लाया जाता है। कुछ समय बाद यह फिट हो जाता है।

**रखें ध्यानः** बच्चे को डीडीएच की समस्या से बचाने के लिए पैरेंट्स को यहां बताई जा रही बातों पर अमल करना जरूरी है।

- पैदा होने पर बच्चे के हिप्स को बहुत ज्यादा कसकर नहीं बांधें, ताकि बच्चा अपने घुटने को किक करने वाले मूवमेंट को आराम से कर सके।
- बच्चे के पैरों को लंबे समय तक जबरदस्ती सीधे करके नहीं रखें। हिप और घुटने का मूवमेंट होते रहना बहुत जरूरी है।
- बच्चे को उठाते समय ध्यान रखें कि बच्चा फ्रॉग और एम पोजीशन में रहे ताकि बच्चे का हिप्स और हिप सॉकेट एसीटैबुलम ठीक पोजीशन में हो।
- बच्चे को सीट पर बिठाते समय ध्यान रखें कि उसके घुटने-हिप्स के ऊपर हों।
- बच्चों के चलने-फिरने और फिजिकल ग्रोथ पर नजर रखें। किसी भी तरह की असामान्यता नजर आने पर यथाशीघ्र मेडिकल सलाह लें। *

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा



## राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ को 40 रन से हराया

# 160 रन चेज नहीं कर पाई सुपर जायंट्स

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

रविंद्र जडेजा के हरफनमौला खेल और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल टी20 मैच में बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स को 40 रन से शिकस्त दी। 'प्लेयर ऑफ द मैच' जडेजा ने 29 गेंद में नाबाद 43 रन की पारी खेलने के बाद गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 29 रन देकर एक विकेट लिया।

राजस्थान रॉयल्स ने 8 विकेट पर 159 रन का औसत स्कोर खड़ा करने के बावजूद सुपर जायंट्स को 18 ओवर में महज 119 रन पर आउट कर 40 रन की बड़ी जीत दर्ज की। जोफ्रा आर्चर (20 रन पर 3 विकेट) और नांद्रे बर्गर (27 रन पर 2 विकेट) ने सुपर जायंट्स के शीर्ष क्रम को झकझोरा, तो वहीं बृजेश शर्मा (18 रन पर 2 विकेट), जडेजा और रवि बिश्नोई (23 रन पर 1 विकेट) ने मध्य और निचले क्रम को क्रीज पर जमने का मौका नहीं दिया।



### शमी और मोहसिन की शानदार गेंदबाजी

*इससे पहले जडेजा के अलावा यशस्वी जायसवाल (22), रियान पराग (20), शिमरॉन हेटमायर (22) और डोनोवन फरेरा (20) को भी अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन कोई भी बड़ा स्कोर नहीं बना सका। अनुभवी गेंदबाज शमी (4 ओवर में 30 रन पर दो विकेट) एक बार फिर अपने कौशल के बूते सबसे अलग नजर आए, जबकि लंबे कद के मोहसिन (4 ओवर में 17 रन पर दो विकेट) बेहद अनुशासित रहे। दोनों गेंदबाजों ने मिलकर राजस्थान के चार प्रमुख बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। शमी ने जायसवाल और ध्रुव जुरेल (शून्य) को लगातार गेंदों पर आउट किया, जबकि मोहसिन ने वैभव सूर्यवंशी (11 गेंदों पर 8 रन) और शिमरॉन हेटमायर को अलग-अलग स्पेल में आउट किया। प्रिंस यादव दो विकेट ने लिए ।*

### सुपर जायंट्स के 3 बल्लेबाज नहीं खोल पाए खाता

लक्ष्य का पीछा करते हुए मिचेल मार्श ने शुरुआती ओवर में आर्चर के खिलाफ लगातार चौके जड़े, लेकिन इसके बाद सुपर जायंट्स के तीन बल्लेबाज खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। आयुष बडोनी गफलत का शिकार होकर रन आउट हुए, जबकि कप्तान ऋषभ पंत नांद्रे बर्गर के खिलाफ बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को कैच दे बैठे। आर्चर ने अपने अगले ओवर में एडेन मारक्रम को विकेट के पीछे कैच कराया, जिससे सुपर जायंट्स ने 11 रन तक 3 विकेट गंवा दिए।

### मिचेल का अर्धशतक गया बेकार

सुपर जायंट्स के लिए मिचेल मार्श ने 41 गेंदों में सबसे ज्यादा 55 रन का योगदान दिया। उन्हें हालांकि दूसरे छोर से किसी और का साथ नहीं मिला। उनके अलावा निकोलस पूरन (22) और हिम्मत सिंह (15) ही दोहरे अंक में रन बना सके।

### सबसे कम गेंद में 500 रन बनाने वाले खिलाड़ी बने वैभव

*राजस्थान रॉयल्स के ओपनर वैभव सूर्यवंशी आईपीएल में सबसे कम गेंदों में 500 रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने सिर्फ 227 गेंदों में यह कारनामा किया। इसी के साथ सूर्यवंशी ने दिग्गज ग्लेन मैक्सवेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पहले यह रिकॉर्ड ग्लेन मैक्सवेल के नाम था। उन्होंने आईपीएल में 500 रन 260 बॉल में बनाए थे।*

### स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का पंत बो शमी | 22 | 12 | 4 | 0 |
| सूर्यवंशी का राठी बो मोहसिन | 08 | 11 | 2 | 0 |
| जुरेल का पंत बो शमी | 00 | 01 | 0 | 0 |
| पराग का पूरन बो प्रिंस | 20 | 19 | 2 | 1 |
| हेटमायर का प्रिंस बो मोहसिन | 22 | 18 | 2 | 1 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 43 | 29 | 2 | 1 |
| फरेरा का मोहसिन बो प्रिंस | 20 | 19 | 2 | 0 |
| शुभम दुबे नाबाद | 19 | 11 | 3 | 0 |

अतिरिक्त: 05, कुल योग: 20 ओवर में 159/6 रन
गेंदबाजी: शमी 4-0-30-2, प्रिंस 4-0-29-2, मोहसिन 4-1-17-2, मयंक 4-0-56-0, राठी 4-0-26-0

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्श का पराग बो बर्गर | 55 | 41 | 6 | 2 |
| बडोनी रन आउट | 00 | 1 | 0 | 0 |
| पंत का जुरेल बो बर्गर | 00 | 3 | 0 | 0 |
| मारक्रम का जुरेल बो आर्चर | 00 | 6 | 0 | 0 |
| पूरन का फरेरा बो जडेजा | 22 | 25 | 3 | 0 |
| हिम्मत सिंह बो बिश्नोई | 15 | 15 | 0 | 1 |
| मुकुल का पराग बो बृजेश | 07 | 3 | 0 | 1 |
| मोहम्मद शमी बो बृजेश | 06 | 4 | 0 | 1 |
| मयंक का जुरेल बो आर्चर | 02 | 2 | 0 | 0 |
| दिग्वेश राठी नाबाद | 02 | 2 | 0 | 0 |
| मोहसिन खान बो आर्चर | 00 | 2 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 07, कुल योग: 18 ओवर में 119/10 रन
गेंदबाजी: आर्चर 4-0-20-3, बर्गर 4-0-27-2, बृजेश 3-0-18-2, जडेजा 4-0-29-1, बिश्नोई 3-0-23-1

## आईपीएल में फूटा 'स्मोकिंग बम'

### सिगरेट पीते हुए रबाडा की क्लिप वायरल?



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईपीएल के बीच एक वीडियो ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। दावा किया जा रहा है कि गुजरात टाइटंस के स्टार तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा होटल में सिगरेट पीते नजर आए। हालांकि, इस वीडियो की सच्चाई अभी तक साबित नहीं हो सकी है, लेकिन फैंस के बीच इसको लेकर बहस तेज हो गई है।

दरअसल, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक क्लिप में रबाडा जैसे दिखने वाले शख्स को सिगरेट पीते हुए देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो गुजरात टाइटंस के टीम होटल का हो सकता है, लेकिन इसकी लोकेशन और समय की पुष्टि नहीं हो पाई है। वीडियो में कुछ अन्य लोग भी नजर आ रहे हैं, जिन्हें टीम से जुड़ा बताया जा रहा है, मगर उनकी पहचान भी साफ नहीं हो सकी है। ऐसे में पूरे मामले को लेकर स्थिति अभी भी अस्पष्ट बनी हुई है। गौरतलब है कि रबाडा इस सीजन में गुजरात टाइटंस के लिए अहम भूमिका निभा रहे हैं। वह पर्पल कैप की रेस में फिलहाल सातवें स्थान पर हैं और 6 मैचों में 10 विकेट ले चुके हैं। उनका औसत 22.20 और इकॉनमी रेट 9.73 रहा है।

### पुराना विवाद भी आया चर्चा में

इस वीडियो के सामने आने के बाद रबाडा का पुराना अनुशासनात्मक रिकॉर्ड भी चर्चा में आ गया है। पिछले आईपीएल सीजन में उन्हें साउथ अफ्रीकन इंस्टिट्यूट फॉर ड्रग फ्री स्पोर्ट्स द्वारा एक महीने का बैन झेलना पड़ा था। उस दौरान वह टूर्नामेंट बीच में छोड़कर गए थे और बाद में टीम से दोबारा जुड़े थे। हालांकि, डोपिंग मामले की पूरी जानकारी कभी सार्वजनिक नहीं की गई थी, जिससे अटकलों को हवा मिली थी।

### पहले भी सामने आ चुका है ऐसा मामला

सीजन की शुरुआत में भी इसी तरह का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें युजवेंद्र चहल को कथित तौर पर धूम्रपान करते और गाड़ी चलाते हुए दिखाया गया था। हालांकि, उस वीडियो की भी पुष्टि नहीं हो सकी थी, लेकिन सोशल मीडिया पर इसे लेकर काफी आलोचना हुई थी।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 6 | 5 | 1 | 11 |
| राजस्थान | 7 | 5 | 2 | 10 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 8 |
| दिल्ली | 6 | 3 | 3 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| लखनऊ | 7 | 2 | 5 | 4 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 |

ऑरेंज कैप



अभिषेक शर्मा
323 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



अंशुल कंबोज
13 विकेट
चेन्नई

### खबर संक्षेप

#### तमिलनाडु ने महाराष्ट्र को हराया, बना अंडर 19 चैंपियन



**देहरादून।** शीर्ष वरीयता प्राप्त तमिलनाडु ने यूटीटी अंतरराज्यीय जूनियर एवं युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में महाराष्ट्र को 3-1 से हराकर लड़कों के अंडर19 वर्ग का टीम खिताब जीता। पीबी अभिनंद तमिलनाडु की जीत के नायक रहे। उन्होंने पहले नील मुल्ये को 11-5, 11-3, 7-11, 11-6 से हराया और फिर उलट एकल में कुशल चोपड़ा पर 11-6, 11-6, 11-8 से शानदार जीत दर्ज करके अपनी टीम को खिताब दिलाया। महाराष्ट्र की टीम चोपड़ा पर काफी निर्भर थी क्योंकि उन्होंने इससे पहले टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया था।

## आईसीसी रैंकिंग : टी20 में नामीबिया और स्कॉटलैंड के खिलाड़ियों की छलांग, वनडे में बांग्लादेशियों को फायदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला वनडे मैच 26 रन से गंवाने के बाद दूसरा मुकाबला 6 विकेट से अपने नाम करने के बाद बांग्लादेश ने न सिर्फ तीन मुकाबलों की सीरीज को 1-1 से बराबर किया, बल्कि उसके खिलाड़ियों ने भी व्यक्तिगत प्रदर्शन में काफी सुधार किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ ढाका में खेले गए दूसरे वनडे मैच के बाद बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने आईसीसी मेंस वनडे रैंकिंग में छलांग लगाई है।



### तंजीद हसन को वनडे रैंकिंग में फायदा

बांग्लादेशी ओपनर तंजीद हसन उन खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्हें वनडे रैंकिंग सबसे ज्यादा फायदा मिला। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में 199 रन के टारगेट का पीछा करते हुए 76 रनों की संयमित पारी खेलने के बाद तंजीद बल्लेबाजों की रैंकिंग में 14 पायदान की छलांग लगाकर 40वें स्थान पर पहुंच गए हैं। तौहीद हिरदॉय पांच पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 26वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### बांग्लादेशी स्पिनर रिशाद 10 पायदान ऊपर चढ़े

इस मुकाबले के साथ बांग्लादेश की गेंदबाजी यूनिट को भी फायदा हुआ। स्पिनर रिशाद हुसैन 10 पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 58वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि तेज गेंदबाज नाहिद राणा मैच में 5 विकेट लेने के बाद 32 पायदान की छलांग लगाकर 64वें स्थान पर पहुंच गए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम ने सीरीज में लगातार विकेट लेने वाले प्रदर्शन के बाद रैंकिंग में 39वां स्थान हासिल कर लिया है। भले ही डेरिल मिशेल इस वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन उन्होंने इस फॉर्मेट में बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है।

## आईपीएल में दिखा धोनी का बिहारी अंदाज, वायरल हुआ मजेदार वीडियो

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फैंस 2026 आईपीएल सीजन में एमएस धोनी को देखने के लिए बहुत ज्यादा उत्साहित लग रहे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स ने इस सीजन में अब तक छह मैच खेले हैं, जिनमें से किसी में भी धोनी चोट की वजह से नहीं खेल पाए हैं। हालांकि धोनी असली मैचों में मैदान पर नहीं दिखे हैं, लेकिन प्रैक्टिस सेशन के दौरान वह लगातार मैदान पर नजर आए हैं। इसी बीच,धोनी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह एक खास 'बिहारी' अंदाज में बात करते दिख रहे हैं। मुंबई इंडियंस ने धोनी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें वह एमआई के तेज गेंदबाज दीपक चाहर से बात करते दिख रहे हैं। वीडियो में, जैसे ही धोनी की नजर कैमरे पर पड़ती है, वह अपने जाने-पहचाने बिहारी अंदाज में बात करना शुरू कर देते हैं। फैंस को माही का यह खास अंदाज बहुत पसंद आता है।




### धोनी ने क्या कहा

वीडियो में धोनी ने दीपक चाहर से कहा, "तुम आए, और साथ में कैमरा भी ले आए?" जवाब में, चाहर ने कैमरामैन की तरफ मुड़कर कहा, अरे भाई, चलो, अब तुम जाओ। फिर माही ने बीच में कहा, "हाँ, वरना हम बात नहीं कर पाएंगे (कैमरामैन की वजह से)। यह ध्यान देने वाली बात है कि यह पहली बार नहीं है जब धोनी को इस तरह बात करते देखा गया है। पहले भी कई मौकों पर उन्हें बिहारी अंदाज़ में बात करते सुना गया है। फैंस को माही की पर्सनैलिटी का यह पहलू बहुत प्यारा लगता है।

## लगातार हार के बाद भी फ्रेंच ओपन खेलना चाहती हैं वीनस

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी वीनस विलियम्स महिला एकल में लगातार दसवां मैच हारने के बावजूद अगले महीने होने वाले फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलना चाहती हैं।

इस 45 वर्षीय खिलाड़ी मैड्रिड ओपन में स्पेन की 20 वर्षीय खिलाड़ी कैटलिन क्वेवेडो से 6-2, 6-4 से हार गईं। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन



वीनस ने कहा, ' मैं लंबे समय से क्ले कोर्ट पर नहीं खेली थी और मैं इसमें खेलने का अनुभव लेना चाहती थी।' उन्होंने कहा, 'दुर्भाग्य से मैं इटालियन ओपन में नहीं खेल पाऊंगी क्योंकि मेरी कुछ प्रतिबद्धताएं हैं। मेरे पति इटालियन हैं, इसलिए मुझे भी दुख है कि हम वहां नहीं जा सकते। लेकिन (फ्रेंच ओपन की तैयारी के लिए) हम क्ले कोर्ट पर खेलना जारी रखना चाहेंगे।'

## बिनु ने बनाया 9 अंडर का स्कोर, हासिल की बढ़त


एजेंसी ▶▶ लुबुम्बाशी



युवा गोल्फर शौर्य बिनु ने अफ्रीकी चरण में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एएम ग्रीन आईजीपीएल आमंत्रण कांगो गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में 9 अंडर 64 का शानदार स्कोर बनाकर बढ़त हासिल कर ली। यह 21 वर्षीय खिलाड़ी पिछले दो हफ्तों में अफ्रीकी चरण में दो बार शीर्ष 10 में जगह बना चुका है। उन्होंने गोल्फ क्लब लुबुम्बाशी में पहले दौर में एक अंडर 72 के साथ शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने दूसरे दौर में 9 अंडर का शानदार स्कोर बनाया। इससे वह 36 होल के बाद 10 अंडर पर पहुंच गए। वह चार अन्य खिलाड़ियों से दो शॉट आगे हैं।

टेनिस

## टेनिस जगत में सुर्खियां बटोर रहा स्पेन का एक और 'राफा'



एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज की उम्र केवल 22 वर्ष है, लेकिन उनके देश स्पेन में प्रतिभाशाली टेनिस खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी के बारे में पहले से ही चर्चा हो रही है। इनमें से सबसे चर्चित नाम उस खिलाड़ी का है, जिनका पहला नाम सर्वकालिक महान खिलाड़ी राफेल नडाल के समान है। यह खिलाड़ी है 19 वर्षीय राफेल जोडर, जो रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाने से स्पेन और पूरे टेनिस जगत में सुर्खियां बटोर रहे हैं। जोडर को नडाल की तरह 'राफा' उपनाम से भी जाना जाता है। वह मैड्रिड ओपन में अपने पदार्पण से ठीक पहले शीर्ष 50 में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं।

एक और होनहार खिलाड़ी 20 वर्षीय मार्टिन लैंडालुस हैं, जिन्होंने हाल में पुरुष रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाई है। अल्काराज के कलाई में चोट के कारण नाम वापस लेने के बाद मैड्रिड ओपन में यह दोनों दर्शकों के पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक होंगे।

### मार्च में जोडर ने किया शीर्ष 100 में प्रवेश

*जोडर एक साल पहले तक विश्व रैंकिंग में शीर्ष 600 खिलाड़ियों में भी शामिल नहीं थे। मार्च में उन्होंने शीर्ष 100 में प्रवेश किया और सोमवार को जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग में 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जोडर ने कहा, 'मैं बचपन से ही दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करता रहा हूं। मैं शुरू से ही कोर्ट के अंदर और बाहर बहुत शांत स्वभाव का रहा हूं। मैं जानता हूं कि ऐसा समय भी आएगा जबकि परिस्थितियां आपके अनुकूल नहीं होंगी और ऐसे समय में आपकी मानसिक मजबूती की परीक्षा होती है। इस तरह का दौर मुझे और मजबूत बनाएगा।' उन्होंने कहा,'मैंने कभी कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया।*

एशियाई चैंपियंस लीग

## माचिदा जेलविया की फाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶ जेद्दा

जापान के क्लब माचिदा जेलविया ने संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल-अहली को 1-0 से हराकर एशियाई चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। युकी सोमा के पहले हाफ में किए गए गोल से जापान के क्लब ने जीत दर्ज की। शनिवार को होने वाले फाइनल में उसका मुकाबला सऊदी अरब के क्लब और मौजूदा चैंपियन अल-अहली सऊदी से होगा। सोमा ने 12वें मिनट में गोलकीपर हमद अल-मेकबाली को छकाकर गोल दागा, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। अल-अहली सऊदी ने सोमवार को जापान के विसेल कोबे को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई थी। जेद्दा स्थित इस क्लब ने पिछले साल मई में फाइनल में जापान के कावासाकी फ्रंटेल को 2-0 से हराया था।




स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट

## रियाल मैड्रिड ने चखा जीत का स्वाद

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

काइलियन एमबाप्पे और विनीसियस जूनियर ने एक-एक गोल किया, जिससे रियाल मैड्रिड ने अलावेस को 2-1 से हराकर 4 मैचों के बाद पहली जीत का स्वाद चखा। इस जीत से वह स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट लालीगा में शीर्ष पर मौजूद बार्सिलोना के करीब पहुंच गया है। सैंटियागो बर्नाबेउ स्टेडियम में मिली जीत के बाद रियाल मैड्रिड अब बार्सिलोना से छह अंक पीछे रह गया है। बार्सिलोना के 31 मैच में 79 और रियाल मैड्रिड के 32 मैच में 73 अंक हैं। बायर्न म्यूनिख से हारने के कारण चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बाद रियाल मैड्रिड का यह पहला मैच था। रियाल मैड्रिड को बायर्न से अपने घरेलू मैदान पर 2-1 से और दूसरे चरण में जर्मनी में 4-3 से हार का सामना करना पड़ा था। उसे लालीगा में पिछले दो मैच में जीत नहीं मिली थी। उसने गिरोना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला था जबकि मालोर्का से 2-1 से हार गए था।






डिजिटल दौर ने भले ही दुनिया को स्क्रीन तक समेट दिया हो, लेकिन कुछ भावनाएं आज भी कागज और स्याही में ही पूरी तरह उतरती हैं। चिट्ठी पर लिखे शब्द लंबे समय तक लोगों के दिनों में बसे रहते हैं।

# इस पहाड़ी पर बसा है दुनिया का सबसे ऊंचा डाकघर

**नई दिल्ली।** यही वजह है कि तकनीक के इस तेज समय में भी देश के कई कोनों में खत आज भी रिश्तों की डोर को थामे हुए हैं। खासतौर पर वहां, जहां नेटवर्क की पहुंच की आज भी कमी है।

आज हम आपको एक अनोखे डाकघर के बारे में बताने जा रहे हैं, जो दुनिया का सबसे ऊंचाई पर स्थित सक्रिय पोस्ट ऑफिस है। हिमाचल प्रदेश के स्पीति क्षेत्र के हिक्किम गांव में स्थित यह डाकघर समुद्र तल से करीब 14,567 फीट की ऊंचाई पर मौजूद है।

**दुनिया का सबसे ऊंचा ऑपरेशनल पोस्ट ऑफिस होने के कारण यह पर्यटकों के लिए भी खास आकर्षण का केंद्र बन चुका है**

### बर्फीली ऊंचाइयों पर बसा डाकघर

यहां पहुंचना ही अपने आप में एक चुनौती है, क्योंकि कम ऑक्सीजन और कठिन मौसम हर कदम पर परीक्षा लेते हैं। इसके बावजूद साल 1983 से यह डाकघर लगातार अपनी सेवा दे रहा है। बर्फीली हवाओं और दुर्गम रास्तों के बीच भी यहां से भेजी गई हर चिट्ठी अपने साथ भावनाएं और संदेश लेकर निकलती है।



### गांवों की जीवनरेखा बनी चिट्ठियां

हिक्किम का यह डाकघर केवल एक गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि आसपास के कई दूरस्थ इलाकों तक अपनी पहुंच बनाए हुए है। लांगचा-1, लांगचा-2 और कॉमिक जैसे गांव आज भी चिट्ठियों के जरिए ही दुनिया से जुड़े हैं। स्पीति घाटी के रास्ते साल में सिर्फ कुछ महीनों के लिए ही खुले रहते हैं, जून से अक्टूबर के बीच। सर्दियों में बर्फ की मोटी चादर पूरे इलाके को ढक लेती है, जिससे संपर्क लगभग टूट जाता है। ऐसे में यह डाकघर लोगों के लिए एक उम्मीद बनकर सामने आता है।

### क्या बनाता है इसे खास?

इस डाकघर की सबसे बड़ी खासियत इसकी ऊंचाई ही नहीं, बल्कि इसकी निरंतर सेवा है। दुनिया का सबसे ऊंचा ऑपरेशनल पोस्ट ऑफिस होने के कारण यह पर्यटकों के लिए भी खास आकर्षण का केंद्र बन चुका है। यहां आने वाले लोग अक्सर अपने दोस्तों और परिवार को पोस्टकार्ड भेजते हैं, जिस पर लगी खास मोहर इस अनुभव को यादगार बना देती है। सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण रास्ते बंद हो जाते हैं और डाक सेवा भी कुछ समय के लिए ठहर जाती है।

## रोचक खबरें

## वैज्ञानिकों ने बना लिया प्यार बटन! अब समझ में आएगा दिल का असली कनेक्शन

**न्यूयार्क।** क्या प्यार सिर्फ दिल का मामला है। या फिर दिमाग के किसी कोने में छिपा एक स्विच? जरा सोचिए कि आप एक लेजर लाइट ऑन करते हैं और तुरंत दिमाग में भरोसा और लगाव की फीलिंग्स एक्टिव हो जाती है।



विज्ञान की दुनिया में यह अब यह सिर्फ एक कल्पना नहीं, हकीकत बनने जा रही है। यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड के वैज्ञानिकों ने ऑक्सीटोसिन यानी लव हार्मोन को कंट्रोल करने वाला एक ऐसा लाइट स्विच तैयार कर लिया है। जो इंसानी रिश्तों और फीलिंग्स के सबसे गहरे राज से पर्दा उठा सकता है। इस तकनीक को साइंस की दुनिया में फोटोकेजिंग कहते हैं, इस आप इस तरह से आसानी से समझ सकते हैं- वैज्ञानिकों ने ऑक्सीटोसिन हार्मोन के साथ एक प्रकाश-संवेदनशील केमिकल ग्रुप जोड़ दिया है। जो इसे लॉक करता है।यानी हार्मोन दिमाग में मौजूद तो रहता है। लेकिन. कोई काम नहीं करता है। जैसे ही एक खास वेवलेंथ की लेजर लाइट इस पर पड़ती है। वह केमिकल पिंजरा टूट जाता है और ऑक्सीटोसिन तुरंत एक्टिव हो जाता है। इस तकनीक की सबसे बड़ी खास बात है। इसकी सटीकता। वैज्ञानिक अब दिमाग के किसी एक खास हिस्से या न्यूरॉन में ही इस हार्मोन को एक्टिव कर सकेंगे। ऑक्सीटोसिन हमारे व्यवहार का आधार होता है। फिर वह चाहे रोमांस हो, दोस्ती हो या मां-बच्चे का लगाव, यही हार्मोन भरोसा और फीलिंग्स जगाता है। अब तक वैज्ञानिकों के लिए यह समझना मुश्किल था कि दिमाग का कौन सा हिस्सा किस फीलिंग्स के लिए जिम्मेदार है। क्योंकि, यह हार्मोन पूरे दिमाग में फैल जाता था. लेकिन इस नई लाइट स्विच टेक्नोलॉजी से अब यह देखा जा सकेगा कि एक खास न्यूरॉन के एक्टिव होने पर इंसान के व्यवहार में क्या बदलाव आता है।

## मुर्दों के मुंह में सोने की जुबान? मिस्र की प्राचीन कब्र में मिला खौफनाक खजाना

**काहिरा।** मिस्र के अल-बहांसा इलाके में रेत के नीचे दबी एक 'मुर्दों की बस्ती' ने वैज्ञानिकों की नींद उड़ा दी है। हजारों साल पुरानी कब्रों को जब खोला गया, तो उनके अंदर से ऐसी ममी निकलीं, जिनकी जुबान सोने की बनी हुई थी। यह कोई इत्तेफाक नहीं, बल्कि एक बेहद डरावना और रहस्यमयी प्राचीन रिवाज था, जिसमें मरने वाले की असली जुबान काटकर उसकी जगह सोने की जीभ लगा दी जाती थी, ताकि वह परलोक में देवताओं से बात कर सके. मिस्र के काहिरा से करीब 120 मील दक्षिण में स्थित मिन्या प्रांत के इस ऐतिहासिक स्थल पर हुई खोज ने विशेषज्ञों को भी हैरान कर दिया है। यहां मिले अवशेष रोमन काल के बताए जा रहे हैं, जो लकड़ी के ताबूतों में बंद थे और उन पर ज्यामितीय आकृतियों वाले कीमती कपड़े लिपटे हुए थे।



**देवताओं से बात करने का सुनहरा रास्ता :** यूनिवर्सिटी ऑफ बार्सिलोना और इंस्टीट्यूट ऑफ द एंशिएंट नियर ईस्ट के शोधकर्ताओं के अनुसार, इन ममी के मुंह के अंदर तीन सोने की और एक तांबे की जुबान मिली है। प्राचीन मिस्र की मान्यताओं के अनुसार, मौत के बाद की दुनिया यानी आफ्टरलाइफ में सफर करना बेहद कठिन होता था। माना जाता था कि अगर किसी मृतक के मुंह में सोने की जीभ होगी, तो वह पाताल के देवता 'ओसिरिस ' से बात कर पाएगा। ओसिरिस को मृत्यु का देवता और पाताल का राजा माना जाता था। प्राचीन लोगों का विश्वास था कि सोने की जुबान होने से मृतक देवता को अपनी बेगुनाही का सबूत दे सकेगा और परलोक में शांति से रह पाएगा।

## चिंता

## अल नीनो की आशंका ने डराया मचा सकता है 1876 से ज्यादा तबाही

### जब खत्म हो गई थी दुनिया की 4% आबादी

**वॉशिंगटन।** दुनिया पर आने वाले कुछ महीनों में ऐसी प्राकृतिक आपदा का संकट गहरा रहा है, जो भारी तबाही की वजह बन सकता है। वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि अगले साल, 2027 में शक्तिशाली अल नीनो बड़े पैमाने पर नुकसान कर सकता है। अनुमानों से पता चलता है कि यह 1877-78 के विनाशकारी अल नीनो से ज्यादा बर्बादी ला सकता है। यह दुनिया के बड़े हिस्से में सूखे और अकाल जैसी स्थिति की वजह बन सकता है। इससे भारत भी काफी हद तक प्रभावित हो सकता है।

करीब 150 साल पहले 1877-78 में आए अल नीनो ने दुनिया के बड़े हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ी थी। लंबे समय तक सूखा रहा था और फसलों की बर्बादी से अकाल पड़ा था। उस समय इतने बड़ी तादाद में मौतों हुई थीं कि दुनिया की कुल आबादी का फीसदी खत्म हो गया था।



### अल नीनो क्या है?

अल नीनो, अल नीनो-दक्षिणी दोलन चक्र का एक हिस्सा है। यह तब होता है, जब मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर असामान्य रूप से गर्म हो जाता है। यह गर्मी वायुमंडलीय परिसंचरण के पैटर्न को बदल देती है। इससे मानसून प्रणालियां कमजोर हो जाती हैं और गर्मी का प्रकोप बहुत तेजी से बढ़ जाती है। गर्मी के बढ़ने से महाद्वीपों में वर्षा का वितरण बदल जाता है। अल नीनो की शुरुआत प्रशांत महासागर में होती है, लेकिन इसके प्रभाव पूरी दुनिया में होते हैं। इससे भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिणी और मध्य अफ्रीका, और अमेजन बेसिन में भीषण गर्मी और जंगल की आग का सामना करना पड़ेगा। दूसरी ओर अमेरिका के कुछ हिस्सों- विशेष रूप से दक्षिणी भाग में भारी वर्षा और बाढ़ आ सकती है। उत्तरी अमेरिका में ज्यादा गर्मी देखने को मिल सकती है। समुद्र की सतह के तापमान में तेज वृद्धि हो रही है। यह अल नीनो के बनने का संकेत है, जो 2027 तक वैश्विक तापमान को नए रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचा सकती है।

### भारत पर क्या होगा असर?

अल नीनो का भारत पर सीधा असर होगा। भारत की कृषि और जल संसाधन मानसून पर निर्भर करती है। अल नीनो इस पर सीधा असर डालेगा। इससे उत्तरी, मध्य और पूर्वी भारत में भयंकर और लंबे समय तक लू चल सकती है। साथ ही मॉनसून के मौसम में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। इस घटना से फसलों की पैदावार कम हो जाएगी और और खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ जाएंगे। जलवायु परिवर्तन के चलते भारत में पहले ही तापमान बढ़ रहा है। अल नीनो की वजह से गर्मी और ज्यादा बढ़ जाएगी। इससे मौसम की स्थिति ऐसी हो जाएगी कि अकाल जैसी सूरत बन सकती है।

### मौसम में क्या बदलाव हो रहा है?

प्रशांत महासागर का अध्ययन करने वाले शोधकर्ताओं का कहना है कि हाल के मॉडल रन समुद्र की सतह के तापमान में तेजी से वृद्धि दिखा रहे हैं। यह अल नीनो के बनने का सबसे खास संकेत है। इस तीव्रता ने वैज्ञानिकों को चिंतित किया है क्योंकि मौजूदा रुझान जारी रहते हैं तो एक 'मेगा' या 'सुपर' अल नीनो बन सकता है। अल नीनो का बनना, खासतौर से मेगा या सुपर अल नीनो वैश्विक मौसम प्रणालियों को बहुत ज्यादा बाधित करेगा। ऐसी घटना चल रहे जलवायु परिवर्तन के साथ मिलकर 2027 तक वैश्विक तापमान को नए रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचा सकती है। तापमान बहुत ज्यादा बढ़ जाने से सूखा पड़ेगा और दुनियाभर में खाद्यान्न का संकट गहरा जाएगा।

## समंदर में बसती है एक पूरी दुनिया, जानिए पानी में रहने वाले इंसानों की कहानी



**जकार्ता।** क्या आपने कभी ऐसी जिंदगी की कल्पना की है, जहां जमीन सिर्फ एक दूर की चीज हो और असली घर लहरों के बीच बसता हो? जहां न कोई पक्का पता हो, न सीमाओं का बंधन और न ही किसी एक देश से जुड़ी पहचान। यह कहानी है बजाऊ समुदाय की उन लोगों की, जिनकी दुनिया समंदर से शुरू होकर उसी में खत्म हो जाती है। इन्हें आज भी धरती के आखिरी असली समुद्री खानाबदोशों में गिना जाता है। इनकी जिंदगी का हर पल पानी के साथ जुड़ा होता है। जन्म से लेकर बड़े होने तक, हर अनुभव लहरों के बीच ही बुना जाता है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें कुछ लोग बिना किसी आधुनिक उपकरण या ऑक्सीजन सिलेंडर के गहरे समुद्र में बेहद सहजता से गोता लगाते दिखाई दे रहे हैं। यह नजारा हैरान करने वाला है।

### नावों को ही बना लेते हैं स्थायी घर

ये लोग इंडोनेशिया और मलेशिया के बीच फैले समुद्री क्षेत्रों में रहने वाले बजाऊ समुदाय के सदस्य हैं। इनके घर जमीन पर नहीं, बल्कि पानी के ऊपर खंभों पर टिके लकड़ी के ढांचों में बने होते हैं, या फिर कई परिवार नावों को ही अपना स्थायी घर बना लेते हैं। लहरों के साथ बहती यही दुनिया इनके लिए पूरी जिंदगी है। इस समुदाय की सबसे अलग बात यह है कि इनका किसी एक देश से स्थायी रिश्ता नहीं होता। पीढ़ियों से ये लोग समुद्र में ही रहते आ रहे हैं।

## वो देश, जहां मोटी लड़कियों को कहते हैं हॉट, दुबली लड़कियां होती हैं बदसूरत

**नौआकचोट।** दुनिया भर में खूबसूरती के मानक अलग-अलग हैं। जहां ज्यादातर देशों में पतली कमर और दुबला-पतला शरीर को आकर्षक माना जाता है, वहीं अफ्रीका के मॉरिटानिया में ठीक उल्टा है। यहां जितनी ज्यादा चर्बी, उतनी ज्यादा खूबसूरती। इस देश में मोटी लड़कियों को 'हॉट' और आकर्षक कहा जाता है, जबकि दुबली-पतली लड़कियों को बदसूरत समझा जाता है।

**ठूंसकर खिलाते हैं खाना :** मॉरिटानिया देश में इस प्रथा का नाम है 'लेब्लौह' या 'गेवाज। लेब्लौह प्रथा मुख्य रूप से मॉरिटानिया के ग्रामीण इलाकों में प्रचलित है। यहां पांच से उन्नीस साल की लड़कियों को खास 'मोटा बनाने वाले फार्म' या घर पर ही जबरन खाना खिलाया जाता है। कैमल मिल्क, कूसकूस, पीनट ऑयल, मक्खन और शुद्ध जानवरों की चर्बी से बने भोजन से एक दिन में 10,000 से 16,000 कैलोरी तक खिलाई जाती है।



### क्यों की जाती है यह प्रथा?

मॉरिटानिया की पारंपरिक मूर समाज में मोटापन धन, समृद्धि और सामाजिक स्थिति का प्रतीक माना जाता है। माना जाता है कि अगर पत्नी मोटी है तो इसका मतलब है कि पति उसे अच्छा खिला-पिला सकता है। पतली महिला को गरीबी या पति की असमर्थता का संकेत समझा जाता है। इसलिए, लड़कियों को कम उम्र में ही मोटा बनाकर शादी के योग्य बनाया जाता है। स्थानीय कहावत भी यही कहती है कि 'पत्नी अपने पति के दिल में उतनी जगह घेरती है, जितनी जगह वह उसके बिस्तर पर घेरती है।' इस प्रथा की वजह से कई लड़कियों की जल्दी शादी कर दी जाती हैं, क्योंकि मोटा शरीर उन्हें उम्र से ज्यादा परिपक्व दिखाता है।

## सिंगल लोगों में सबसे ज्यादा कैंसर का रिस्क

**वॉशिंगटन।** अगर आप सिंगल हैं या आप आजीवन शादी नहीं करना चाहते हैं, तो ये खबर आपको बड़ा झटका दे सकती है। हाल ही में सामने आई एक स्टडी में पाया गया कि जो एडल्ट सिंगल हैं या जिन्होंने कभी शादी नहीं की उनमें शादीशुदा या विवाहित रह चुके लोगों के मुकाबले कैंसर होने की संभावना काफी ज्यादा होती है। इसको लेकर अमेरिका की 'मियामी यूनिवर्सिटी' की ओर से रिसर्च की गई. यह रिसर्च 'कैंसर रिसर्च कम्युनिकेशंस' नाम की एक मैगजीन में पब्लिश हुई है।

**सिंगल लोगों में कैंसर का ज्यादा खतरा :** शोधकर्ताओं ने साल 2015- 2022 के बीच अमेरिका के 12 राज्यों में दर्ज किए गए 4 मिलियन से ज्यादा कैंसर के मामलों का विश्लेषण किया. उन्होंने पाया कि अविवाहित पुरुषों में कैंसर की घटना विवाहित या पहले विवाहित रह चुके लोगों के मुकाबले 68 प्रतिशत ज्यादा थी। वहीं, अविवाहित महिलाओं में इसकी दर 85 प्रतिशत ज्यादा थी। हालांकि, वैज्ञानिकों का यह भी मानना है कि केवल मैरिड लाइफ कैंसर से आपकी बचाव नहीं करती है, बल्कि आपकी लाइफस्टाइल और सोशल फैक्टर्स इसपर ज्यादा भूमिका निभाते हैं।



**ध्यान देना बेहद जरूरी :** रिसर्च के मुताबिक अविवाहित पुरुषों में गुदा कैंसर होने की दर विवाहित या पहले विवाहित पुरुषों के मुकाबले 5 गुना ज्यादा थी। वहीं, अविवाहित महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर होने की संभावना तकरीबन 3 गुना ज्यादा था। वहीं, ब्रेस्ट और प्रोस्टेट कैंसर के अंतर में भी काफी कमी थी।

### कैंसर का जोखिम

रिसर्च के लेखकों में से एक क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट फ्रैंक पेनेडो ने कहा,' इसका मतलब यह है कि अगर आप अविवाहित हैं, तो आपको कैंसर के रिस्क फैक्टर्स पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए, जरूरी जांच करवानी चाहिए और स्वास्थ्य देखभाल के बारे में नई जानकारी रखनी चाहिए।' स्मोकिंग, लंबे समय से चल रहा तनाव और प्रजनन इतिहास जैसे कैंसर के कुछ रिस्क फैक्टर्स मैरिड लाइफ से जुड़े हुए हैं। यह भी संभव है कि हेल्दी लोग स्वाभाविक रूप से शादी करने की ज्यादा संभावना रखते हों। बता दें कि रिसर्च के लिए इस शोध में साथ रहने वाले अविवाहित जोड़ों को सिंगल वाली श्रेणी में ही रखा गया है।

## आस्था

### जहां समुद्र देव स्वयं करते जलाभिषेक

## समंदर के बीच बसा 5 हजार साल पुराना शिवालय

**नई दिल्ली।** देवों के देव महादेव की लीला न्यारी है। दुनिया भर में कई स्थानों पर उन्हें समर्पित मंदिर फैले हुए हैं। जो काफी अद्भुत भी हैं। ऐसा ही अद्भुत, अविश्वसनीय शिवालय गुजरात के द्वारका में स्थित है, जो समंदर के बीच बसा है और लगभग 5000 साल पुराना है। इस मंदिर की खास बात है कि स्वयंभू शिवलिंग का जलाभिषेक करने के लिए समुद्र खुद महादेव के दरबार में आते हैं। गुजरात के शहर द्वारका के पश्चिमी छोर पर अरब सागर में तीन तरफ से घिरा प्राचीन शिव मंदिर, जो आस्था और प्रकृति के अनोखे मिलन का प्रतीक है। यह है श्री भड़केश्वर महादेव मंदिर, जहां भगवान शिव का स्वयंभू शिवलिंग स्थापित है। माना जाता है कि यह शिवलिंग करीब 5,000 वर्ष पहले समुद्र से प्रकट हुआ था।



**सूर्यास्त के समय अविस्मरणीय दृश्य:** मंदिर एक छोटी पहाड़ी पर बना है, जो समुद्र में निकली हुई है। चारों तरफ लहरें टकराती रहती हैं, जिससे यह जगह और भी दिव्य लगती है। रास्ते में जाते समय दोनों तरफ समुद्र की लहरें और बायें ओर लाइटहाउस का नजारा मन को मोह लेता है। जब सूरज की सुनहरी किरणें मंदिर पर पड़ती हैं, तब नजारा देखने लायक होता है। सूर्यास्त के समय यहां का दृश्य अविस्मरणीय हो जाता है। सबसे रोचक बात यह है कि हर साल मानसून के दौरान जून-जुलाई के मौसम में समुद्र का ज्वार बढ़ता है और मंदिर उसी में समा जाता है। कुछ देर के लिए पूरा मंदिर समुद्र में डूब जाता है। ऐसा लगता है मानो समुद्र स्वयं भगवान शिव का पवित्र अभिषेक कर रहा हो। ज्वार कम होने पर पानी पीछे हट जाता है और मंदिर फिर से साफ-सुथरा और चमकता हुआ दिखाई देता है।

### आस्था, इतिहास और प्रकृति के अद्भुत संगम का प्रतीक

भड़केश्वर महादेव मंदिर आस्था, इतिहास और प्रकृति के अद्भुत संगम का प्रतीक है। यहां आने वाले भक्तों को शांति के साथ-साथ एक अनोखा प्राकृतिक चमत्कार भी देखने को मिलता है। हालांकि, ध्यान रखें कि ज्वार के समय रास्ता पानी से भर सकता है, इसलिए सूर्यास्त के आसपास जाना बेहतर रहता है। भड़केश्वर मंदिर से कुछ ही दूरी पर द्वारकाधीश मंदिर, गीता मंदिर और रुक्मिणी मंदिर जैसे अन्य धार्मिक स्थल भी हैं। मंदिर ट्रेन से पहुंचने के लिए सबसे पहले द्वारका रेलवे स्टेशन पर उतरें. स्टेशन से मंदिर लगभग 2 किलोमीटर दूर है। ऑटो, टैक्सी या बस से आसानी से पहुंचा जा सकता है।यहां से सबसे पास एयरपोर्ट जामनगर और पोरबंदर हैं। वहां से सड़क मार्ग या रेल से द्वारका पहुंचकर मंदिर जा सकते हैं।

### भड़केश्वर महादेव मंदिर

पारंपरिक कहानी है कि भगवान शिव ने स्वयं इस शिवलिंग के रूप में समुद्र में प्रकट होकर अपनी उपस्थिति दर्ज की थी। मंदिर का निर्माण प्रसिद्ध जगद्गुरु आदि शंकराचार्य ने गोमती नदी, गंगा और अरब सागर के संगम स्थल पर करवाया था। द्वारका के सबसे प्रतिष्ठित शिव मंदिरों में शामिल भड़केश्वर महादेव मंदिर न केवल आध्यात्मिक शांति देता है, बल्कि अपनी ऊंची जगह से समुद्र तट का खूबसूरत नजारा भी प्रस्तुत करता है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com